रोहतक
शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026
अश्विन मास कृष्ण पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 30, अंक : 239
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 36.9
न्यून. 20.2

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



खबर संक्षेप

हरियाणा के जीएसटी राजस्व में 14% की वृद्धि

चंडीगढ़। हरियाणा ने राज्य वस्तु एवं सेवा कर (एसजीएसटी) के संग्रह में मजबूत वृद्धि दर्ज करते हुए सितंबर 2026 तक नेट एसजीएसटी संग्रह की वृद्धि दर के मामले में देश में दूसरा स्थान हासिल किया है। प्रवक्ता ने बताया कि अप्रैल-सितंबर 2026 के दौरान राज्य का नेट एसजीएसटी संग्रह 29,108 करोड़ रुपये रहा, जबकि अप्रैल-सितंबर 2025 में यह 23,058 करोड़ रुपये था। वहीं, केंद्रीय स्तर पर जीएसटी संग्रह सितंबर में 15 प्रतिशत बढ़कर 2.03 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। *एजेंसी*

वनडे वर्ल्ड कप 2027

भारत-पाकिस्तान में 10 अक्टूबर को होगी भिड़ंत

नई दिल्ली। आईसीसी ने वनडे वर्ल्ड कप 2027 का शेड्यूल जारी कर दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला 10 अक्टूबर को खेल जाएगा। दोनों टीम ग्रुप-ए में हैं। टूर्नामेंट 2 अक्टूबर से 21 नवंबर तक खेला। मेजबानी साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया करेंगे। वर्ल्ड कप में पहली बार 14 टीमें हिस्सा लेंगी और 57 मैच खेले जाएंगे। मुकाबले 12 वेन्यू पर होंगे। ग्रुप-ए में भारत और पाकिस्तान को एक साथ रखा गया है। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और मेजबान जिम्बाब्वे की टीमें शामिल हैं। इनके साथ ही क्वालीफायर मुकाबलों के जरिए आने वाली एक टीम ग्रुप-ए को पूरा करेगी। *(खेल पेज भी देखें)*

स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी सोनीपत के कुलपति को हटाने का आदेश

नियमों के विपरीत नियुक्ति, तीन सप्ताह में देना होगा इस्तीफा

हाईकोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला

याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि यूनिवर्सिटी को मान्यता मिली है, वो कंडीशनल है कि वो यूजीसी एक्ट के नियमों का पालन करेगी। वीसी के लिए 10 साल का प्रोफेसर का अनुभव होना जरूरी है। अशोक कुमार कभी प्रोफेसर नहीं रहे हैं। उन्होंने पीएचडी नहीं की।

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा की स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी सोनीपत के कुलपति पद पर पूर्व आईपीएस अधिकारी अशोक कुमार की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए अहम आदेश जारी किया है। हाई कोर्ट के समक्ष संबंधित कुलपति की ओर से कहा गया कि वह व्यक्तिगत कारणों से पद पर बने रहने की स्थिति में नहीं हैं और तीन सप्ताह के भीतर इस्तीफा सौंप देंगे। इसके बाद जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ ने याचिका का निपटारा करते हुए राज्य सरकार को इस्तीफा स्वीकार करने और कुलपति पद पर अंतरिम व्यवस्था करने के निर्देश दिए। डॉ. डीएस मोर उर्फ देवेंद्र सिंह मोर और एक अन्य याचिकाकर्ता ने याचिका दायर की थी। इसमें संबंधित विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में प्रतिवादी नंबर तीन की नियुक्ति को गैरकानूनी और शुरू से ही अमान्य घोषित करने की मांग की गई थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि नियुक्ति विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के 2018 के नियमों के विपरीत की गई है। इसके अलावा कुलपति के वेतन निर्धारण से जुड़े 15 जुलाई 2024 के पत्र को भी चुनौती दी गई थी।

■ अगली नियुक्ति यूजीसी नियमों के अनुरूप करने के निर्देश ■ 31 अक्टूबर तक पूरी करनी होगी प्रक्रिया

वरिष्ठ डीन संभालेंगे जिम्मेदारी

हाई कोर्ट ने कहा कि कुलपति अपना इस्तीफा तीन सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करेंगे और राज्य सरकार इस्तीफा मिलने के एक सप्ताह के भीतर उसे स्वीकार करेगी। इस बीच विश्वविद्यालय के कानून में निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। अदालत ने विशेष रूप से विश्वविद्यालय के नियमों के नियम-दो में दी गई व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि कुलपति का पद इस्तीफे के कारण रिक्त होने की स्थिति में वरिष्ठ डीन को अंतरिम तौर पर कुलपति के कर्तव्यों का निर्वहन कराया जाए। यह व्यवस्था नए कुलपति की नियुक्ति होने तक जारी रहेगी।



नई नियुक्ति में यूजीसी के 2018 नियमों का सख्ती से पालन

हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि विश्वविद्यालय के अगले कुलपति की नियुक्ति यूजीसी के 2018 के नियमों का पूरी तरह पालन करते हुए की जाए। अदालत ने इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के डॉ. एस. मोहन बनाम सेक्रेटरी टू द चांसलर, पुडुचेरी टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी एवं अन्य मामले में 2026 में दिए फैसले को भी ध्यान में रखने को कहा है।

एमिकस क्यूरी के सहयोग की भी पीठ ने सराहना की

हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस्तीफा स्वीकार करने, अंतरिम व्यवस्था करने और नए कुलपति की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करने समेत सभी आवश्यक कदम 31 अक्टूबर 2026 तक पूरे किए जाएं। मामले में अदालत की सहायता के लिए नियुक्त एमिकस क्यूरी के सहयोग की भी पीठ ने सराहना की। हाईकोर्ट ने समय पर सभी प्रक्रियाएं पूरी करने के भी आदेश दिए।

एशियन गेम्स 13वां दिन 05 पदक

क्रिकेट-हॉकी टीमें फाइनल में पहलवान नीतेश को सिल्वर

सोनीपत के सिवाच ने जापान के युरी को 4-0 से हराया

एजेंसी ▶▶| नागोया (जापान)

एशियन गेम्स 2026 के 13वें दिन भारत के लिए कई खेलों में शानदार नतीजे देखने को मिले। भारतीय खिलाड़ियों ने क्रिकेट, हॉकी, तीरंदाजी, गोल्फ और कुश्ती में दमदार प्रदर्शन किया। पुरुष क्रिकेट टीम ने सेमीफाइनल में श्रीलंका को 124 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां अब उसका सामना पाकिस्तान से होगा। वहीं, पुरुष हॉकी टीम ने भी पाकिस्तान को 4-3 से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। तीरंदाजी में गणेश मणि रत्नम थिरुमुरु ने कांस्य पदक जीता, जबकि ग्रीको रोमन कुश्ती में सोनीपत के नितेश सिवाच ने रजत पदक अपने नाम किया। स्क्वैश में भारत की महिला और पुरुष दोनों टीमों ने कांस्य पदक जीता। हालांकि, टेनिस में भारत की चुनौती समाप्त हो गई और गोल्फ में भी पदक की उम्मीदें बनी हुई हैं।



हॉकी में पाक को 4-3 से हराया

भारत ने बेहद रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को 4-3 से हराकर एशियन गेम्स मेंस हॉकी के फाइनल में जगह बना ली है। अभिषेक ने मैच के आखिरी मिनट में गोल कर भारत को जीत दिलाई। गोल्ड मेडल के लिए 3 अक्टूबर को भारत का सामना मलेशिया से होगा। मलेशिया ने दूसरे सेमीफाइनल में साउथ कोरिया को 2-1 से हराया है।



कुश्ती में नितेश को रजत, मानसी कांस्य से चूकीं

ग्रीको रोमन कुश्ती के पुरुष 97 किग्रा भार वर्ग में सोनीपत के जाखसी निवासी नितेश सिवाच ने रजत पदक जीता। फाइनल में उन्हें जापान के युरी नाकाजातो के खिलाफ 0-4 से हार मिली। इसके बावजूद नितेश भारत को रजत पदक दिलाने में सफल रहे। महिला कुश्ती में 62 किग्रा भार वर्ग के कांस्य पदक मुकाबले में मानसी को हार का सामना करना पड़ा। मंगोलिया की अल्तजिन तोगतोख ने उन्हें 5-2 से हराया। मानसी ने मुकाबले में 0-2 से पिछड़ने के बाद स्कोर 2-2 से बराबर किया था, लेकिन इसके बाद मंगोलियाई पहलवान ने वापसी करते हुए कांस्य पदक अपने नाम कर लिया।

क्रिकेट : फाइनल में पाक से मुकाबला

भारत ने श्रीलंका को 124 रन से हराकर एशियन गेम्स के फाइनल में जगह बना ली है। अब शनिवार को गोल्ड के लिए भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा।

सेलिंग में रजत मनु फ्रांसिस और प्रिंस कुरिसिंकाल नोबल ने पुरुषों की स्किफ सेलिंग स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। यह भारत की ओर से पहला पदक है।

तीरंदाजी में गणेश ने जीता कांस्य

कंपाउंड तीरंदाजी में गणेश मणि रत्नम थिरुमुरु ने पुरुष व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के किम जोंगहो से 144-148 से हारने के बाद गणेश ने कांस्य पदक के मुकाबले में वियतनाम के कोंग डुक डांग को 149-144 से हराया।

स्क्वैश में महिला व पुरुष टीम को कांस्य

स्क्वैश में भारत को दो कांस्य पदक मिले। भारतीय महिला टीम को सेमीफाइनल में हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ 1-2 से हार मिली। इसके बाद भारतीय पुरुष टीम भी फाइनल में जगह नहीं बना सकी। उसे सेमीफाइनल में मलयेशिया के खिलाफ 1-2 से हार मिली। इस तरह महिला और पुरुष दोनों टीमों ने कांस्य पदक के साथ अपना अभियान खत्म किया। *(खेल पेज भी देखें)*

फ्लाई दुबई मामला : आतंकी हमले के एंगल से होगी जांच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाई दुबई की फ्लाइट में बुधवार सुबह कॉकपिट के अंदर पायलटों के बीच झगड़ा हो गया। ओमानी पायलट ने भारतीय पायलट स्मित माच्छर पर चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद विमान तेजी से नीचे जाने लगा। इस दौरान यात्री यानिव हायून ने हमलावर को काबू करने और विमान को संभालने में मदद की। इस हिंसक घटना को संभावित आतंकी हमले के तौर पर देखा जा रहा है। जांच एजेंसियां इसी एंगल से भी जांच करेंगी। वहीं भारतीय पायलट स्मित माच्छर के साहस की दुनिया भर में तारीफ हो रही है।

बहादुरी की जमकर तारीफ



अब ठीक हैं कैप्टन

भारतीय नागरिक कैप्टन स्मित माच्छर को लेकर सरकार ने गुरुवार को कहा कि वे अब स्वस्थ हैं, उनका इलाज जारी है। पिछले चार साल से फ्लाईदुबई के साथ काम कर रहे थे, जो अमीराती सरकार की एक कम लागत वाली एयरलाइन है। इससे पहले उन्होंने 10 साल तक स्पाइसजेट के लिए काम किया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि इसके पीछे ईरान का हाथ हो सकता है। हम काम कर रहे हैं।

पीएम मोदी ने की पायलट की तारीफ

दुबई से इजराइल जा रही फ्लाईदुबई की फ्लाइट को क्रैश होने से बचाने वाले भारतीय कैप्टन स्मित माच्छर की बहादुरी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तारीफ की है। मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर कैप्टन माछर को 'हीरो' बताया और कहा कि बेहद खतरनाक हालात में गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने दूसरों की जान बचाने के लिए जबरदस्त हिम्मत और अटूट संकल्प दिखाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी बहादुरी से सैकड़ों लोगों की जान बची और एक बड़ी त्रासदी टल गई। उन्होंने कहा कि भारत को कैप्टन माच्छर पर गर्व है और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की।



महाराष्ट्र में बड़ा हादसा

रायगढ़ में पिकनिक पर गए 8 छात्र डूबे

रायगढ़ (एजेंसी)। महाराष्ट्र के रायगढ़ में दिवेआगर बीच पर गुरुवार को 8 छात्रों की डूबने से मौत हो गई। सभी छात्रों के शव बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, 48 लोगों का एक ग्रुप पिकनिक के लिए पुणे से आया था। इनमें से 8 छात्र समंदर के पानी में उतरे, गहराई का अंदाजा न होने के कारण डूब गए। मरने वाले सभी छात्र लड़के हैं। दिवेआगर बीच महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के श्रीवर्धन तालुका में अरब सागर के किनारे स्थित है। यह पुणे से करीब 157–160 किमी दूर है। बीच अपनी लंबे रेतीले बीच, नारियल-सुपारी के पेड़ों और शांत माहौल के लिए जाना जाता है। दिवेआगर की पहचान सुवर्ण गणेश मंदिर से भी जुड़ी है। 1997 में यहां सोने की गणेश प्रतिमा मिलने से यह जगह प्रसिद्ध हुई। महाराष्ट्र पर्यटन के अनुसार अक्टूबर से मार्च घूमने के लिए अच्छा समय होता है।

48 लोगों का ग्रुप आया था

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पुणे के आलंदी इलाके से 48 लोगों का एक ग्रुप दिवेआगर घूमने आए थे। पुलिस ने बताया कि 11वीं और 12वीं के छात्र 'विनर्स एकेडमी' के थे। वे मुंबई से लगभग 170 किमी दूर रायगढ़ के दिवेआगर बीच आए थे। ग्रुप में 25 लड़के, 17 लड़कियां और 6 टीचर शामिल थे। कुछ छात्र समुद्र में चले गए और पानी की गहराई और बहाव का अंदाजा न लगा पाने के कारण डूब गए। सूचना मिलने के बाद रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंची और शवों को बरामद किया।

8वें हफ्ते भी फिसला बाजार मंदी के करीब निफ्टी-सेंसेक्स

मुंबई (एजेंसी)। शेयर बाजार लगातार 8वें हफ्ते लाल निशान में बंद हुआ है। एक अक्टूबर को हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स 570 अंक या 0.79% नीचे 71,910 पर बंद हुआ। निफ्टी में 198 अंक या 0.88% की गिरावट रही, ये 22,422 पर आ गया है। ऑटो और मीडिया शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली है। ये लगातार 8वां हफ्ता है जब बाजार लाल निशान में बंद हुआ है। ये पिछले 25 सालों में गिरावट का सबसे लंबा दौर है। *(पेज 4 भी देखें)*



570 अंक नीचे बंद हुआ, 25 साल पहले लगातार 9 हफ्ते गिरा था

एसआईआर में गड़बड़ी के चलते धरने पर बैठे कर्नाटक सीएम

कहा- भाजपा ने साजिश की, एफआईआर दर्ज हो

बेंगलुरु। कर्नाटक के सीएम डीके शिवकुमार गुरुवार को राज्य चुनाव आयोग के दफ्तर के बाहर धरने पर बैठ गए। उन्होंने एसआईआर में गड़बड़ियों का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि फॉर्म 7 के दुरुपयोग में शामिल लोगों के खिलाफ जब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं होगी, तब तक वे वहां से नहीं हटेंगे। उनका कहना है कि एसआईआर में गड़बड़ियों के खिलाफ एसआईआर दर्ज की जाए। इससे पहले उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा था कि 45 लाख से ज्यादा वोटरों के नामों में गड़बड़ियां सामने आई हैं। इसमें भाजपा के लोग शामिल हैं। राज्य सरकारें या उनकी पुलिस चुनाव आयुक्तों पर उनके सरकारी काम को लेकर सीधे केस दर्ज नहीं कर सकती हैं।

■ राज्य में एक करोड़ से ज्यादा वोट कटे 45 लाख से ज्यादा वोटरों के नामों में गड़बड़ी सामने आई



खुद ग्राहक बुलाते, कम वजन के बदले भारी जेवर थमाते, शोरूम से सवा किलो सोना उड़ाया

फतेहाबाद (हरिभूमि न्यूज)। शहर के विशाल ज्वैलर्स शोरूम में काम करने वाले तीन कारिंदों ने कथित तौर पर शातिराना तरीके से सवा किलो सोना और करीब 5 किलो चांदी हड़प ली। पुलिस ने शोरूम संचालक साहिल पुत्र भीमसेन की शिकायत पर कर्मचारी नवीन, विनीत और योगेश के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच में चोरी किए गए जेवरों को सिरसा, फतेहाबाद और हिसार के ज्वैलर्स को बेचने तथा कुछ सोना मुथूट फाइनेंस में गिरवी रखकर गोल्ड लोन लेने की बात सामने आई है। प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपी अपने किसी जानकार को ग्राहक बनाकर भेजते और उसे शौरूम में आने पर कम वजन का जेवर पसंद करवाकर उसकी पूरी पेमेंट करवाते थे। इसके बाद पैकिंग के समय उसी डिजाइन का अधिक वजन वाला जेवर पैक कर ग्राहक को दे दिया जाता था। शोरूम में रोजाना जेवरों की गिनती होती थी, लेकिन वजन नहीं किया जाता था। आरोपियों ने इसी व्यवस्था का फायदा उठाया।

फतेहाबाद में तीन शातिर कारिंदे गिरफ्तार, पांच किलो चांदी भी हड़पी

ईडी का आरोप, यासीन मलिक समेत सात को पाक से फंडिंग

नई दिल्ली। नई दिल्ली की स्पेशल एनआईए कोर्ट ने यासीन मलिक समेत 7 आरोपियों के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त सबूत है, जिससे उन पर मजबूत संदेह होता है। ईडी का आरोप है कि आरोपियों ने पाक और अन्य आतंकी संगठनों से हवाला से 8.94 करोड़ लिए। इस रकम को आरोपियों तक पहुंचाई गई। मलिक के अलावा आरोपियों में जहूर अहमद शाह वटाली, अब्दुल राशिद शेख, शबीर अहमद शाह, नवल किशोर कपूर, ट्रिसन फार्म्स एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड और मसरत आलम भट शामिल हैं।



एनआईए कोर्ट बोली- सभी पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप तय हों

कोर्ट ने मौत की सजा टाली

अमेरिका में जहर के 2 इंजेक्शन देने के बाद भी जिंदा बची महिला

धड़कन चलती रही, नींद में खर्राटे लेती रही

टेनेसी। अमेरिका में मौत की सजा पाने वाली एक महिला कैदी को बुधवार को मौत के 2 इंजेक्शन दिए गए, लेकिन इसके बाद भी उसकी जान नहीं गई। उसकी धड़कन चलती रही और वह नींद में खर्राटे ले रही थी। मामला अमेरिका के टेनेसी राज्य का है। क्रिस्टा गेल पाइक नाम की महिला 1995 में हत्या के मामले में दोषी करार की गई थी। उसे एक साल बाद मौत की सजा सुनाई गई थी। हालांकि अब उसकी सजा टाल दी गई है।



क्रिस्टा गेल नाम की महिला हत्या के मामले में दोषी करार

- **रात 7:27 बजे:** पाइक स्ट्रेचर पर बंधी हुई थी और होश में थी। उन्हें पहला इंजेक्शन दिया गया
- **रात 8:26 बजे:** पाइक को पेंटोबार्बिटल का दूसरा इंजेक्शन दिया गया। इस दौरान वह नींद में थी।
- **रात 8:53 बजे:** पाइक का माइक्रोफोन बंद कर दिया गया, गवाहों को बाहर जाने के लिए कहा गया।
- **देर रात:** पाइक के वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट में इमरजेंसी याचिका दायर कर प्रक्रिया तुरंत रोकने की मांग की।

शरीर में जहर जाने के बाद जान बचने का पहला मामला

इससे पहले अमेरिका में अब तक सिर्फ 7 ऐसे मामले आए थे जिनमें मौत का इंजेक्शन देने के बाद भी दोषी की जान बच गई थी। इन लोगों को नस में घातक इंजेक्शन देने में दिक्कत हुई। मेडिकल टीम की इस गड़बड़ी के कारण उनकी मौत नहीं हो सकी। इस बार मामला अलग था। जहर शरीर में पहुंचने के बाद किसी व्यक्ति के जिंदा रहने का यह पहला मामला है। राज्य के नियमों के मुताबिक, पहले इंजेक्शन के बाद अगर कैदी की मौत नहीं होती तो दूसरा इंजेक्शन दिया जाता है। लेकिन दूसरे इंजेक्शन के बाद भी व्यक्ति जिंदा रहे तो क्या करना है, इसके बारे में नियमों में साफ जानकारी नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट बोला- आप जज हैं, इसलिए प्राथमिकता नहीं दे सकते

हमारे लिए बस कंडक्टर-प्रिंसिपल सेक्रेटरी दोनों बराबर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कोर्ट ने पूर्व जिला जज की जल्द सुनवाई की मांग खारिज की। कहा कि संविधान हर व्यक्ति को समान रूप से न्याय तक पहुंच का अधिकार देता है। बेंच ने उन्हें हाईकोर्ट में ही जल्दी सुनवाई की मांग रखने की छूट दी।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इलाहाबाद के पूर्व जिला जज की जल्द सुनवाई की मांग खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि पद के आधार पर किसी को प्राथमिकता नहीं मिल सकती। संविधान हर व्यक्ति को समान रूप से न्याय तक पहुंच का अधिकार देता है। याचिका पूर्व जज राकेश कुमार नैन ने लगाई थी। जिसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट में पेंडिंग रिट याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की गई थी। जस्टिस नैन को सेवा से बर्खास्त कर दियाग गया है। हालांकि सुनवाई के दौरान जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने उन्हें हाईकोर्ट में ही जल्दी सुनवाई की मांग रखने की छूट दी।

भ्रष्टाचार के आरोप में सेवा से बर्खास्त कर दिया था



राकेश कुमार नैन अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम से जुड़े मामलों की सुनवाई करने वाले स्पेशल जज थे। इलाहाबाद हाईकोर्ट की फुल कोर्ट ने उन्हें न्यायिक कदाचार और भ्रष्टाचार के आरोपों में दोषी पाया था। इसके बाद नैन को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। उन्होंने बर्खास्तगी के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की। यह याचिका अब भी पेंडिंग है। सुनवाई में देरी से परेशान होकर नैन ने सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दायर की। बेंच ने उनकी याचिका पर सुनवाई करने से इनकार किया।

बेंच की 3 टिप्पणियां

- अगर देरी के बेहद गंभीर आरोप नहीं हैं, तो सिर्फ पूर्व न्यायिक अधिकारी होने के कारण याचिकाकर्ता के प्रति 'गलत सहानुभूति' नहीं दिखाई जा सकती।
- मौजूदा बेंच 'अवसरवादी दखल' रोकने की पूरी कोशिश करेगी। यह दलील संविधान के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है।
- हर नागरिक को उसके पद या स्थिति की परवाह किए बिना न्याय तक पहुंच का अधिकार है। संवैधानिक समानता के इस क्षेत्र में कोर्ट व्यक्तिगत आधार पर किसी के लिए अलग हस्तक्षेप नहीं करेगा।

नए नेतृत्व के साथ और मजबूत होगा भाजपा संगठन : कैप्टन अभिमन्यु

■ पंजाब में बदलाव की बयार भाजपा की सरकार बनेगी

■ पूर्व वित्तमंत्री ने पूनिया, नागर और फणीन्द्रनाथ शर्मा के कार्यकाल को सराहा, नए नेतृत्व का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंडीगढ़



वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का संगठन है और कार्यकर्ताओं के दायित्वों में बदलाव एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। हरियाणा भाजपा के पूर्व प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया, सह प्रभारी सुरेंद्र नागर और प्रदेश संगठन महामंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने अपने कार्यकाल में कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन और प्रोत्साहन किया। उनके नेतृत्व में संगठन को मजबूती मिली और प्रदेश में भाजपा की लगातार तीसरी बार सरकार बनी। अब तीनों नेताओं को अलग-अलग राज्यों में नई जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने कहा कि डॉ. सतीश पूनिया को पंजाब का प्रभारी बनाया गया है। वहां उनके अनुभव का लाभ भाजपा को मिलेगा। फणीन्द्रनाथ शर्मा को उत्तराखंड की जिम्मेदारी मिली है। वहीं हरियाणा में प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी, सह प्रभारी डॉ. भोला सिंह और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा को जिम्मेदारी मिली है। इन अनुभवी नेताओं के नेतृत्व में हरियाणा भाजपा को नई ऊर्जा मिलेगी और संगठन और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि पवन राणा दिल्ली की जिम्मेदारी के साथ हरियाणा में भी संगठन की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

वोट चोरी के आरोपों पर कांग्रेस को घेरा

कांग्रेस की ओर से वोट चोरी के आरोप लगाए जाने पर कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा में राज्यसभा चुनाव के दौरान क्या हुआ, यह पूरा प्रदेश जानता है। कांग्रेस के भीतर ही आपसी खींचतान और एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपनी आंतरिक स्थिति पर ध्यान देना चाहिए।

खरीद व्यवस्था को लेकर विपक्ष पर निशाना

मंडियों में फसल खरीद को लेकर विपक्ष के आरोपों पर कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि पूर्व की सरकारों के समय मंडियों में अव्यवस्था को लेकर किसानों के खराब अनुभव रहे हैं। भाजपा सरकार ने मंडियों की व्यवस्था में सुधार किया है और डिजिटल व्यवस्था लागू की है, जिसे किसान और आढ़ती अपना रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि मंडियों में आने वाली फसल की खरीद ठीक तरीके से हो रही है और किसान तथा आढ़ती दोनों संतुष्ट हैं। किसानों को फसल का भुगतान सीधे उनके खातों में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार मंडियों की व्यवस्था को लगातार बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने हकृवि में दो दिवसीय कृषि मेले का शुभारंभ किया

दीनदयाल उपाध्याय जैविक खेती उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन

कम पानी और संसाधनों में अधिक उत्पादन वाली कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने पर जोर : सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (हकृवि) में करीब 9.94 करोड़ रुपये की लागत से तैयार दीनदयाल उपाध्याय जैविक खेती उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बदलती जलवायु परिस्थितियों और प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ते दबाव को देखते हुए कम पानी और कम संसाधनों में अधिक उत्पादन देने वाली कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। सतत कपास उत्पादन, फसल विविधीकरण और जल संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित कृषि व्यवस्था का आधार हैं। मुख्यमंत्री हकृवि में आयोजित दो दिवसीय कृषि मेला (रबी) का शुभारंभ करने के बाद किसानों, कृषि वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विभिन्न स्टालों पर प्रदर्शित उन्नत बीज, कृषि यंत्र, आधुनिक तकनीक और अन्य कृषि उत्पादों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कृषि मेला किसानों और वैज्ञानिकों के बीच ज्ञान एवं तकनीक के आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण मंच है। किसानों को यहां उन्नत रबी बीज, आधुनिक कृषि तकनीक, मशीनरी, फसल प्रबंधन और कृषि क्षेत्र में हो रहे नवीनतम शोध की जानकारी एक ही स्थान पर मिलती है।

प्रदेशभर से आए 45 प्रगतिशील किसान सम्मानित

मुख्यमंत्री ने कृषि मेले में प्रदेशभर से आए 45 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया। इनमें प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, फसल अवशेष प्रबंधन, मशरूम उत्पादन, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी फार्मिंग, मधुमक्खी पालन और केंचुआ खाद के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 30 पुरुष और 15 महिला किसान शामिल रहे। मुख्यमंत्री ने सभी को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए।

श्रीमद् भागवत कथा जीवन को सही मार्ग दिखाने की पवित्र यात्रा



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा आत्मा को जागृत करने, जीवन को सही मार्ग दिखाने और समाज में सद्भाव और धर्म की स्थापना का माध्यम है। श्रीमद् भागवत महापुराण को भारतीय संस्कृति का हृदय कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं के माध्यम से इसमें जीवन के गूढ़ सत्य, कर्म, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत किया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरवार को पंजाब के पंजोला (पटियाला) में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कथा वाचक सीतापाल शास्त्री, संत-महात्मागण और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा आत्मा के परम कल्याण की पवित्र यात्रा है।

भाजपा में दायित्व बदलते हैं, संगठन का संकल्प और मिशन नहीं : नायब सैनी



पंचकूला। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भाजपा में दायित्व बदलते हैं, लेकिन संगठन का संकल्प, विचारधारा और राष्ट्र सेवा का मिशन निरंतर चलता रहता है। भाजपा में व्यक्ति से बड़ा दल और दल से बड़ा देश है। मजबूत संगठन, अनुशासित कार्यकर्ता और बूथ तक खड़ा संगठनात्मक ढांचा भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में आयोजित अभिनंदन एवं धन्यवाद समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने हरियाणा प्रभारी रहे वर्तमान राष्ट्रीय महामंत्री एवं पंजाब व जम्मू-कश्मीर प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया, सहप्रभारी एवं राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर तथा निवर्तमान प्रदेश महामंत्री संगठन फणीन्द्रनाथ शर्मा के संगठनात्मक योगदान की सराहना की। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री संगठन पवन राणा का स्वागत किया गया।

रजिस्ट्री संख्या डी. एल.–33004/99 Regd. No.: DL-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.–डी.एल.–अ.–25092026–276504
CG-DL-E-25092026-276504
असाधारण
EXTRAORDINARY,
भाग-II, खण्ड 3-उप खण्ड (ii)
PART II, Section 3 - Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4977] नई दिल्ली, सोमवार, सितम्बर 21, 2026/भाद्र 30, 1948
No.4977] NEW DELHI, MONDAY, SEPTEMBER 21, 2026/BHADRA 30, 1948

रेल मंत्रालय
[उत्तर रेलवे (निर्माण संगठन)] अधिसूचना
नई दिल्ली, 21 सितम्बर, 2026

का.आ. 5183(अ).– केन्द्रीय सरकार, रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 20क की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात कि लोक प्रयोजन के लिए, ऐसी भूमि का, जिसका संक्षिप्त विवरण इससे उपाबद्ध अनुसूची में दिया गया है, हरियाणा राज्य के करनाल जिले में विशेष रेल परियोजना, अर्थात, **"दिल्ली–पानीपत–अंबाला (198 कि0मी0) के बीच तीसरी एवं चौथी लाइन परियोजना"** के निष्पादन, अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के प्रयोजन के लिए अपेक्षित है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के लिए अपने आशय की घोषणा करती है;

उक्त भूमि में हितबद्ध कोई भी व्यक्ति, इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिन की अवधि के भीतर, उक्त अधिनियम की धारा 20ध की उपधारा (1) के अधीन उपरोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के अर्जन और उपयोग के संबंध में आक्षेप कर सकेगा;

प्रत्येक ऐसा आक्षेप सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् जिला राजस्व अधिकारी, करनाल को लिखित में किया जाएगा और उसमें उसके आधार उपवर्णित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आक्षेपकर्ता को या तो व्यक्तिगत रूप से या विधिव्यवसायी के माध्यम से सुनवाई का अवसर प्रदान करेगा और सभी ऐसे आक्षेपों की सुनवाई करने, तथा ऐसी और जांच, यदि कोई हो, करने के पश्चात, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा, या तो आक्षेपों को अनुज्ञात या अननुज्ञात कर सकेगा;

उक्त अधिनियम की धारा 20घ की उप–धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई आदेश अंतिम होगा;

इस अधिसूचना के अधीन आनेवाली भूमि का रेखांकन और अन्य ब्योरे उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्ति द्वारा सक्षम प्राधिकारी के उपयुक्त कार्यालय में निरीक्षण किया जा सकता है।

अनुसूची

हरियाणा राज्य के जिला करनाल में विशेष रेल परियोजना, अर्थात, **"दिल्ली–पानीपत–अंबाला (198 कि0मी0) के बीच तीसरी एवं चौथी लाइन परियोजना"** का निर्माण करने के लिए अधिग्रहण की जाने वाली भूमि का अवसंरचना सहित या उसके रहित संक्षिप्त विवरण।

क्र0 सं0	तहसील	ग्राम	खसरा संख्या	अर्जन हेतु रकबा (हे0 में)
1	करनाल	डिपो	328	0.5451
2			326	0.0136
3			325	0.3527
4			323	0.0855
5			320	0.0175
6			244	0.0684
7			245	0.0655
8			254	0.0115
9			243	0.0585
10			241	0.0923
11			240	0.0605
12			216	0.0624
13			215	0.0421
14			214	0.0333
15			213	0.1124
16			212/1	0.0301
17			212	0.0358
18			211	0.0644
19			203	0.0797
20			202	0.0902
21			193	0.0042
22			71	0.1839
23			70	0.1901
24			68	0.1481
25			66	0.0519
26			64	0.0971
27			63	0.0438
28			61	0.0049
29			58	0.0179
30			57	0.0200
31			ROAD_1	0.0009
32			48	0.0011
33			15	0.0019
34			13	0.0027
35			12	0.0113
36			11	0.0120
37			10	0.0245
38			ROAD_2	0.3688
	कुल			3.1066

3413-2026 [फा. सं. 190-W/Land/TKJ/DLI-UMB]
शैलेश कुमार मिश्रा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण

रजिस्ट्री संख्या डी. एल.–33004/99 Regd. No.: DL-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.–डी.एल.–अ.–22092026–276401
CG-DL-E-22092026-276401
असाधारण
EXTRAORDINARY,
भाग-II, खण्ड 3-उप खण्ड (ii)
PART II, Section 3 - Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4998] नई दिल्ली, मंगलवार, सितम्बर 22, 2026/भाद्र 31, 1948
No.4998] NEW DELHI, TUESDAY, SEPTEMBER 22, 2026/BHADRA 31, 1948

रेल मंत्रालय
[उत्तर रेलवे (निर्माण संगठन)] अधिसूचना
नई दिल्ली, 22 सितम्बर, 2026

का.आ. 5204(अ).– केन्द्रीय सरकार, रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 20क की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात कि लोक प्रयोजन के लिए, ऐसी भूमि का, जिसका संक्षिप्त विवरण इससे उपाबद्ध अनुसूची में दिया गया है, हरियाणा राज्य के अंबाला जिले में विशेष रेल परियोजना, अर्थात, **"दिल्ली–पानीपत–अंबाला (198 कि0मी0) के बीच तीसरी एवं चौथी लाइन परियोजना"** के निष्पादन, अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के प्रयोजन के लिए अपेक्षित है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के लिए अपने आशय की घोषणा करती है;

उक्त भूमि में हितबद्ध कोई भी व्यक्ति, इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिन की अवधि के भीतर, उक्त अधिनियम की धारा 20ध की उपधारा (1) के अधीन उपरोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के अर्जन और उपयोग के संबंध में आक्षेप कर सकेगा;

प्रत्येक ऐसा आक्षेप सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् जिला राजस्व अधिकारी, अंबाला को लिखित में किया जाएगा और उसमें उसके आधार उपवर्णित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आक्षेपकर्ता को या तो व्यक्तिगत रूप से या विधिव्यवसायी के माध्यम से सुनवाई का अवसर प्रदान करेगा और सभी ऐसे आक्षेपों की सुनवाई करने, तथा ऐसी और जांच, यदि कोई हो, करने के पश्चात, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा, या तो आक्षेपों को अनुज्ञात या अननुज्ञात कर सकेगा;

उक्त अधिनियम की धारा 20घ उप–धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई आदेश अंतिम होगा;

इस अधिसूचना के अधीन आनेवाली भूमि का रेखांकन और अन्य ब्योरे उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्ति द्वारा सक्षम प्राधिकारी के उपयुक्त कार्यालय में निरीक्षण किया जा सकता है।

अनुसूची

हरियाणा राज्य के जिला अंबाला में विशेष रेल परियोजना, अर्थात, **"दिल्ली–पानीपत–अंबाला (198 कि0मी0) के बीच तीसरी एवं चौथी लाइन परियोजना"** का निर्माण करने के लिए अधिग्रहण की जाने वाली भूमि का अवसंरचना सहित या उसके रहित संक्षिप्त विवरण।

क्र0 सं0	तहसील	ग्राम	खसरा संख्या	अर्जन हेतु रकबा (हे0 में)
1	अंबाला छावनी	मोहरा	65//16	0.0014
2			65//25	0.0143
3			77//5	0.0234
4			77//6	0.0266
5			77//15	0.0300
6			77//17	0.0165
7			77//16	0.0097
8			77//24	0.0274
9			85//4	0.0281
10			85//7	0.0071
	कुल			0.1846
1	अंबाला छावनी	शाहपुर	18//1	0.0686
2			18//10	0.1487
3			18//11/2/1	0.1019
4			18//11/2/2	0.0457
5			18//20/1/1	0.0192
6			18//20/1/2	0.0192
7			18//19/2	0.0633
8			18//19/1/1	0.0815
9			18//19/1/2	0.0815
10			18//22	0.0744
11			163	0.0229
12			28//2	0.0694
	कुल			0.7963
1	अंबाला छावनी	नन्हेडा	23//1	0.0042
2			20//21	0.0171
	कुल			0.0213

3412-2026 [फा. सं. 190-W/Land/TKJ/DLI-UMB]
शैलेश कुमार मिश्रा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण

Office of the Sub Divisional Officer (Civil), Gohana
कार्यालय उपमण्डल अधिकारी (ना.), गोहाना।
Office:- Mini Secretariat, Gohana, Haryana:- 131301, Email:- sdm.gohana@hry.nic.in

कार्यालय आदेश

वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार प्रशासकीय सुधार विभाग चण्डीगढ़ के पत्र क्र. 1/1/89-ए. आर. दिनांक 24.07.2002 तथा परिवहन आयुक्त हरियाणा चण्डीगढ़ के पत्र क्र.5509-84/एस.टी. II दिनांक 18.11.2011 तथा उपायुक्त महेंदर सोनीपत के कार्यालय के पत्र क्र. 1272/डी. एन. दिनांक 25.03.2026 तथा परिवहन आयुक्त चण्डीगढ़ के पत्र क्र.78779/नाजिर/एमवीओ दिनांक 18.12.2023 व क्र.41000 / नाजिर/अधीक्षक दिनांक 16.09.2026 की पालना में कार्यालय उप मण्डल अधिकारी नागरिक गोहाना के कार्यालय के रिकार्ड रूम में रखी चालक लाईसैंस/लनर लाईसैंस/रिनुअल चाल लाईसैंस की दिनांक 31.12.2022 तक की रिकार्ड की पुरानी फाईलों को कार्यालय में रखी अन्य फाईलों के रिकार्ड को सही रख-रखाव करने/रखने के लिये स्थान व्यवस्थित करने एवं पुराने रिकार्ड को नष्ट/गलाने के आदेश चालक लाईसैंस लिपिक को दिये गये जो उनके द्वारा रिकार्ड का पृथीकरण करने उपरांत सूचित किया है कि लगभग 2 टन पुरानी फाईलों को तलफ किया जाना है। जिसका नियमानुसार टैण्डर निकाल कर वर्कआर्डर सफल फर्म को अलाट किया जाना प्रस्तावित है।

सम्बन्धित फर्मों को टैण्डर सरकार द्वारा जारी हिदायतों की पालना करते हुये निम्नलिखित शर्तों पर टैण्डर खोला जाना है:-

1. यह है कि फर्म द्वारा पुराने रिकार्ड को खरीदने के लिये टैण्डर की स्कयोरिटी राशि मु. 10,000/-रूपये जमा करानी होगी। सफल बोलीदाता की राशि पेयमेन्ट में एडजस्ट कर ली जायेगी।
2. यह है कि हरियाणा सरकार से मंजूरशुदा ठेकेदार/फर्म होनी चाहिये जिसका सालाना टर्नआवर 2 करोड़ से कम नहीं होना चाहिये।
3. यह है कि टैण्डर की सीलबन्द निविदाएँ दिनांक 5.10.2026 से 10.10.2026 तक मांगी जाएंगी। टैण्डर दिनांक 10.10.2026 को खुलेगा तथा दिनांक 10.10.2026 को वर्क आर्डर अलाट होगा।
4. यह है कि फर्म द्वारा पुराने रिकार्ड से सम्बन्धित किसी व्यक्ति व स्थान की जानकारी व रिकार्ड का दुरूपयोग नहीं किया जायेगा।
5. यह है कि फर्म द्वारा पुराने रिकार्ड से सम्बन्धित किसी व्यक्ति व मोबाईल न./फोटोकापी की जानकारी व रिकार्ड से सम्बन्धित दस्तावेजों का दुरूपयोग नहीं किया जायेगा।
6. यह है कि पुराने रिकार्ड की फाईलों को केवल नष्ट किया जायेगा।
7. यदि किसी प्रकार की अवहेलना फर्म के किसी व्यक्ति द्वारा की जायेगी तो उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी।
8. यह है कि फर्म को टैण्डर ओपन होने के बाद वर्क आर्डर मिलने उपरांत रिकार्ड दो दिन के अन्दर-अन्दर कार्यालय से अपने वाहनों से उठाना होगा।
9. फर्म द्वारा रिकार्ड को प्राप्त करने उपरांत उसी दिन पेयमेंट एकमुश्त करनी होगी।

हस्ता/- उपमण्डल अधिकारी (ना.), गोहाना।

उत्तर रेलवे
ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

क्र म.	लॉट संख्या	विवरण	नीलामी प्रारंभ तिथि/समय
1	ADVT-UMB-BTI-OH-39-22-2	बठिंडा में 720 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल में होर्डिंग/यूनिपोल प्रदर्शित करने के लिए थोक वाणिज्यिक विज्ञापन अनुबंध।	14.10.2026 12.00.00 hrs
2	ADVT-UMB-BTI-OSD-391-26-1	बठिंडा रेलवे स्टेशन पर 10'x8' अर्थात 80 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाली 01 वीडियो वॉल के माध्यम से तीन वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार (डिजिटल)।	14.10.2026 12.00.00 hrs
3	ADVT-UMB-SML-OSD-392-26-1	शिमला रेलवे स्टेशन पर 8'x6' अर्थात 48 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाली 01 वीडियो वॉल के माध्यम से तीन वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार (डिजिटल)।	14.10.2026 12.00.00 hrs
4	ADVT-UMB-UMB-OSD-393-26-1	अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर 86 इंच क्षेत्रफल वाली 01 एलईडी स्क्रीन के माध्यम से तीन वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार (डिजिटल)।	14.10.2026 12.00.00 hrs
5	ADVT-UMB-KDZ-OSN-376-26-1	नैरो गेज (कालका–शिमला) खंड पर कंडाघाट (240 वर्ग फुट), तारादेवी (300 वर्ग फुट), सालोगढ़ा (240 वर्ग फुट), कैथलीघाट (480 वर्ग फुट), शोघी (240 वर्ग फुट) रेलवे स्टेशनों पर नॉन–डिजिटल आर.डी.एन. के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु स्थान (स्थल योजना के अनुसार)।	14.10.2026 12.00.00 hrs
6	ADVT-UMB-BTI-OSN-377-26-1	बठिंडा रेलवे स्टेशन पर नॉन–डिजिटल आर.डी.एन. के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु 1014 वर्ग फुट स्थान (स्थल योजना के अनुसार)।	14.10.2026 12.00.00 hrs
7	ADVT-UMB-SIR-OSN-379-26-1	खन्ना (KNN) रेलवे स्टेशन पर 24 इंच व्यास वाले 14 नॉन–डिजिटल गोलाकार विज्ञापन बोर्डों तथा सरहिंद (SIR) रेलवे स्टेशन पर 18 इंच व्यास वाले 20 नॉन–डिजिटल गोलाकार विज्ञापन बोर्डों से युक्त नॉन–डिजिटल आर.डी.एन. के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु स्थान (स्थल योजना के अनुसार)।	14.10.2026 12.00.00 hrs
8	ADVT-UMB-KLK-OSN-380-26-1	कालका (KLK) रेलवे स्टेशन पर 24 इंच व्यास वाले 22 नॉन–डिजिटल गोलाकार विज्ञापन बोर्डों तथा प्रत्येक 2.5 मीटर x1 मीटर आकार अर्थात प्रत्येक का क्षेत्रफल 2.5 वर्ग मीटर वाले 4 बोर्डों से युक्त नॉन–डिजिटल आर.डी.एन. के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु स्थान।	14.10.2026 12.00.00 hrs

नीलामी/लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाये।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3414/26

हाईकोर अपराधियों की धरपकड़ को चलेगा अभियान

पंचकूला। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अजय सिंघल ने बुधवार को पुलिस मुख्यालय, पंचकूला में प्रदेश के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशकों, पुलिस महानिरीक्षकों, पुलिस अधीक्षकों सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रदेश में साइबर अपराध नियंत्रण सहित कई अन्य महत्वपूर्ण तथ्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीजीपी अजय सिंघल ने कहा कि सितंबर 2026 तक प्रदेश में पिछले वर्ष की तुलना में बीएनएस अपराध के मामलों में 9.35 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण हरियाणा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि हाईकोर अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलेगा।

हरियाणा में ग्राम सभाओं के लिए बदले नियम

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने ग्राम सभाओं में सरकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों के चयन और ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने से जुड़े फैसलों के लिए कोरम के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। अब ऐसे मामलों में ग्राम सभा की पहली बैठक के लिए कुल सदस्यों के 20 प्रतिशत की मौजूदगी पर्याप्त होगी। कोरम पूरा नहीं होने पर अगली बैठकों के लिए उपस्थिति की सीमा और कम करने की व्यवस्था भी नए कानून में की गई है। राज्य विधि एवं विधायी विभाग ने बुधवार को *हरियाणा पंचायती राज (संशोधन) अधिनियम, 2026 की अधिसूचना जारी कर दी। इसे राज्यपाल ने 24 सितंबर को मंजूरी दी थी।

दी रोहतक केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. रोहतक
कोटेशन आमंत्रण सूचना

दी रोहतक केन्द्रीय सहकारी बैंक लि०, रोहतक द्वारा बैंक परिसर में 40KW क्षमता का ऑनग्रिड सोलर पावर प्लांट स्थापित किया जाना है।

जिसके लिये निम्न कार्य/सामग्री सहित इच्छुक फर्म से सीलबंद कोटेशन आंमत्रित की जाती हैं।

1. 40 KW On-Grid Power Plant का डिजाइन एवं इंजीनियरिंग।
2. आवश्यक Solar PV Modules, Inverter, Mounting Structure एवं अन्य उपकरणों की आपूर्ति।
3. Installation, Testing एवं Commissioning.
4. आवश्यक Electrical & Safety Accessories.
5. Net Metering/Discom संबंधी आवश्यक कार्यवाही एवं समन्वय।
6. आवश्यक Warranty/AMC की अवधि एवं शर्तें।
7. GST एवं अन्य सभी लागू कर/शुल्क सहित कुल लागत स्पष्ट रूप से दर्शाई जाए।
8. सिस्टम की अनुमानित Generation & Performance Details भी कोटेशन में दी जाएं।

कोटेशन जमा करने की अंतिम तिथि : 08.10.2026

स्थान :– दी रोहतक केन्द्रीय सहकारी बैंक लि० रोहतक, मुख्यालय नजदीक ओल्ड सैशन कोर्ट, बजरंग भवन के सामने दिल्ली रोड, रोहतक।

हस्ता/- महाप्रबन्धक

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 Cr. P.C./84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **मुकेश** पुत्रः बालमुकुंद, पताः खातीवास नांगल सिरोही, महेंद्रगढ़, कनीना, महेंद्रगढ़, हरियाणा, **FIR NO.: 594/2021, U/s 498A/406/377/34 IPC** थानाः नजफगढ़, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि इन्होनें किया है) और इन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुकेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुकेश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR NO.: 594/2021, U/s 498A/406/377/34 IPC** थानाः नजफगढ़, दिल्ली के उक्त अभियुक्ती **मुकेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.11.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
ईबानी अग्रवाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
महिला कोर्ट नं. 03, दक्षिण पश्चिम जिला
कोर्ट नं. 312, द्वारका कोर्ट, दिल्ली

DP/14017/DW/2026
(Court Matter)

राष्ट्रीय आईजीओटी कर्मयोगी रैंकिंग में श्रेणी-बी में हरियाणा प्रथमः रस्तोगी

चंडीगढ़। हरियाणा ने राष्ट्रीय आईजीओटी कर्मयोगी मंच पर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की रैंकिंग में श्रेणी-बी में प्रथम स्थान हासिल किया है। हरियाणा ने 60.72 अंक प्राप्त किए हैं। यह रैंकिंग सरकारी कर्मचारियों के क्षमता निर्माण तथा निरंतर सीखने की गतिविधियों के आकलन पर आधारित है।मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी एक पत्र में कहा गया है कि केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के अंतर्गत कर्मयोगी भारत द्वारा जारी सूचना के अनुसार, 31 अगस्त, 2026 तक के आंकड़ों के आधार पर तैयार रैंकिंग में हरियाणा ने श्रेणी-बी में पहला स्थान प्राप्त किया है। इस श्रेणी में 1,00,001 से 5,00,000 तक सरकारी कर्मचारियों वाले राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं। हरियाणा के बाद कर्नाटक ने 60.47, तेलंगाना ने 60.39, गुजरात ने 60.18 तथा पंजाब ने 60.06 अंक प्राप्त किए हैं। रैंकिंग आईजीओटी कर्मयोगी मंच के माध्यम से सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के भूमिका-आधारित प्रशिक्षण व अन्य मानदंड तय थे।

गांधी जयंती पर भाजपा चलाएगी सघन सफाई अभियान : डॉ. गुप्ता



पंचकूला। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर प्रदेशभर में सघन सफाई अभियान चलाया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ता जनप्रतिनिधियों और आमजन की भागीदारी के साथ जिला से लेकर मंडल स्तर तक चिह्नित स्थानों पर सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता और जनभागीदारी का संदेश देंगे। वीरवार को भाजपा प्रदे

खबर संक्षेप

परीक्षा के लिए पंजीकरण में यूडीआईएसई कोड अनिवार्य : धूपड़

भिवानी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा माध्यमिक एवं वरिष्ठ माध्यमिक परीक्षा-2027 के लिए विद्यार्थियों के आवेदन-पंजीकरण की प्रक्रिया के संबंध में सभी संबंधित विद्यालयों एवं संस्थानों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। बोर्ड के अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ एवं सचिव दीपक बाबूलाल करवा ने बताया कि उप-महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी पत्र अनुसार सभी विद्यालय के विद्यार्थियों के प्रमाण-पत्रों पर संबंधित विद्यालय/संस्थान का यूडीआईएसई कोड अंकित किया जाना आवश्यक है।

रावलवास कलां में करंट लगने से असिस्टेंट लाइनमैन की मौत

हिसार। गांव रावलवास कलां में ट्रांसफार्मर पर बिजली लाइन का काम करते समय करंट लगने से असिस्टेंट लाइनमैन सीसवाला निवासी सुरेंद्र की मौत हो गई, जबकि उसके साथ काम कर रहा एचकेआरएन कर्मचारी संदीप घायल हो गया। घायल संदीप का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार रावलवास कलां गांव में ट्रांसफार्मर पर मरम्मत का काम चल रहा था। इसी दौरान सुरेंद्र और एचकेआरएन कर्मचारी संदीप को अचानक बिजली का झटका लगा। करंट लगने से सुरेंद्र मौके पर ही बेहोश हो गया। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बयान में मृतक सुरेंद्र के बड़े भाई अनिल कुमार ने बताया कि उसके भाई की सरकारी कार्य के दौरान ट्रांसफार्मर ठीक करते समय मौत हुई है। इस घटना में बिजली निगम की गलती नहीं है। शुक्रवार सुबह सुरेंद्र का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

फरीदाबाद में सीएससी संचालक ने रचा फर्जीवाड़े का खेल, गिरफ्तार

भाजपा विधायक की फर्जी मुहर बना 800 से 1000 रुपये में वेरिफाई की 100 फाइलें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

एनआईटी से भाजपा विधायक सतीश फागना की फर्जी मुहर बनाकर एक सीएससी संचालक ने फर्जीवाड़े का खेल रच डाला। उसने विधायक के लेटरहेड और डिजिटल हस्ताक्षर भी तैयार कर लिए। इसके बाद लोगों से 800 से 1000 रुपए लेकर विधायक के नाम से फाइलें वेरिफाई करता रहा। जब दस्तावेज तैयार करवाने वाले कुछ लोग इन वेरिफाई कागजात को लेकर विधायक के कार्यालय पहुंचे तो पूरे मामले का खुलासा हुआ। विधायक की ओर से पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से फर्जी मुहर और लेटरहेड भी बरामद हुए।

आरोपी की पहचान पर्वतीय कॉलोनी में जन सुविधा केंद्र चलाने वाले सौरभ के रूप में हुई। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि सौरभ अपनी पत्नी के आधार कार्ड में बदलाव कराने के लिए विधायक सतीश फागना के कार्यालय पहुंचा था। वहां उसने विधायक के लेटरहेड, मुहर और हस्ताक्षर देखे। इसके बाद उसने इन्हीं की नकल तैयार करवा ली। सौरभ लोगों से दस्तावेज सत्यापित कराने के नाम पर 800 से 1000 रुपये लेता था। पुलिस के अनुसार, अब तक वह 100 से अधिक लोगों के दस्तावेजों पर फर्जी सत्यापन कर चुका था।


धोखाधड़ी का आरोपी सौरभ।

सीएससी केंद्र बंद हुआ तो आधार अपडेट कराने लगा

पुलिस के अनुसार, आरोपी सौरभ करीब पांच साल से पर्वतीय कॉलोनी में सीएससी केंद्र चला रहा था। इसी साल किसी कारण से केंद्र बंद हो गया। इसके बाद उसने आसपास के लोगों के आधार कार्ड बनवाने और उनमें संशोधन कराने का काम शुरू किया। आधार अपडेट के लिए कई दस्तावेजों के सत्यापन की जरूरत पड़ती थी। यहीं से उसने फर्जीवाड़े का रास्ता निकाला। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि पुलिस अब आरोपी से फर्जी लेटरहेड, मुहर और हस्ताक्षर तैयार कराने में इस्तेमाल सामान के अलावा कंप्यूटर और अन्य उपकरण बरामद करने की कोशिश कर रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि सौरभ के साथ कोई और भी शामिल था क्या। इसलिए आरोपी सौरभ को तीन दिन के रिमांड पर लिया है।

दूसरे के खेतों के नाम पर गलत पंजीकरण करवा सरकारी योजना के हड़पे 1.10 लाख, 10 पर केस

कैथल। 'मेरा पानी मेरी विरासत' योजना के तहत दूसरे किसानों की जमीन अपने नाम दर्ज कर सरकारी लाभ लेने के आरोप में सीवन थाना पुलिस ने 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता जींद की जांच में सामने आया कि आरोपियों ने 'मेरी फसल-मेरा ब्योरा' पोर्टल पर किसानों की जमीन अपने नाम पंजीकृत कर खरीफ सीजन 2025 में कपास और बाजरा की फसल का गलत इंद्राज करवाया। जांच में दो मामलों में 13.75 एकड़ जमीन पर कुल 1 लाख 10 हजार 50 रुपये का अनुचित लाभ लिया गया। जांच के अनुसार गांव लाहवरी, तहसील पुन्हाना, जिला नूंह निवासी मोहम्मद ने गांव खानपुर के किसानों धर्मपाल, जयभगवान, कर्मबीर, सतबीर उर्फ सुनील, जगमेल और बलबीर की 7.438 एकड़ जमीन 'मेरी फसल-मेरा ब्योरा' पोर्टल पर अपने नाम दर्ज कराई। इस जमीन पर खरीफ सीजन 2025 में कपास की फसल का इंद्राज दिखाकर योजना के तहत 59 हजार 500 रुपये प्राप्त करने का आरोप है। इसी तरह लाहवरी निवासी यासिर पर खानपुर के किसानों गीता, पूजा, संजू, गोलो देवी और छोटी की 6.319 एकड़ जमीन अपने नाम दर्ज कराने का आरोप है। इस जमीन पर कपास और बाजरा की फसल का इंद्राज कर 50 हजार 550 रुपये का लाभ लेने की बात जांच में सामने आई है। सीएम फ्लाइंग की जांच में कैथल जिले के आठ अन्य लोगों के नाम भी सामने आए हैं। रिपोर्ट के अनुसार असगरी, अकबर खान, शोकिन, तसलीम, तालिब हुसैन, अरमान, दीनमोद और जसमीन ने भी पोर्टल पर किसानों की जमीन अपने नाम दर्ज कर योजना का अनुचित लाभ लिया। रिपोर्ट में इनके खिलाफ भी केस दर्ज कर जांच करने की सिफारिश की गई है। बता दें कि मुख्यमंत्री उड़नदस्ता जींद को 30 अप्रैल 2026 को सूचना मिली थी कि कृषि विभाग के एक अधिकारी द्वारा 'मेरा पानी मेरी विरासत' योजना के तहत खेतों का सत्यापन करने के बदले 50 प्रतिशत हिस्सा लिया जाता है। इस पर जांच शुरू की गई थी।

पलवल में डायल 112 के कर्मियों पर कार्रवाई

स्कूटी छोड़ने को 9 हजार लेते 2 कांस्टेबल गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पलवल



एंटी करप्शन ब्यूरो ने 2 पुलिसकर्मियों को 9 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। दोनों पुलिस कर्मचारी डायल-112 की गाड़ी पर तैनात थे। गुरुवार को इन्होंने स्कूटी छोड़ने के नाम पर शिकायतकर्ता को वंदेमातरम स्कूल के पीछे एक निर्माणाधीन स्कूल के पास बुलाया था, लेकिन पीड़ित ने पहले ही एसीबी को शिकायत दे दी थी। जैसे ही पीड़ित ने पैसे दिए एसीबी की टीम ने कांस्टेबल हरीश को दबोच लिया। अधिकारियों का कहना है कि हरीश से पूरे पैसे रिकवर कर लिए गए हैं। हरीश से पूछताछ के बाद ड्यूटी पर तैनात दूसरे कॉन्स्टेबल दीपक को भी अरेस्ट कर लिया। शिकायतकर्ता का कहना है कि कॉन्स्टेबल ने फोन कर पहले 10 हजार रुपये मांगे थे। इसके बाद 9 हजार रुपये में मान गए।

शिकायतकर्ता के अनुसार, 28 सितंबर को उसका परिजनों के साथ झगड़ा हो गया था। इसके बाद वह घर से चला गया। इस संबंध में उसके परिजनों ने डायल-112 पर सूचना दी थी। बाद में शिकायतकर्ता अपने एक दोस्त की स्कूटी पर सवार होकर घर लौट रहा था। इसी दौरान वहां डायल-112 की टीम पहुंच गई। टीम को देखकर वह घबरा गया और स्कूटी लेकर वहां से चला गया। रास्ते में स्कूटी का टायर पंक्चर होने पर वह उसे रास्ते में छोड़कर भाग गया। इसके बाद दोनों कांस्टेबल ने स्कूटी अपने कब्जे में होने की कहकर रिश्वत मांगी।

एसआईआर में नए वोट के लिए 3,77,987 आवेदन मिले

- दावे एवं आपत्तियां दूर करने को 28 अक्टूबर तक का समय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चंडीगढ़

हरियाणा की अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में में एसआईआर प्रक्रिया के तहत नए वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए 3,77,987 आवेदन मिले हैं। एसआईआर ड्राफ्ट रोल पर दावे और आपत्तियां दाखिल करने की आखिरी तारीख 30 सितंबर थी। इनका निपटारा 28 अक्टूबर तक होगा और अंतिम मतदाता सूची 6 नवंबर को जारी की जाएगी।

उन्होंने बताया कि फॉर्म-6 के तहत 377987 प्रपत्रों में सबसे ज्यादा आवेदन गुरुग्राम जिले से 39985, फरीदाबाद से 33463, हिसार से 22001 नए वोटर्स के आवेदन प्राप्त हुए। वहीं सबसे कम चरखी दादरी जिले से 7095, पंचकूला से 8786, नूंह से 9087 फॉर्म 6 के प्रपत्र दाखिल किए गए। फॉर्म-7 के तहत 40162 प्रपत्र दाखिल किए गए हैं। जबकि फॉर्म 8 के तहत 214693 प्रपत्र दाखिल किए गए हैं। इसका इस्तेमाल मतदाता सूची में जानकारी सुधारने, पता बदलने और वोटर पहचान पत्र बदलने के लिए होता है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मैपिंग में गलत जानकारी देने पर 44,91,691 नोटिस जारी किए गए थे। जिनमें से 40,56,716 की सुनवाई हो चुकी है। अभी भी 4,34,975 सुनवाई होना बाकी है। सबसे ज्यादा पेंडेंसी फरीदाबाद, करनाल और हिसार जिले की है। उन्होंने सभी ईआरओ को सख्त निर्देश दिए हैं कि समय रहते सभी पेंडिंग सुनवाई का निस्तारण किया जाए।

धान खरीद न होने पर किसान ने जहर पीने की कोशिश की साथियों ने बोतल छीनी

करनाल। धान खरीद न होने पर घरौंडा की नई अनाज मंडी में गुरुवार को हंगामा हो गया। कई दिन से धान की खरीद न होने से परेशान किसान ने सभी के सामने जहर पीने की कोशिश की। जैसे ही किसान ने जहर की बोतल का ढक्कन खोला, आसपास खड़े किसानों ने उसे तुरंत पकड़कर बोतल छीन ली। किसान का आरोप है कि धान में नमी सही होने के बावजूद हैफेड के अधिकारी बार-बार नई कमी निकालकर खरीद से मना कर रहे थे। हालांकि, हंगामे के बाद उसकी धान की ढेरी खरीद के लिए लिखी गई। गांव खेड़ी मुनक निवासी किसान जितेंद्र सिंह ने बताया कि वह 24 सितंबर को चार एकड़ की धान मंडी में लाया था। उसने 30 सितंबर को धान की सफाई करवाई और नमी चेक करवाई तो 17.7 आई। इसके बावजूद एजेंसी ने धान खरीदने से मना कर दिया। अगले दिन धान सुखाई तो नमी 13 पर आ गई। तब धान में मिट्टी होने का बहाना बनाया गया। इस पर किसान भड़क गया।

शराब पीने के दौरान विवाद में युवक की चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

असंध क्षेत्र के गांव सालवन में शराब पीने के दौरान हुई कहासुनी के बाद युवक पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में गंभीर रूप से घायल मयंक (27) की करनाल के अमृतधारा अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी अरविंद उर्फ काका को पकड़कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मयंक और अरविंद उर्फ काका एक साथ शराब पी रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर अरविंद ने मयंक पर चाकू से हमला कर दिया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अरविंद उर्फ काका को गांव सालवन में मनीष उर्फ राजपाल के घर से पकड़ा। उसके भाई आशीष पुत्र ऋषिपाल और मनीष पुत्र राजपाल से भी पूछताछ की गई। पुलिस के अनुसार मयंक और अरविंद के बीच पहले भी विवाद हो चुका था।

पूर्व मंत्री कैलाश शर्मा की चलती कार में लगी आग, बाप-बेटे ने उतरकर बचाई जान

नारनौल। पूर्व मंत्री की चलती गाड़ी में आग लग गई। गाड़ी पूरी तरह जलकर खाक हो गई। पुलिस को दी शिकायत में बेटे विकास ने कहा कि मैं कार ड्राइव कर रहा था। गाड़ी में धुआं उठता देख दोनों तुरंत उससे कूद गए। मौके पर पहुंचे फायरकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। विकास शर्मा ने बताया कि वह पिता कैलाश शर्मा के साथ शाम करीब 7 बजे अपनी स्विफ्ट डिजायर कार लेकर शिव विहार स्थित घर से निकले थे। जैसे ही वे सेक्टर-1 में पहुंचे गाड़ी से अचानक धुआं निकलने लगा। कुछ ही देर बाद इंजन से आग की लपटें निकलने लगीं। कैलाशचंद्र शर्मा 1999 में ओमप्रकाश चौटाला के नेतृत्व में बनी सरकार में मंत्री रहे हैं। वे 1996 के चुनाव में नारनौल सीट से विधायक चुने गए थे।

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

गांधी जी और शास्त्री जी को उनकी जयंती पर कृतज्ञ राष्ट्र का कोटि-कोटि नमन

2 अक्टूबर, 2026

महात्मा गांधी और **लाल बहादुर शास्त्री** की जयंती पर, राष्ट्र इन दोनों महान नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करता है, जिन्होंने अपना जीवन राष्ट्र की सेवा में समर्पित कर दिया।

"गांधी जी ने साहस, सादगी, सेवा और करुणा की शक्ति का मार्ग दिखाया, वहीं शास्त्री जी का जीवन और नेतृत्व एक सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण के लिए प्रेरित करता रहेगा।"
- नरेन्द्र मोदी

CBC 63101/13/0015/2627

खबर संक्षेप

रुपया 37 पैसे टूटकर 96.31 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 37 पैसे टूटकर 96.31 प्रति डॉलर पर रहा। यह दो महीने से अधिक समय में रुपये का सबसे निचला स्तर है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की धारणा और वैश्विक बॉण्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी की चिंता के बीच रुपये पर आगे भी दबाव बना रह सकता है।

सोना 500 रुपये चढ़ा और चांदी 5000 रुपये गिरी

नई दिल्ली। सोना 500 रुपए चढ़ा और चांदी 5000 रुपए गिरी नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में लगातार दूसरे दिन तेजी आई और यह 500 रुपये बढ़कर 1,49,800 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। रुपये के कमजोर होने और मजबूत वैश्विक रुख के कारण सोने में तेजी को समर्थन मिला। इससे पिछले सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,49,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी की कीमत 5,000 रुपये घटकर 2.27 लाख रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई, जबकि बुधवार को यह 2.32 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

वित्त मंत्रालय की जारी रिपोर्ट में कहा गया

व्यापार, कच्चे तेल की अनिश्चितताओं से पूंजी आकर्षित करना भारत के लिए चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत को अन्य विकासशील देशों की तरह पूंजी प्रवाह आकर्षित करने में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका के साथ व्यापार संबंधों को लेकर अनिश्चितता, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और वैश्विक कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़े घटनाक्रमों में भारत के लिए अवसरों की कमी देश की निवेश लाने की क्षमता को प्रभावित कर रही है।

वित्त मंत्रालय की बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। इस साल जुलाई-अगस्त के जीएसटी संग्रह, निर्यात आंकड़े समेत उच्च आवृत्ति वाले आर्थिक संकेतक अप्रैल-जून, तिमाही में 7.8 प्रतिशत की मजबूत जीडीपी वृद्धि के बाद आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार में कुछ नरमी का संकेत देते हैं।

वैश्विक परिस्थितियां फिर प्रतिकूल

रिपोर्ट में कहा गया कि वैश्विक परिस्थितियां एक बार फिर प्रतिकूल हो गई हैं। सितंबर में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है और भारतीय मुद्रा पर निकट अवधि में दबाव बना हुआ है। मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा गया, ''वैश्विक और उससे उत्पन्न आर्थिक अनिश्चितता का मतलब है कि भारत कोविड के बाद की वृद्धि की उपलब्धियों पर निर्भर होकर नहीं रह सकता।

भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती देश के लिए बड़ी ताकत

- अमेरिका के साथ व्यापार संबंधों को लेकर अनिश्चितता
- कच्चे तेल की कीमतों में आए दिन आ रहा उछाल
- वैश्विक एआई से जुड़े घटनाक्रमों में भारत के लिए अवसर की कमी
- भारतीय मुद्रा पर निकट अवधि में दबाव बना हुआ है



रिपोर्ट में कहा गया, ''भारत को अन्य विकासशील देशों की तरह, पूंजी प्रवाह आकर्षित करने की बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, संकेत हैं कि शुद्ध आधार पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रवाह इस वित्त वर्ष में पिछले साल की तुलना में बेहतर रह सकता है। इसमें कहा गया है कि चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल में भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती देश के लिए एक बड़ी ताकत है।

विकासशील देशों के लिए चुनौतियां बढ़ी

अमेरिका के साथ 'अस्थिर' व्यापार संबंध, कृत्रिम मेधा के चलते वैश्विक स्तर पर पूंजी निवेश और सीमापार पूंजी प्रवाह में बदलाव तथा विकसित देशों द्वारा अपनी विनिर्माण महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए निवेश हासिल करने की होड़ ने विकासशील देशों के लिए चुनौतियां बढ़ा दी हैं।

भारत में विनिर्माण आधारित अर्थव्यवस्था बन सकती है

इसे हर तिमाही अर्जित करना होगा। यही नीति-निर्माताओं के सामने चुनौती है। रिपोर्ट में भारतीय अर्थव्यवस्था को 'कारोबार के अनुकूल के बजाय अधिक प्रतिस्पर्धा के अनुकूल' बनाने की जरूरत की बात कही गयी है। इसमें कहा गया कि केवल प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था ही सफल, नवोन्मेषी और विनिर्माण आधारित अर्थव्यवस्था बन सकती है।

अमेरिका के साथ व्यापार संबंधों में कड़वाहट

मासिक समीक्षा में कहा गया, ''अमेरिका के साथ व्यापार संबंधों की स्थिति, शुल्क संबंधी दबाव, कच्चे तेल की कीमतों और आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता तथा वैश्विक स्तर पर कृत्रिम मेधा से जुड़े घटनाक्रमों में भारत से जुड़ी संभावनाओं का अभाव भारत की स्थिति को आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में प्रभावित कर रहा है। समय के साथ इन चुनौतियों के कम होने पर भारत की वृद्धि क्षमता निवेशकों का ध्यान आकर्षित करेगी।

जीएसटी संग्रह सितंबर में 15 प्रतिशत बढ़कर 2.03 लाख करोड़ रुपये के पार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- घरेलू खपत बढ़ने और आयात से होने वाले राजस्व से बढ़ा जीएसटी
- हालांकि, सितंबर में जीएसटी 'रिफंड' तीन प्रतिशत घटा

सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह सितंबर में सालाना आधार पर 14.7 प्रतिशत बढ़कर 2.03 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। घरेलू खपत और आयात से होने वाले राजस्व में मजबूत वृद्धि के कारण जीएसटी संग्रह बढ़ा है। सरकार के आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

हालांकि, सितंबर में जीएसटी 'रिफंड' तीन प्रतिशत घटकर 27,001 करोड़ रुपये रहा। रिफंड को समायोजित करने के बाद सितंबर में शुद्ध जीएसटी संग्रह 18.1 प्रतिशत बढ़कर 1.76 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। घरेलू गतिविधियों से सकल जीएसटी संग्रह 10.1 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.38 लाख करोड़ रुपये, जबकि आयात से प्राप्त राजस्व 26 प्रतिशत बढ़कर 65,525 करोड़ रुपये रहा। चालू वित्त वर्ष में यह तीसरा महीना है जब सकल जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये के पार रहा है। इससे पहले अप्रैल में जीएसटी संग्रह करीब 2.43 लाख करोड़ रुपये और जुलाई में 2.11 लाख करोड़ रुपये से अधिक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा था। वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में सकल जीएसटी संग्रह 11.6 प्रतिशत बढ़कर 12.46 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। इस दौरान शुद्ध संग्रह 10.4 प्रतिशत बढ़कर 10.66 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। करीब 15 प्रतिशत की वृद्धि से पता चलता है कि वैश्विक दबाव के बावजूद घरेलू मांग मजबूत बनी हुई है। उन्होंने कहा कि कर संग्रह में वृद्धि व्यापक रही है। टैक्स कनेक्ट एडवाइजरी सर्विसेज एलएलपी के भागीदार विवेक जालान ने कहा, ''जीएसटी संग्रह में वृद्धि विनिर्माण और खपत की मजबूती को दर्शाती है। हालांकि, रिफंड में कमी से यह संकेत मिलता है कि विभाग संभवतः भुगतान रोक रहा है। कारोबारियों के पास नकदी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए इस पर नजर रखने की जरूरत है।''

चार बड़े राज्यों का संग्रह बढ़ा

उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, गुजरात और कर्नाटक में संग्रह 16 से 18 प्रतिशत तक बढ़ा है। असम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो देशभर में व्यापक आर्थिक विकास का संकेत देती है।

डॉ. विकास को "आज का कर्मवीर" पुरस्कार से सम्मानित किया



नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार को "ब्यूरोक्रेटिक एक्सीलेंस" श्रेणी में प्रतिष्ठित "आज का कर्मवीर" पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 27 सितंबर, 2026 (रविवार) को मुंबई में आयोजित एक समारोह में डॉ. कुमार को जनसेवा एवं प्रशासन के क्षेत्र में उनके विशिष्ट योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। उन्हें यह पुरस्कार महाराष्ट्र सरकार के कौशल विकास एवं नवाचार के माननीय मंत्री श्री मंगल प्रभात लोढ़ा द्वारा प्रदान किया गया। 'आज का कर्मवीर सोशल फाउंडेशन' सामाजिक, स्वास्थ्य और समृद्धि के क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले तथा सामाजिक कल्याण से जुड़ी पहलों को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित करता है, इनमें पद्म श्री और पद्म भूषण जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित व्यक्तित्व भी शामिल हैं।

सितंबर में यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री 21 फीसदी बढ़ी

नई दिल्ली। देश में यात्री वाहनों की घरेलू थोक बिक्री सितंबर में सालाना आधार पर करीब 21 प्रतिशत बढ़कर 4.60 लाख इकाई रहने का अनुमान है। इस दौरान प्रमुख वाहन कंपनियों ने दहाई अंक यानी 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की। अक्टूबर में शुरू होने वाले त्योहारी मौसम से पहले वाहन कंपनियों ने डीलर को आपूर्ति बढ़ाई, जबकि मांग भी मजबूत बनी रही। एक साल पहले जीएसटी दरों में बदलाव से पहले करीब 22 दिन तक बिक्री प्रभावित होने के कारण आधार प्रभाव कम था। देश की सबसे बड़ी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया की घरेलू थोक बिक्री सितंबर में 37 प्रतिशत बढ़कर 1,81,838 इकाई हो गई। इस दौरान कंपनी का कुल निर्यात 44,219 इकाई पर लगभग स्थिर रहा।

सीआईएसएफ ने अपने चार जवानों के निधन पर शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) अपने चार जवानों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करता है, जो सेवा-III जलविद्युत परियोजना, माशका, बसोहली, कठुआ (जम्मू और कश्मीर) में तैनात थे और जिन्होंने 29 सितंबर 2026 को आपसी गोलीबारी (सहकर्मी की हत्या) की एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में अपनी जान गंवा दी। उनका अंतिम संस्कार आज, 01 अक्टूबर 2026 को निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करते हुए उनके पैतृक स्थानों पर पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ किया गया। सहायक कमांडेंट अंकित कुमार पांडे (सीआईएसएफ यूनिट एनटीपीसी टांडा) दिवंगत सहायक कमांडेंट अंकित कुमार पांडे 03 अक्टूबर 2015 को बल में शामिल हुए थे। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक स्थान मठिया दौलतपुर, जिला अंबेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) में संपन्न हुआ। डीआईजी मनीष कुमार सिंह और सीआईएसएफ यूनिट, राष्ट्रीय तापविद्युत निगम (एनटीपीसी) टांडा के उप कमांडेंट सहित वरिष्ठ अधिकारी यूनिट के जवानों के साथ उपस्थित रहे और बल की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की। उप निरीक्षक लक्ष्मण सिंह (सीआईएसएफ यूनिट पीएंडएचसीएस चंडीगढ़) दिवंगत उप निरीक्षक लक्ष्मण सिंह 09 अगस्त 2013 को बल में शामिल हुए थे और उन्होंने तेरह वर्षों से अधिक समय तक सीआईएसएफ में अपनी सेवाएं दीं।



अब यूपीआई ऐप से खोल सकेंगे एनपीएस खाता

नई दिल्ली। पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के चेयरपर्सन एस. रमन ने बृहस्पतिवार को 'एनपीएस तत्काल' योजना की शुरुआत की। इसके तहत अब यूपीआई ऐप के जरिये भी राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) खाता खोला जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत यूपीआई ऐप के माध्यम से नए अंशधारकों को एनपीएस से जोड़ा जाएगा। इसकी शुरुआत भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के भीम यूपीआई ऐप से की जा रही है। रमन ने कहा कि प्राधिकरण का अगले दो साल में एनपीएस से करीब दो से तीन करोड़ नए अंशधारक जोड़ने का लक्ष्य है। अब तक पांच बैंक 'एनपीएस तत्काल' से जुड़ चुके हैं। इनमें भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक शामिल हैं।

इसकी शुरुआत भीम यूपीआई ऐप से की जा रही है

अखिल भारतीय प्राच्यविद्या सम्मेलन की पंजीकरण तिथि 10 अक्टूबर तक बढ़ी

हरिद्वार। विश्वविद्यालय पतंजलि में आयोजित होने वाले 52वें अखिल भारतीय प्राच्यविद्या सम्मेलन को लेकर विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों में बढ़ते उत्साह को देखते हुए पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10अक्टूबर 2026कर दी गई है। सम्मेलन के लिए अब तक लगभग एक हजार विद्यार्थियों का पंजीकरण हो चुका है। विद्यार्थियों की बढ़ती सहभागिता को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने अधिक से अधिक विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों को इस महत्वपूर्ण अकादमिक आयोजन से जुड़ने का अवसर प्रदान करने के लिए पंजीकरण की समय-सीमा बढ़ाई है। 52वें अखिल भारतीय प्राच्यविद्या सम्मेलन में देश-विदेश के विद्वानों, आचार्यों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों की सहभागिता होगी। सम्मेलन में संस्कृत, भारतीय दर्शन, धर्म, योग, आयुर्वेद, इतिहास, पुरातत्त्व, भाषाविज्ञान, पांडुलिपि विज्ञान, भारतीय ज्ञान प्रणाली, साहित्य, कला एवं शिक्षा सहित अनेक विषयों पर शोध एवं अकादमिक विमर्श होगा। भारतीय अनुसंधान पद्धति, कुंभ



रहस्यम, भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कृत एवं संगणकीय भाषाविज्ञान तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता, प्राचीन भारतीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, भारतीय सौंदर्यशास्त्र एवं काव्यशास्त्र सहित अनेक समकालीन एवं महत्वपूर्ण विषय भी सम्मेलन में चर्चा के केंद्र में रहेंगे। सम्मेलन की विशिष्ट परंपरा पंडित परिषद भी विशेष आकर्षण का केंद्र होगी। इसमें पारंपरिक शास्त्र-परंपराओं में प्रशिक्षित विद्वानों द्वारा गंभीर शास्त्रीय विमर्श एवं संवाद किया जाएगा। इसके माध्यम से प्राचीन ज्ञान परंपरा और आधुनिक अकादमिक दृष्टिकोण के बीच सार्थक संवाद को बढ़ावा मिलेगा। सम्मेलन युवा शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को वरिष्ठ विद्वानों के समक्ष अपने मौलिक शोध प्रस्तुत करने तथा अकादमिक मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगा।

पूर्व रेलवे

सूचना सं. एसआईजी_डब्ल्यू_5_पॉलिसी, दिनांक 29.09.2026, वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_26-27_23_ओटी, दिनांक 29.09.2026, कार्य का नाम: विश्वसनीयता में सुधार के लिए मालदा मंडल के तहत एस्पेशेन टाइप फायर डिटेक्शन एवं अलार्म सिस्टम का प्रावधान। निविदा मूल्य: रु.2,27,32,440/-, बयाना राशि: रु.4,54,700/-, ई-निविदा जमा देने की तिथि और समय: दिनांक 08.10.2026 से 22.10.2026 को 11.00 बजे तक। वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट: www.ireps.gov.in और वरिष्ठ डीएसटीई कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा में।

MLD-211/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

शहीद जसवंत सिंह रा. उ. वि., बासदूदा (2644) ब्लॉक खोल, रेवाड़ी-123102

निविदा/बोली आमंत्रण सूचना

सभी योग्य एवं इच्छुक ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि शहीद जसवंत सिंह राजकीय उच्च विद्यालय, बासदूदा (2644) ब्लॉक खोल, रेवाड़ी 123102 के विद्यालय परिसर में स्थित 22 जर्जर कमरों को तुड़वाने की नीलामी दिनांक 03.10.2026 को दोपहर : 01.00 बजे व पुराने, अनुपयोगी और क्षतिग्रस्त सामान की नीलामी प्रातः 10.00 बजे दिनांक 03.10.2026 को विद्यालय परिसर में की जाएगी। एस.एस.ए. की सम्बन्धित नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

Head Master, SMC,
Govt. High School, Basduda (2644)
Block-Khol, Rewari - 7056818176

PUBLIC NOTICE

This is to inform public in general that Kotak Mahindra Bank Ltd has organized an auction in below mention respect of vehicles

1) SWARAJ MAZDA LIMITED - SM_SARTAJ_GOODS (Suresh Mandal) YOM- 2024, HR39F7900
2) SM_SARTAJ_GOODS (Mohit Trading Co) YOM-2024, HR39F7900
3) MAHINDRA_BLAZO_55 (SATISH) YOM-2023, HR69E7907
4)TATA LPS 4018 (Gagandeep Nachchhtar) YOM-2015, HR63C9659
5) AL_DOST_GOODS (Sonu) YOM- 2023, HR67D2829
6) SUPRO_MINI_TRUCK (Mukesh Sharma) YOM- 2023, HR46F7024
7) MBLAZO55 (Anil Rana) YOM- 2023, HR46F7024
8) EICHER_PRO_3019 (Lord Shiva Transport) YOM-2024, HR39F8229
9) BLAZO25 (Jile Singh) YOM-2018, NL01AB5521
10) Maruti Ecco (Anil) YOM-2024, HR69F6022
11) MARUTI SUPER CARRY CNG (Anil Varash Bhan) YOM-2024, HR69F1190
12) MARUTI SUPER CARRY CNG (JITENDER) YOM-2024, HR46G8388
13) CB_BB_3528C_BHARA (Seven D Constructions Private Limited) YOM-2024, HR63F3304

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 07 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION i.e. ON OR BEFORE 08-10-26 (Please note that closing Auction date would not be a Weekly off / Holiday).

BRANCH ADDRESS: First Floor, Plot no 406 to 408 /28, Roopalay Complex, D Park, Model Town, Rohtak – 124001 OR
Contact : Mr. Goverdhan Joshi
Kotak Mahindra Bank Ltd.
Contact No. +91-9671300231
EMAIL – Goverdhan.Joshi@kotak.com

अदालती सूचना

न्यायालय उप-मण्डल अधिकारी (ना.)-कम-कलैक्टर, तोशाम जिला भिवानी।
दावा :- दोहलीदार
तारीख पेशी-14.10.2026
केस बानुमान :- सुरेश कुमार दलक पुत्र काशीराम पुत्र श्योलाल निवासी गांव रिवासा तहसील तोशाम जिला भिवानी। .....फरीक अव्वल

बनाम

1.नारायण सिंह 2.हवा सिंह 3.राजकुमार पुत्रान भगवाना पुत्र सुल्तान पुत्र पहाड़ा 4. राजबीर 5. रामबीर पुत्रान श्योलाल पुत्र सुल्तान पुत्र पहाड़ा 6. रामकर्ण 7.रामसिंह पुत्रान श्रीमती चंदरा बाई पुत्री सुल्तान पुत्र पहाड़ा जाति ठाकुर तमाम निवासीयान गांव रिवासा तहसील तोशाम जिला भिवानी 8.हरबाई विधवा 9.अन्तरी 10.छगन पुत्रान 11. संतोष 12.कमलेश 13.बिमलेश पुत्रीयान श्योलाल पुत्र सुल्तान पुत्र पहाड़ा 14. श्रीमती अशमाना पुत्री लालजी पुत्र श्री जवाना 15.रामेश्वरी विधवा 16.रविन्द्र सिंह पुत्र 17.श्रीमती मनोज 18.सुनिता पुत्रीयान जगदीश पुत्र लालजी पुत्र श्री जवाना 19. ज्ञान सिंह दलक पुत्र श्री भंवर बाई पुत्री मातु पुत्र श्री बखतावर 20. रेखा विधवा व 21. अजय पुत्र श्री मानसिंह पुत्र श्री चंदरा बाई पुत्र मातु पुत्र श्री बखतावर 22. भीम सिंह पुत्र तारा बाई पुत्री मातु पुत्र श्री बखतावर पुत्र श्रीहजारी निवासी गांव रिवासा तहसील तोशाम जिला भिवानी ....फरीक दोयम

दावा दोहलीदार/दरखास्त निस्वत अराजी मुन्द्रजा खसरा 67//1/1(2-8),10(8-0) व खसरा न. 68//4/2(5-19),5(8-0),6(8-0),7/1(6-4), 26(0-5) किते 7 तादादी 38 कनाल 16 मरलें बरवे जमाबंदी साल 1961-62, 1980-81, 1985-86, 1990-91, 1995-96, 2000-01 व 2005-06 तथा जमाबंदी साल 2020-21 वाका मौजा रिवासा तहसील तोशाम जिला भिवानी। इस न्यायालय में दावा दोहलीदार दायर किया है, जिसमे आगामी पेशी 14.10.2026 निश्चित है। इसलिए उक्त तिथि को स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से या अधिवक्ता के माध्यम से एतराज पेश कर सकता है। निश्चित तिथि पर हाजिर न होने की सूरत मे उक्त केस में आपके खिलाफ एक तरफा कार्यवाही अमल में लाते हुए नियमानुसार फैसला लिया जाएगा तथा किसी भी व्यक्ति को कोई भी एतराज हो तो उपरोक्त इश्तहार के प्रकाशित होने के दो सप्ताह के अंदर-अंदर अपना पक्ष/जवाब/एतराज अधोहस्ताक्षरी के सम्मुख पेश करें। बाद म्याद गुजरने तिथि कोई पक्ष/जवाब/एतराज अमल में नहीं लाया जाएगा। आज दिनांक 30.09.2026 को यह इश्तहार मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित द्वारा न्यायालय से जारी हुआ है।

उप-मण्डल अधिकारी (ना.)-कम-कलैक्टर, तोशाम जिला भिवानी।

राशिफल

मेष मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

वृष आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

मिथुन किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

कर्क जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

सिंह जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

कन्या पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

तुला मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

वृश्चिक मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

धनु आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

मकर क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

कुंभ मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

मीन पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

ज्योतिष

कहते नहीं करके दिखाते है
सभी समस्याओं का समाधान
जैसा चाहोगे करके दूगां

कारोबार, प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रोपटी, कोर्ट केस, किया कराया, जादू टोना, मनचाही इच्छा

A to Z समस्या का समाधान
स्पेशलिस्टः मनचाहा प्यार, प्रेम-विवाह
पंडित पी. के. शास्त्री
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।
काम ना होने पर पैसे वापस
+91 99974 92579

शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन गिरावट, सेंसेक्स 571 अंक और टूटा

मुंबई (भाषा)। विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी बिकवाली, बॉण्ड पर ऊंचे प्रतिफल और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच सेंसेक्स और निफ्टी बृहस्पतिवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 570.59 अंक यानी 0.79 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,909.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,187.41 अंक तक टूटकर 71,292.88 अंक के नए 52-सप्ताह के निचले स्तर पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला निफ्टी 198.50 अंक यानी 0.88 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,421.95 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, आईटीसी, पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर और इटर्नल में सबसे अधिक गिरावट रही। वहीं, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचसीएल टेक और एचडीएफसी बैंक के शेयर बढ़त में रहे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 10,148.41 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की। बुधवार तक लगातार पांच कारोबारी सत्रों में एफआईआई 34,203.14 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेच चुके हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल 2.77 प्रतिशत बढ़कर 100.8 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

एलन कोटा में नीट-2027 की तैयारी के लिए स्पार्क प्रो बैच 12 अक्टूबर से

कोटा। एलन कोटा से नीट-यूजी 2027 की तैयारी के इच्छुक स्टूडेंट्स के लिए एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट ने स्पार्क प्रो कोर्स की घोषणा की है। एडमिशन्स शुरू हो चुके हैं, क्लासेज 12 अक्टूबर से शुरू होंगी। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा के प्रसीडेंट विनोद कुमावत ने बताया कि यह कोर्स 12वीं उत्तीर्ण कर चुके विद्यार्थियों के लिए तैयार किया गया है, जो नीट यूजी 2027 की तैयारी को बेहतर और व्यवस्थित तरीके से शुरू करना चाहते हैं। कोर्स में कम्पलीट फीजिक्स, कैमेस्ट्री, बॉयलोजी के साथ एनसीईआरटी सिलेबस करवाया जाएगा। एनसीईआटी बेस्ट स्टडी मटीरियल दिया जाएगा। पर्सनलाइज्ड मेंटरशिप और डाउट सालिविंग के साथ रेगुलर टेस्ट, स्पेशल क्वेश्चन बैंक और एआई-इनेबल्ड एप भी उपलब्ध करवाया जाएगा।



स्पार्क प्रो कोर्स में एडमिशन्स पर नीट यूजी-2026 के रिजल्ट्स के आधार पर 70 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप ऑफर की जा रही है। नीट-2026 में आल इंडिया रैंक 35 हजार तक के विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप के बाद इस कोर्स का शुल्क 15600 रुपए तक होगा। इसके अलावा एआईआर-2 लाख तक के स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप दी जा रही है। काउंसलिंग के बाद अब जो स्टूडेंट्स नीट-यूजी 2027 की तैयारी करना चाहते हैं, उनके लिए यह कोर्स विशेषरूप से अपनी परफोरमेंस बेहतर करने के लिए तैयार किया गया है।

शब्द पहेली - 6365



बाएँ से दाए

1. पावर हाऊस -5
4. दिमागी, कल्पित-4
7. हृदय-2
8. खोदना-3
9. प्रचार वाक्य, स्लोगन-2
10. नुकीला-4
11. कलिका-2
13. प्यारा, लाडला-3
14. विशिष्ट, विशेष-2
15. खर्च, उपभोग-3
17. नौका-2
19. नाम करण-2,3
22. चमकीला-5
25. महोदय (अंग्रेजी-2)
26. रनिवास, जनवासा-3
28. संध्या, सांझ-2
29. दलना, महीन करना-3
30. जस, सम्मान -2
32. कारागृह-4
34. आलाप, लय, सुर-2
36. पागल स्त्री-3
37. इंकार, मना-2
38. सराबोर, सना हुआ -4
39. वेश्या, तवायफ-5

ऊपर से नीचे

1. चूहे का घर-2
2. नेता-3
3. सार-संभार-2,3
4. आदर्श, कसौटी-3
5. छाती-2
6. अचरज भरा कार्य-4
7. हृदय को ठेस लगना-5
10. अनवरत वर्षा-4
12. जूं का अंडा-2
16. ओट, घूंघट-3
17. मां के पिता-2
18. दुख, कष्ट-2
20. राष्ट्रीय पक्षी-3
21. पत्र, लैटर-2
22. गुप्तचर, दूत-2
23. कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24. रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25. समयुगीन, समवर्ती-5
26. बंद, स्ट्राइक-4
27. सुरा, शराब-2
31. वचन, प्रतिज्ञा-3
33. बंदर-3
35. नथनी, नथिया-2
37. शहद-2

शब्द पहेली- 6364 का हल

ग	र	म	म	सा	ला	■	क	दा	चा	र
ती

एफसीआरए बिल पर वेणुगोपाल ने उठाए सवाल

जेपीसी के कामकाज पर जताई चिंता लोकसभा स्पीकर को पत्र भी लिखा

इसका संवैधानिक अधिकारों पर होगा बड़ा असर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर 'फॉरेन कंट्रीब्यूशन (रेगुलेशन) अमेंडमेंट बिल, 2026' की जांच कर रही जॉइंट पार्लियामेंट्री कमिटी (जेपीसी) के कामकाज पर चिंता जताई है। उन्होंने इस पर व्यापक बातचीत की मांग की है। एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में वेणुगोपाल ने एफसीआरए बिल, 2026 पर जेपीसी के कामकाज को लेकर लोकसभा स्पीकर को लिखे पत्र की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह एक बेहद संवेदनशील बिल है, जिसका अल्पसंख्यकों और सिविल सोसाइटी समूहों के संवैधानिक अधिकारों पर व्यापक असर पड़ेगा।

व्यापक फीडबैक और जांच प्रक्रिया अपनाई गई?



उन्होंने कहा कि जेपीसी का मकसद सभी संबंधित स्टेकहोल्डर्स से इनपुट लेना और दोबारा पेश करने से पहले ड्राफ्ट बिल की बारीकी से जांच करना था। वेणुगोपाल ने सवाल किया कि क्या व्यापक फीडबैक और जांच प्रक्रिया अपनाई गई है? हमारा मानना है कि जेपीसी से निकलने वाला कोई भी बिल त्रुटिहीन होना चाहिए और संसद को यह भरोसा होना चाहिए कि यह एक सघन परामर्श प्रक्रिया से गुजरा है। ऐसा सुनिश्चित किए बिना जेपीसी का कोई महत्व नहीं है और संसद के साथ धोखा है। वेणुगोपाल ने स्पीकर से आग्रह किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि कमेटी एक सघन परामर्श प्रक्रिया अपनाए, जिसमें एनजीओ, चैरिटेबल संस्थाओं, धार्मिक निकायों, स्वैच्छिक संगठनों, कानूनी विशेषज्ञों और राज्य सरकारों से लिखित सबमिशन और मौखिक साक्ष्य शामिल हों।

एसआईआर पूरा, सीईओ ने भेजा वीआरएस पत्र

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

देश के सीईसी और एसआईआर पर उपजे विवादों के बीच ओडिशा के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) आर. संथान गोपालन ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) के लिए आवेदन किया है। उन्होंने इसके पीछे निजी और स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया है और कहा है कि उनकी स्वैच्छिक सेवानिवृति का एसआईआर प्रक्रिया से कोई लेना-देना नहीं है।



गोपालन ने राज्य में एसआईआर पूरा होने के एक हफ़्ते बाद, बुधवार को अपना वीआरएस आवेदन सौंपा है। तमिलनाडु के रहने वाले गोपालन जुलाई 2024 से ओडिशा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। उनके पास आबकारी विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी है।

गांधी जयंती... अहमदाबाद में निर्माण तेजी से आगे बढ़ रहा

गांधी आश्रम में विशेष डिजाइन के बनेंगे 23 म्यूजियम

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

नए गांधी आश्रम का निर्माण तेजी से आगे बढ़ रहा है। परिसर में बनने वाले 23 संग्रहालयों को डिजाइन करने का ठेका म्यूजियम स्टूडियो को दिया गया है। यह जानी-मानी वैश्विक कंपनी है। पेरिस मुख्यालय वाली म्यूजियम स्टूडियो की 46 देशों में मौजूदगी है। कंपनी इस प्रोजेक्ट पर टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी इकोफर्स्ट सर्विसेज लिमिटेड के साथ मिलकर काम करेगी। इसके तहत ऐतिहासिक साबरमती आश्रम का पुनर्विकास, संरक्षण और विस्तार किया जाएगा। यह परियोजना प्रधानमंत्री की निगरानी में आगे बढ़ रही है।

गांधी ने साबरमती नदी के किनारे 60 एकड़ जमीन खरीदी थी



गांधी ने साबरमती नदी के किनारे 60 एकड़ जमीन खरीदी थी। यह जमीन केंद्रीय जेल और श्मशान घाट के बीच स्थित थी। 1917 में गांधी जी इस आश्रम में रहने आ गए थे। इसी साल गांधी ने बिहार के चंपारण से अपना पहला बड़ा सत्याग्रह शुरू किया था।

गांव स्तर पर शासन सुधारों, विकास प्राथमिकताओं पर होगा मंथन

नई दिल्ली। पंचायती राज मंत्रालय ने कहा कि दो अक्टूबर को देशभर में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें गांव स्तर पर शासन संबंधी सुधारों, प्रमुख सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और विकास प्राथमिकताओं पर चर्चा की जाएगी। विशेष ग्राम सभाओं के साथ जन योजना अभियान 2026-27 'सबकी योजना, सबका विकास' की शुरुआत भी होगी। ग्राम पंचायतें अपनी विकास योजनाएं तैयार करेंगी। ग्राम सभा की चर्चाओं में नागरिकों और स्थानीय प्रतिनिधियों को एक साथ लाया जाएगा।

जहाज में चोरी का प्रयास, 4 की मौत

मुंबई। मुंबई के गोराई इलाके में मनोरी बीच के पास फंसे विदेशी झंडे वाले एक जहाज में कथित तौर पर चोरी के प्रयास के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आने से 4 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया घटना दो से तीन दिन पहले हुई । उन्होंने बताया कि तेज हवाओं और भारी बारिश के कारण जहाज चार महीने पहले तट के पास फंस गया था।

बिना बताए केस हटाने पर भड़के सुप्रीम कोर्ट के जज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के जजों ने सीएपीएफ से जुड़े एक केस की लिस्टिंग को लेकर गहरी नाराजगी जताई। कोर्ट ने रजिस्ट्री के अजीब व्यवहार पर कड़ी आपत्ति जताई। जस्टिस उज्ज्वल भुइयां और जस्टिस अतुल चन्दुरकर की रेगुलर बेंच के सामने होने वाले इस केस को अचानक लिस्ट से हटा दिया गया। सबसे हैरानी की बात यह है कि मामले की सुनवाई के लिए तय बेंच को इस बदलाव के बारे में बताया तक नहीं गया। इसके अलावा, सरकारी वकील के उस तरीके पर भी गंभीर सवाल उठाए गए, जिसमें उन्होंने दूसरी पार्टी को बताए बिना सीधे भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के सामने मामला उठाया।

'पिछले दरवाजे वाला तरीका सीधा शक पैदा करता है'

सुप्रीम कोर्ट ने रजिस्ट्री से मांगी थी सफाई

इस मामले की सुनवाई बुधवार को जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की स्पेशल बेंच ने की। शुरुआत में इसे जस्टिस उज्ज्वल भुइयां और जस्टिस अतुल चन्दुरकर की बेंच के सामने लिस्ट किया गया था, लेकिन सुनवाई शुरू होने से ठीक पहले इसे अचानक लिस्ट से हटा दिया गया।

सीजेपी का आज मुंबई में प्रदर्शन

शिवाजी पार्क में दीपके के साथ नहीं होंगे पार्टी के 'बड़े चेहरे'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कॉकरोज जनता पार्टी (सीजेपी) मुंबई के शिवाजी पार्क में शुक्रवार को प्रदर्शन का ऐलान किया है। सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए सीजेपी आंदोलन करने जा रही है। हालांकि, मुंबई पुलिस ने अभी तक प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी है, लेकिन सीजेपी शाम 4 बजे गेट नंबर 6 पर बड़ी संख्या में लोगों को एकत्रित होने के लिए कह रही है। संयोजक अभिजीत दीपके, सह संयोजक आशुतोष रांका और सौरव दास भी मुंबई पहुंच चुके हैं। लेकिन कुछ ऐसे भी चेहरे हैं जो नीट पेपर लीक के खिलाफ दिल्ली में जंतर-मंतर पर हुए आंदोलन का अहम चेहरा था, लेकिन मुंबई में साथ नहीं दिखेंगे। ये नैतिक रूप साथ हैं और कई लोग दिल्ली में ही जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने वाले हैं। इनमें सोनम वांगचुक,मोहम्मद जुनैद,नेहा बोरा और योगेंद्र यादव शामिल हैं। ये आंदोलन का हिस्सा नहीं होंगे, फिर भी समर्थन करते रहेंगे।



मुंबई उच्च न्यायालय का सवाल

मुंडवा भूमि सौदे में पार्थ पवार को लाभ नहीं हुआ, 99% हिस्सेदार थी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र सरकार से मौखिक रूप से पूछा कि क्या उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार के बेटे पार्थ पवार मुंडवा भूमि सौदा मामले में लाभार्थी नहीं हैं, जबकि सरकारी जमीन को भारी रियायती कीमत पर खरीदने वाली कंपनी में उनकी 99 प्रतिशत हिस्सेदारी है। राज्यसभा सदस्य पार्थ 'अमाडिया एंटरप्राइजेज एलएलपी' में बहुसंख्यक हिस्सेदार हैं। इस कंपनी ने पुणे के पॉश मुंडवा इलाके में 40 एकड़ सरकारी जमीन उसके वास्तविक मूल्य से काफी कम कीमत पर खरीदी थी।



न्यायमूर्ति माधव जामदार ने कहा कि कंपनी में एक प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले व्यक्ति को मामले में आरोपी बनाया गया है, लेकिन जांच में पार्थ पर कोई बात नहीं की गई है। उनका नाम नहीं लिया गया है। अदालत ने यह सवाल पुणे के तहसीलदार सूर्यकांत येवले को गिरफ्तारी से पहले जमानत देते हुए उठाया।

एनसीईआरटी का नया पाठ्यक्रम

कक्षा नवमीं के छात्र पढ़ेंगे इनकम टैक्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एनसीईआरटी) ने कक्षा-9 के पाठ्यक्रम में व्यक्तिगत आयकर को शामिल किया है और ईमानदारी से कर चुकाने को नागरिकों का एक महत्वपूर्ण दायित्व बताने वाला संदेश भी दिया गया है। नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के छह महीने बाद, मंगलवार को 'अंडरस्टैंडिंग सोसाइटी इंडिया एंड बियॉन्ड-पार्ट 2' शीर्षक से किताब जारी की गई। पाठ्यपुस्तक का पहला भाग जून में जारी किया गया था। एनसीईआरटी प्रमुख दिनेश प्रसाद सकलानी के अनुसार, अब छात्र नई व्यवस्था के तहत कर स्लैब के हिसाब से आयकर की वास्तविक गणना को समझ सकते हैं – इस आयु के बच्चों (कक्षा 9) के लिए यह पहली बार है – और इसके साथ ही उन्हें शिक्षाप्रद जानकारी दी गई है।'ईमानदारी से और समय पर' कर चुकाना 'हर नागरिक का एक अहम दायित्व' है, जिससे देश का विकास होता है।



टैक्स की जानकारी सिर्फ गणना तक सीमित नहीं

पाठ्यपुस्तक में कहा गया है कि भारत आयकर की गणना के लिए स्लैब प्रणाली का पालन करता है, जैसा कि सारणी में दिखाया गया है। इसके बाद नई कर व्यवस्था के तहत कर स्लैब का एक चार्ट दिया गया है। इसे एक अप्रैल, 2023 से 'डिफ़ॉल्ट' कर व्यवस्था बना दिया गया, जिसका मतलब है कि करदाताओं को अपने-आप इसमें शामिल कर लिया जाता है, जब तक कि वे खास तौर पर पुरानी व्यवस्था को न चुनें। इस अध्याय में 'व्यक्तिगत वित्त स्तंभों' पर एक और खंड है, जिसमें हर स्तंभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है- जैसे आय, खर्चों की योजना, बचत, निवेश और सुरक्षा व जोखिम प्रबंधन।

खास खबर



केरल में वामपंथी कार्यकर्ताओं का मंत्री की कार पर पथराव



तिरुवनंतपुरम में युवा कांग्रेस, एसएफआई के 160 कार्यकर्ताओं पर केस

एजेंसी ▶▶| कन्नूर (केरल)

■ सीएम सतीशन ने सख्त कार्रवाई के आदेश दिए

केरल में चल रहे राजनीतिक तनाव के बीच, कन्नूर और कासरगोड में डीवाईएफआई और एसएफआई कार्यकर्ताओं द्वारा कई स्थानों पर खेल और युवा मामलों के मंत्री ओ. जे. जनीश के वाहन पर हमला किया गया। वहीं हमलावरों ने तलिपरम्बा के कुप्पम में मंत्री की गाड़ी को रोक लिया और पत्थर मारकर और हाथों से पीटकर कार को नुकसान पहुंचाया। सीएम सतीशन और गृह मंत्री रमेश चेन्निथला ने घटना के संबंध में सख्त कार्रवाई का आदेश दिया है। पहला विरोध सुबह तब हुआ जब मंत्री कन्नूर पहुंचने के बाद तलिपरम्बा में अपने पहले कार्यक्रम में शामिल होने के बाद तालुक हॉस्पिटल के पास से गुजर रहे थे। प्रदर्शनकारी पायलट गाड़ी के सामने कूद गए, मंत्री की कार की ओर दौड़े और गाड़ी को टक्कर मार दी। उधर तिरुवनंतपुरम में हुई झड़प के बाद पुलिस ने केएसयू/युवा कांग्रेस और एसएफआई/ डीवाईएफआई कार्यकर्ताओं के खिलाफ करीब 160 कार्यकर्ताओं पर केस दर्ज किए।

कांग्रेस ने मंत्री पर हमले की निंदा की

कांग्रेस ने मंत्री पर हमले की निंदा की और आरोप लगाया कि माकपा राज्य के शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ने की कोशिश कर रही है। हालांकि, डीवाईएफआई के नेताओं ने आरोप लगाया कि तिरुवनंतपुरम में विश्वविद्यालय के कॉलेज छात्रावास के पास हुई झड़प के लिए जनीश जिम्मेदार थे।

राहुल मानहानि मामले में सुनवाई फिर टली

सुलतानपुर (भाषा)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ सुलतानपुर की एक विशेष अदालत में चल रहे मानहानि मामले में बृहस्पतिवार को सुनवाई होनी थी, लेकिन वादी के अधिवक्ता के अस्वस्थ होने के कारण सुनवाई फिर टल गई।

यवतमाल सहकारी बैंक से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी की छापेमारी, 242 करोड़ की धोखाधड़ी की

मुंबई (भाषा)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन के एक मामले की जांच के तहत महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में बृहस्पतिवार को कई ठिकानों पर तलाशी ली। यह जांच एक स्थानीय सहकारी बैंक में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ी है। अधिकारियों ने बताया कि यह मामला यवतमाल के अवधूतवाड़ी थाने में बाबाजी दाते महिला सहकारी बैंक के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उसके कर्जदारों के खिलाफ दर्ज कई प्राथमिकी पर आधारित है। अधिकारियों ने कहा कि करीब नौ ठिकानों पर तलाशी ली गई।

शिवसेना (उबाठा) नेता की गोली मारकर हत्या

ठाणे (भाषा)। शिवसेना (उबाठा) नेता प्रदीप पूर्णेकर की यहां गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में उनके 26 वर्षीय बेटे राम पूर्णेकर ने पुलिस को दिए बयान में शहर की पूर्व महापौर मीनाक्षी शिंदे और उनके पति राजेंद्र शिंदे पर हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। पुलिस ने हत्या के सिलसिले में एक संदिग्ध हमलावर को गिरफ्तार किया है और एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में लिया है। घटना के बाद ठाणे में विरोध प्रदर्शन हुए थे।

पूर्व महापौर व उनके पति पर आरोप

जादू-टोने के संदेह में महिला से मारपीट

भद्रक (भाषा)। ओडिशा के भद्रक जिले में जादू-टोना करने के संदेह में 54 वर्षीय एक महिला के साथ कथित तौर पर मारपीट की गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह घटना 25 सितंबर को भद्रक ग्रामीण थाना क्षेत्र के बनितिया गांव में हुई थी लेकिन पीड़ित महिला ने छह दिन बाद बुधवार को इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई। महिला का आरोप है कि ग्रामीणों के एक समूह ने उनके घर में घुसकर मारपीट की और सामान को नुकसान पहुंचाया।

छह लोगों पर मामला दर्ज

साइबर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़, उत्तराखंड से तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली (भाषा)। दिल्ली पुलिस ने ऑनलाइन कार्य देने और क्रिप्टोकरेंसी में निवेश के नाम पर ठगी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को उत्तराखंड से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए आरोपियों की पहचान करन बिस्वास, मोहित सरकार उर्फ मोनू और विनय मंडल के रूप में हुई है। तीनों आरोपी उत्तराखंड के उधम सिंह नगर के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से दो मोबाइल फोन, एक बैंक की पासबुक और डिजिटल साक्ष्य बरामद किए गए हैं। आरोपी 'म्यूल' (कमीशन पर मिलने वाले) बैंक खातों और क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से ठगी की रकम को इधर-उधर करते थे। पुलिस ने बताया कि यह मामला एक पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर दक्षिण दिल्ली के साइबर थाने में दर्ज किया गया था। पीड़ित से सोशल मीडिया मंच 'टेलीग्राम' समूह के जरिए ऑनलाइन कार्य करने और क्रिप्टो करेंसी में निवेश पर मोटे मुनाफे का झांसा देकर 7,86,300 रुपये की ठगी की गई थी।

■ ऑनलाइन काम करने और क्रिप्टो करेंसी में निवेश पर मोटे मुनाफे का झांसा देते थे

सार्वजनिक सूचना

नगरपालिका महम: हरियाणा सरकार की अधिसूचना कमांक 9/57/2022 क II दिनांक 23.12.2022 के तहत बढाये गये क्षेत्र का सर्वे सूचना।

नगरपालिका महम के सभी नागरिकों/आमजन को सूचित किया जाता है, कि नगरपालिका महम सीमा में बढाई गई सीमा क्षेत्र में सम्पतिकर सर्वे का कार्य करवाया गया है। यदि किसी भी व्यक्ति की भूमि/मकान/दुकान/अन्य सम्पति का सर्वे नहीं हुआ है या कोई भी त्रुटि है, तो नगरपालिका कार्यालय महम में 1 अक्टूबर 2026 से 10 अक्टूबर 2026 तक कार्य दिवस में आकर अपनी प्रोपर्टी से सम्बधित दस्तावेज जमा करवा कर ठीक करवा सकते हैं। नगर पालिका प्रशासन ने आमजन से अपील की है, कि भविष्य की परेशानियों से बचने के लिए समय रहते अपनी त्रुटियों को दुरूस्त करवाना सुनिश्चत करें।

Sd/- Secretary
Municipal Committee, Meham (Rohtak)

दी महम सहकारी चीनी मिल्ज लिमिटेड, महम जिला रोहतक

चुनाव सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दी महम सहकारी चीनी मिल्ज लि०, महम की प्रबन्ध कमेटी (निदेशक मण्डल) के चुनाव के संबंध में (नये मॉडल बॉयलाज अनुसार) जोनल कमेटी की बैठक दिनांक 02.09.2026 में लिए गये निर्णय अनुसार मिल द्वारा गैर उत्पादक सदस्यों (सहकारी समितियाँ) की सूचियां तैयार की गई हैं। इन सूचियों को सम्बन्धित कार्यालयों जैसेः- दी महम सहकारी चीनी मिल महम, सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी समितियाँ रोहतक, सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां जीन्द, सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां हिसार एवं सहायक रजिस्ट्रार, समितियां भिवानी के सूचना पट्टों पर चस्पाया गया है।

प्रकाशित सूचियों में जिन अंशधारकों का नाम शामिल नहीं है, वे अपने शेयर खरीदने के मूल दस्तावेज सहित दी महम सहकारी चीनी मिल के शेयर सैक्शन कार्यालय में दिनांक 09.11.2026 तक जमा करवाना सुनिश्चित करें ताकि मिल द्वारा समयबद्ध तरीके से उनका निपटान किया जा सके।

हस्ता/- प्रबन्ध निदेशक

भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान तिरुपति

INDIAN INSTITUTE OF SCIENCE EDUCATION AND RESEARCH, TIRUPATI
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का एक स्वायत्त संस्थान / An Autonomous Institution of National Importance under the Ministry of Education, Govt. of India)
येर्पेडु मंडल - 517619, तिरुपति / Yerpedu Mandal - 517619, Tirupati.

पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश, जनवरी- 2027/Admission to Ph.D. Program, JANUARY-2027

आईआईएसईआर तिरुपति (www.iisertirupati.ac.in) जनवरी 2027 सत्र के लिए जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी, पृथ्वी और जलवायु विज्ञान, और मानविकी और सामाजिक विज्ञान में पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। शैक्षिक योग्यता, पात्रता मानदंड, चयन प्रक्रिया, ऑनलाइन आवेदन और जमा करने की अंतिम तिथि के विवरण के लिए, कृपया https://www.iisertirupati.ac.in/admission-phd/ देखें।

IISER Tirupati (www.iisertirupati.ac.in) invites online applications for admission to the Ph.D. programs in Biology, Chemistry, Physics, Earth & Climate Sciences, and Humanities and Social Sciences for the January- 2027 session. For details of educational qualifications, eligibility criteria, selection procedure, online application, and last date of submission, please visit: https://www.iisertirupati.ac.in/admission-phd/

Advt. No.82/2026/IISER-T/Admissions/25-09-2026

Sd/-निदेशक/Director

CBC 21377/11/0006/2627

उत्तर रेलवे

ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in**, के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

नीलामी काटलोग सं.	कार्य का विवरण	नीलामी तिथि व समय
UMB-Mix-42-2026	साइट प्लान के अनुसार, स्टेशन बिल्डिंग के पास सर्कुलेटिंग एरिया में 507 वर्ग मीटर का एक बड़ा पार्किंग लॉट और रामपुरा फूल (PUL) रेलवे स्टेशन के दूसरे एंट्री पॉइंट पर कुल 386.82 वर्ग मीटर का टू–व्हीलर पार्किंग लॉट है।	14.10.2026 12:00:00

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3419/2026

रजिस्ट्री सं0 डी0 एल0–33004/99 REGD.NO. D.L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.–डी.एल.–अ.–01102026–276657
CG-DL-E-01102026-276657
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग–II–खण्ड 3–उप–खण्ड (ii)
PART II-Section 3-Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 5161] नई दिल्ली, बुधवार, सितम्बर 30, 2026/आश्विन 8, 1948
No. 5161] NEW DELHI, WEDNESDAY, SEPTEMBER 30, 2026/ASVINA 8, 1948

रेल मंत्रालय
[उत्तर रेलवे (निर्माण संगठन)]
अधिसूचना
नई दिल्ली, 29 सितंबर, 2026

का.आ. 5369 (अ). – केन्द्रीय सरकार, रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 20क की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि लोक प्रयोजन के लिए, ऐसी भूमि का, जिसका संक्षिप्त विवरण इससे उपाबद्ध अनुसूची में दिया गया है, हरियाणा राज्य के पानीपत जिले में विशेष रेल परियोजना, अर्थात **'दिल्ली–पानीपत–अंबाला (198 कि०मी०) के बीच तीसरी एवं चौथी लाइन परियोजना'** के निष्पादन, अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के प्रयोजन के लिए अपेक्षित है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के लिए अपने आशय की घोषणा करती है;

उक्त भूमि में हितबद्ध कोई भी व्यक्ति, इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिन की अवधि के भीतर, उक्त अधिनियम की धारा 20घ की उपधारा (1) के अधीन उपरोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के अर्जन और उपयोग के संबंध में आक्षेप कर सकेगा;

प्रत्येक ऐसा आक्षेप सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् जिला राजस्व अधिकारी, पानीपत को लिखित में किया. जाएगा और उसमें उसके आधार उपवर्णित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आक्षेपकर्ता को या तो व्यक्तिगत रूप से या विधिव्यवसायी के माध्यम से सुनवाई का अवसर प्रदान करेगा और सभी ऐसे आक्षेपों की सुनवाई करने तथा ऐसी और जांच, यदि कोई हो, करने के पश्चात, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा, या तो आक्षेपों को अनुज्ञात या अननुज्ञात कर सकेगा;

उक्त अधिनियम की धारा 20घ की उप–धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई आदेश अंतिम होगा;

इस अधिसूचना के अधीन आनेवाली भूमि का रेखांकन और अन्य ब्योरे उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्ति द्वारा सक्षम प्राधिकारी के उपर्युक्त कार्यालय में निरीक्षण किया जा सकता है।

अनुसूची

हरियाणा राज्य के जिला पानीपत में विशेष रेल परियोजना, अर्थात, **"दिल्ली–पानीपत–अंबाला (198 कि०मी०) के बीच तीसरी एवं चौथी लाइन परियोजना"** का निर्माण करने के लिए अधिग्रहण की जाने वाली भूमि का अवसंरचना सहित या उसके रहित संक्षिप्त विवरण।

क्र0सं0	तहसील	ग्राम	खसरा संख्या	अर्जन हेतु रकबा (हे0 में)
1	समालखा	भोड़वाल माजरी	40//20	0.1167
2			40//11	0.0852
3			40//10	0.0850
4			40//1/3	0.0166
5			40//1/1	0.0687
6			40//1/2	0.0180
7			31//20/1	0.0202
8			31//20/2	0.0884
9			31//21/1	0.0910
10			31//21/2	0.0202
कुल				**0.6100**
1	समालखा	चुलकाना	28//20/1	0.0001
2			28//22	0.0471
3			30//2	0.0458
4			30//9	0.0359
5			30//12	0.0273
6			30//19	0.0454
7			30//22	0.0818
8			253	0.0090
9			60//2	0.0623
10			60//9	0.0638
11			60//12	0.0779
12			60//19	0.1111
13			60//22	0.1140
14			63//2	0.0888
15			63//3	0.0574
16			63//8	0.0565
17			63//9	0.0624
18			63//12	0.0140
19			96//2	0.0086
20			96//8	0.0836
21			96//13	0.1394
22			96//18	0.1322
23			96//23	0.1168
24			99//3	0.0835
25			99//8	0.0668
26			99//13	0.0179
27			99//14	0.0430
28			99//17	0.0551
29			99//24	0.0391
30			126//4	0.0246
31			126//7	0.0105
कुल				**1.8218**
1	समालखा	किवाना	99//1	0.0266
2			99//20	0.0279
3			99//11	0.0291
4			99//10	0.0270
5			99//21/1	0.0147
6			99//21/2	0.0152
7			102//20	0.0272
8			102//11	0.0214
9			102//10	0.0280
10			102//1	0.0254
कुल				**0.2424**
1	समालखा	मनाना	99//5	0.0230
2			99//6	0.0049
3			78//25	0.0349
4			78//16	0.0404
5			78//15	0.0419
6			78//6	0.0380
7			78//4	0.0293
8			78//5/1	0.0049
9			71//24	0.0504
10			71//17	0.0717
11			71//14	0.0750
12			71//7	0.0798
13			71//4	0.0853
14			53//18	0.0240
15			53//23/3	0.0001
16			53//23/4	0.0429
17			53//13/2/1	0.0178
18			53//13/2/2	0.0013
19			53//13/1	0.0039
20			53//9	0.0112
21			33//17	0.0027
22			33//25	0.0125
23			0//170	0.0139
कुल				**0.7098**
1	समालखा	करहंस	3//24	0.0431
2			9//4/2	0.0257
3			9//4/3/1	0.0057
4			9//4/4/2	0.0106
5			9//6	0.0422
6			9//15	0.0424
7			9//25	0.0007
8			8//21	0.0138
9			9//16	0.0262
10			340	0.2861
11			16//1	0.0189
12			16//10	0.0200
13			16//11	0.0016
14			16//12	0.0193
15			16//19	0.0179
16			16//22	0.0152
17			27//2	0.0033
18			27//24	0.0139
19			27//18	0.0180
20			27//13	0.0168
21			27//3	0.0146
22			27//8	0.0159
23			32//4	0.0138
24			131	0.0057
25			32//26	0.0275
26			32//15	0.0131
27			32//16	0.0108
28			32//25	0.0081
29			33//21	0.0088
30	समालखा	करहंस	52//2	0.0752
31			52//8	0.0663
32			52//13	0.0697
33			52//18	0,0759
34			52//24	0.0775
35			73//4	0.0788
36			73//7	0.0851
37			73//15/1	0,0809
38			73//16	0.0602
39			49//22	0.0740
40			49//19	0.0310
41			49//11/3	0.0114
42			49//11/2	0.0121
43			49//11/1	0.0076
44			49//10/2	0.0101
45			49//10/1	0.0148
46			49//1	0.0224
47			342	0.2297
कुल				**1.8425**
1	समालखा	मछरौली	3//21	0.0013
2			16//1/1	0.0053
3			16//1/2	0.0021
4			16//19/1	0.0057
5			16//19/2	0.0033
6			16//10	0.0040
7			327	0.2392
8			16//12	0.0028
9			16//22	0.0159
10			21//3	0.0239
11			21//8/1	0.0098
12			21//8/2	0.0299
13			21//13	0.0415
14			21//17	0.0380
कुल				**0.4227**
1	समालखा	झटीपुर	37//19	0.0439
2			37//12	0.0335
3			37//22	0.0437
4			11//20	0.0536
5			11//21	0.0331
6			37//1	0.0483
7			37//10	0.0364
8			41//3	0.0184
9			41//8/2	0.0137
10			41//8/1	0.0010
11			272	0.1347
12			66//6	0.0001
13			66//15	0.0043
14			66//16	0.0043
15			91	0.0047
16			126	0.0095
17			90	0.0009
कुल				**0.4842**
1	समालखा	दिवाना	36//11	0.0014
2			36//20	0.0129
3			41//23	0.0444
4			41//12/1	0.0086
5			41//19/1	0.0117
6			41//19/2	0.0300
7			41//12/2	0.0141
8			41//9	0.0255
9			41//1	0.0208
10			36//21	0.0192
11			91	0.0138
12			56//3	0.0444
13			56//14	0.0448
14			56//8	0.0446
15			56//17	0.0450
16			56//24	0.0453
17			59//5	0.0453
18			59//6	0.0457
19			59//15	0.0299
20			58//11	0.0044
कुल				**0.5517**
1	समालखा	सिवाह	173//5	0.0675
2			166//25	0.0504
3			166//17	0.0401
4			166//14	0.0189
कुल				**0.1769**
1	समालखा	काबडी	51//4	0.0034
2			51//7	0.0283
3			51//14/1	0.0121
4			51//14/2	0.0072
5			51//17	0.0608
6			51//24/2	0.0597
7			51//24/1	0.0078
8			74//4	0.1064
9			74//7/2	0.0043
10			74//7/1	0.0346
11			74//8/2	0.0547
12			74//14/2	0.0426
13			74//13	0.1167
14			74//18	0.0440
15			74//8/1	0.0185
16			741	0.1035
17			122	0.0134
कुल				**0.7181**
1	समालखा	सराय बछडा	1//25	0.0550
2			5//6	0.0361
3			5//15	0.0047
4			5//5	0.0549
कुल				**0.1507**
1	समालखा	निजामपुर	106	0.0403
2			105	0.0665
3			104	0.0679
4			103	0.0261
कुल				**0.2008**
1	समालखा	तरफ इंसार	119	0.2090
2			120	0.0518
3			122	0.0170
4			123	0.1210
5			144	0.0904
6			147	0.0349
7			148	0.0110
कुल				**0.5351**

[फा.सं. 190-W/Land/TKJ/DLI-UMB]
शैलेश कुमार मिश्रा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण
3418/2026

खबर संक्षेप

यूपीः शाहजहांपुर में 2 साधुओं की हत्या, लाश जलाई फिर खुलासा



शाहजहांपुर (उप्र)। शाहजहांपुर में एक शिव मंदिर में 2 साधुओं की हत्या कर दी गई। इसके बाद मंदिर में ही चिता बनाकर दोनों शवों को जला दिया गया। गुरुवार सुबह 7 बजे मंदिर से धुआं उठता देखकर गांववाले पहुंचे। एक साधु का शव जल रहा था। दूसरा जलकर कंकाल बन चुका था। दोनों शव एक-दूसरे से 10 मीटर दूर पड़े थे। घटना जिला मुख्यालय से 70 किलोमीटर दूर खुदागंज की है। साधुओं की पहचान बाबा गोपाल दास और बाबा बिहारी दास के रूप में हुई है। दोनों खुदागंज के सूथा गांव स्थित मंदिर में रहते थे। पुलिस ने साधु बिहारी दास के भतीजे सुमित सिंह को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि वह साधुओं को भगाकर मंदिर की जमीन पर कब्जा करना चाहता था। लाश जलते हुए 2 घंटे तक देखता रहा।

मौसम की मारः केदारनाथ में पारा माइनस 4 डिग्री पहुंचा

दिल्ली समेत 6 राज्यों से मानसून लौटा, यूपी के 26 गांवों में बाढ़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, यूपी, राजस्थान और दिल्ली समेत 6 राज्यों से मानसून की विदाई शुरु हो गई है। उत्तराखंड के 5 पहाड़ी जिलों में आज बारिश की संभावना है। किसी भी जिले के लिए कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है। वहीं, एक हफ्ते पहले हुई बर्फबारी के बाद आज केदारनाथ का तापमान माइनस 4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। यूपी में बारिश थमने के बावजूद नदियां उफान पर हैं। राजस्थान में कम बारिश के चलते अक्टूबर से ही दिन में तेज गर्मी होने लगी है। पिलानी, चूरू, गंगानगर, जैसलमेर, फलोदी में तापमान 37 से 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। नेपाल में हो रही बारिश से यूपी के गोंडा जिले के 26 गांवों में घाघरा नदी का पानी घुस गया है। बाढ़ से करीब 6 हजार लोग प्रभावित हैं। सड़कों पर नाव चल रही है। पानी में डूबने से 2 लोगों की मौत हो गई है।



केरलम में बारिश के चलते गर्मी से राहत, तीन जिलों में ऑरेंज अलर्ट

तिरुवनंतपुरम (भाषा)। केरलम के कई हिस्सों में बारिश होने से कई सप्ताह से बढ़ते तापमान से लोगों को राहत मिली, वहीं मौसम विज्ञान विभाग ने तीन जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। आईएमडी ने के लिए पत्तनमथिट्टा, कोट्टायम और इडुक्की जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने छह जिलों के लिए 'येलो अलर्ट' भी जारी किया है। राज्य के कई हिस्सों में गरज के साथ मध्यम बारिश और 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का पूर्वानुमान जताया है।

बिहार के 6 जिलों में बाढ़ से 2.03 लाख लोग प्रभावित



नेपाल में हो रही भारी बारिश के कारण गंडक, कोसी समेत कई नदियां उफान पर हैं। इससे बिहार में बाढ़ की स्थिति गंभीर होती जा रही है। 6 जिलों में बाढ़ से 2.03 लाख लोग प्रभावित हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश पर सारण जिले के पानापुर प्रखंड में ड्राई राशन के एयर ड्रॉप के लिए स्टेट हैंगर, पटना से हेलीकॉप्टर ने उड़ान भरी। सारण जिला प्रशासन की ओर से आज अतिरिक्त राशन पैकेट्स की मांग की गई थी। मुख्यमंत्री के शीघ्र कार्रवाई करते हुए गोरखपुर से हेलीकॉप्टर मंगवाया गया है।

गंडक नदी कई जगह उफान पर

सारण और मुजफ्फरपुर में तटबंध टूटे

संस्था के पहले अध्यक्ष अंग्रेज थे, 2 बार नाम बदलाः पीएम

यूपीएससी के 100 सालः यह गवर्नेंस तय करता हैः मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली





- यह संस्थान हर साल कराता है 250 परीक्षाएं
- 30 सितंबर से शुरू हुआ दो दिवसीय आयोजन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि विकसित भारत के लिए जिस तरह की गवर्नेंस चाहिए उसका माध्यम यूपीएससी है। इसमें भर्ती होने वाले युवाओं की 2 कसौटी होनी चाहिए।

पहली नेशन फर्स्ट और दूसरी सिटिजंस फर्स्ट। पीएम मोदी संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के 100 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में भारत मंडपम पहुंचे। उन्होंने आयोग से जुड़े 100 ऐतिहासिक फैसलों पर आधारित किताब का लोकार्पण किया।

विशेष डाक टिकट जारी

साथ ही शताब्दी स्मारक सिक्का और विशेष डाक टिकट भी जारी की। यूपीएससी हर साल इंजीनियरिंग, मेडिकल, डिफेंस समेत करीब 250 भर्ती परीक्षाएं कराता है। संस्था के पहले अध्यक्ष सर रॉस बार्कर (1926-32) थे। 100 के इतिहास में इसका नाम दो बार बदल चुका है।

1926 में नाम पब्लिक सर्विस कमीशन था, फिर 1937 में नाम फेडरल पब्लिक सर्विस कमीशन किया गया। 1950 में संविधान लागू होने के बाद यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन नाम दिया गया। यूपीएससी का शताब्दी समारोह 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को आयोजित हो रहा है।

पायलट की रिपोर्ट पर हाईकमान ने लिया फैसला

पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष का इस्तीफा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/चंडीगढ़

48 घंटे में होगा नए प्रमुख का होगा एलान





- पार्टी संगठन से प्रतिक्रिया मिलने के बाद निर्णय
- पंजाब में अगले साल की शुरुआत में विधानसभा के चुनाव होंगे

पंजाब में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने बड़ा बदलाव किया है। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष पद से राजा वड़िंग के इस्तीफे की अटकलों पर विराम लग चुका है। लुधियाना से सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। जानकारी के अनुसार, पंजाब कांग्रेस के नए प्रभारी सचिन पायलट की रिपोर्ट और आलाकमान के निर्देश के बाद यह घटनाक्रम सामने आया है।

जानकारी के अनुसार, पंजाब में एक या दो दिन के भीतर कांग्रेस नए प्रदेशाध्यक्ष की घोषणा कर सकती है। अध्यक्ष पद की रेस में विजय इंदर सिंगला, परगट सिंह, सुखविंदर रंधावा और चरणजीत सिंह चन्नी शामिल है। इस लिस्ट में विजय इंदर सिंगला का नाम टॉप पर हैं। हालांकि, वडिंग ने राज्य पार्टी नेतृत्व में संभावित बदलाव की अटकलों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। और कहा कि कुछ मामले अंदरूनी होते हैं।जब उनसे इस अटकल के बारे में पूछा गया कि क्या वह पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे सकते हैं, तो वडिंग ने कहा कि मैं किसी भी चीज पर टिप्पणी नहीं करना चाहता। सही समय आने पर मैं आपको बता दूंगा। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के समर्थकों ने उन्हें 2027 के चुनावों के लिए पार्टी के मुख्यमंत्री पद के चेहरे के रूप में पेश करने की मांग करते हुए नारे लगाए थे।

भूपेश की जगह सचिन पायलट बने प्रभारी

बता दें कि यह घटनाक्रम कांग्रेस द्वारा हाल ही में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की जगह सचिन पायलट को पंजाब के लिए पार्टी का महासचिव प्रभारी नियुक्त करने के बाद सामने आया है। कांग्रेस पंजाब में अंदरूनी मतभेदों से जूझ रही है, जिसमें अलग-अलग गुट अगले विधानसभा चुनावों से पहले अधिक महत्व पाने की कोशिश कर रहे हैं। वडिंग को पहले भी पार्टी के कुछ वर्गों से अपने प्रदर्शन और नेतृत्व को लेकर आलोचना का सामना करना पड़ा है।

टीएमसी के बैंक अकाउंट्स फ्रीज रहेंगेः सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (भाषा)। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को ममता बनर्जी नीत तृणमूल कांग्रेस गुट की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें लेन-देन पर रोक वाले चार बैंक खातों को संचालित करने की अनुमति देने का अनुरोध किया गया था। न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति पी. बी. वराले की पीठ ने कहा कि वह कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस आदेश में हस्तक्षेप करने की इच्छुक नहीं है, जिसमें याचिका को स्वीकार नहीं किया गया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने चुनाव चिह्न पर रोक लगाई है, इसलिए इन खातों में मौजूद राशि पर अधिकार किसका है, यह बड़ा मुद्दा अभी न्यायिक निर्णय के लिए लंबित है। पीठ ने कहा, "हम मामले के गुण-दोष पर विचार करने से परहेज कर रहे हैं। हम संविधान के अनुच्छेद 136 के तहत अपने अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करने के इच्छुक नहीं हैं।

कलकत्ता हाईकोर्ट जल्द सुनवाई करे

विस चुनाव के बाद दो गुटों में बटी पार्टी

ममता को कांग्रेस में लौटने का न्योताः अधीर रंजन

मुर्शिदाबाद (एजेंसी)। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने गुरुवार को ममता बनर्जी को दोबारा कांग्रेस में शामिल होने का न्योता दिया। मुर्शिदाबाद में उन्होंने ममता से कहा कि उन्हें बचे हुए टीएमसी विधायकों और सांसदों के साथ कांग्रेस में शामिल हो जाना चाहिए। चौधरी ने कहा कि कांग्रेस, बंगाल में ममता बनर्जी का नेतृत्व स्वीकार करने और उनके साथ काम करने को तैयार है। उन्होंने कांग्रेस हाईकमान से भी इस दिशा में कदम उठाने की अपील की। अधीर रंजन ने ममता बनर्जी से 6 अक्टूबर के नंदीग्राम विधानसभा उपचुनाव जैसी पहल करते हुए रेजीनगर में भी कांग्रेस उम्मीदवार को समर्थन देने को कहा। ममता बनर्जी ने 1998 में कांग्रेस से अलग होकर टीएमसी बनाई थी। 2011 में पार्टी ने लेफ्ट फ्रंट का 34 साल पुराना शासन खत्म किया था। टीएमसी 15 साल तक सत्ता में रही।



कहा- परिचम बंगाल में अपना नेता चुन लेंगे

ऑनलाइन फॉर्म-6 में गैरकानूनी तरीके से बदलाव हुआः राहुल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



राहुल गांधी ने नए वोटरों के रजिस्ट्रेशन के लिए इस्तेमाल होने वाले ऑनलाइन फॉर्म-6 में बदलाव को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि फॉर्म-6 में अवैध तरीके से बदलाव किया गया।

राहुल ने पूछा कि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को बदलाव करने का आदेश किसने दिया और कंपनी में इसे किसने मंजूरी दी। उन्होंने सवाल किया कि क्या टीसीएस पर कोई दबाव था। अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने 10 महीनों में फॉर्म-6 में अतिरिक्त जानकारी जोड़ने और एसआईआर से जुड़े फैसलों पर 14 बार आपत्ति जताई।

- बोले-टीसीएस को बदलाव का आदेश किसने दिया





चिंतन

दवा पर मुनाफे की सीमा निर्धारित करने का समय



मुद्दा
डॉ. अश्वनी महाजन

दवा कोई सामान्य बाजारू वस्तु नहीं है। जब किसी व्यक्ति को जीवन बचाने के लिए दवा की जरूरत पड़ती है तो उसके सामने कीमत और इलाज के बीच चुनाव की स्थिति नहीं होनी चाहिए। यदि किसी दवा की कीमत निर्माता से निकलने के बाद आपूर्ति श्रृंखला में कई गुना बढ़ जाती है तो यह केवल बाजार व्यवस्था का सवाल नहीं रह जाता, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और उपभोक्ता अधिकार का विषय बन जाता है। सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणी ने इसी गंभीर सवाल को देश के सामने फिर से ला खड़ा किया है। 29 सितंबर को दवा कीमतों से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने दवा के उस मूल्य अंतर पर कड़ी टिप्पणी की, जिसमें किसी दवा का खुदरा विक्रेता को मूल्य और पैकेट पर छपी अधिकतम खुदरा कीमत यानी एमआरपी के बीच बहुत बड़ा अंतर था। मामला एक आवश्यक कैंसर दवा का था जो खुदरा विक्रेताओं को करीब 2,700 रुपये में उपलब्ध कराई जा रही थी, जबकि उसका एमआरपी लगभग 27,000 रुपये था। अदालत ने इस अंतर को लेकर बेहद तीखे शब्दों का इस्तेमाल किया और केंद्र से पूछा कि 2013 के ड्रग्स प्राइस कंट्रोल ऑर्डर यानी डीपीसीओ में निर्धारित 16 प्रतिशत खुदरा मार्जिन सभी आवश्यक दवाओं पर लागू क्यों नहीं किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को केवल किसी एक दवा या कंपनी के संदर्भ में देखने के बजाय उस व्यापक व्यवस्था के संदर्भ में देखना चाहिए जिसमें दवा की कीमत तय होती है। भारत में आवश्यक दवाओं की कीमत नियंत्रित करने के लिए डीपीसीओ और नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी यानी एनपीपीए की व्यवस्था पहले से मौजूद है। आवश्यक दवाओं की सूची में शामिल दवाओं के लिए एनपीपीए अधिकतम कीमत तय करता है। इस कीमत की गणना में बाजार में उपलब्ध समान दवाओं के खुदरा विक्रेता मूल्य का औसत और 16 प्रतिशत खुदरा मार्जिन शामिल होता है। समस्या यह है कि सभी दवाएं इस व्यवस्था के दायरे में नहीं आतीं। डीपीसीओ मुख्य रूप से कीमत में 12 महीने में 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि पर रोक लगाता है। यही वह जगह है, जहां मौजूदा व्यवस्था पर सबसे बड़ा सवाल खड़ा होता है। यदि किसी दवा का शुरुआती एमआरपी ही वास्तविक लागत की तुलना में कई गुना अधिक तय कर दिया जाए तो बाद में कीमत बढ़ाने की सीमा 10 प्रतिशत रखना बहुत प्रभावी नियंत्रण नहीं रह जाता। ऊंची शुरुआती कीमत ही भविष्य की कीमतों का आधार बन जाती है। इसलिए सवाल केवल यह नहीं होना चाहिए कि किसी दवा की कीमत साल में कितनी बढ़ी, बल्कि यह भी होना चाहिए कि वह कीमत शुरू में तय कैसे हुई। सरकार को इस मुद्दे पर व्यापक नीति बनाने की जरूरत है। दवा उद्योग में अनुसंधान, नई दवाओं के विकास, गुणवत्ता नियंत्रण, आयातित कच्चे माल, उत्पादन, वितरण और निवेश की वास्तविक लागत होती है, लेकिन इन लागतों के नाम पर ऐसी कीमत भी उचित नहीं ठहराई जा सकती जिसमें मरीज और निर्माता के बीच मूल्य का अंतर असामान्य रूप से बढ़ जाए। इसलिए एक व्यावहारिक रास्ता यह हो सकता है कि जीवनरक्षक दवाओं के लिए एमआरपी और लागत के बीच उचित मार्जिन की पारदर्शी सीमा तय की जाए। इसमें निर्माता, वितरक, विक्रेता और अस्पताल समेत पूरी आपूर्ति श्रृंखला के मार्जिन को अलग-अलग देखा जाए। जहां किसी चरण पर असाधारण मुनाफा हो रहा हो, वहां सरकार को हस्तक्षेप का अधिकार होना चाहिए। विशेष रूप से अस्पतालों में बेची जाने वाली दवाओं के मामले में पारदर्शिता और जरूरी है।

मुफ्तखोरी क्या वैश्विक समस्या बनेगी

> भारत में मुफ्तखोरी योजनाएं, जिन्हें फ्रीबीज़ भी कहा जाता है, पिछले लंबे समय से एक आम बात हो चुकी हैं। मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त यात्रा से आगे बढ़ते हुए अब बात साइकिल, स्कूटी, मंगलसूत्र, लैपटॉप और टैब तक पहुंच चुकी है। राजनीतिक दल, जो पहले सैद्धांतिक रूप से फ्रीबीज़ का विरोध करते थे, वे भी बड़े पैमाने पर इस प्रकार की योजनाओं की घोषणाएं धड़ल्ले से करते हुए दिखाई दे रहे हैं। दिलचस्प बात तो यह है कि इन फ्रीबीज़ को जन-कल्याण के नाम पर अन्य प्रकार से औचित्यपूर्ण भी ठहराया जाता है। समझा जा सकता है कि कहीं न कहीं मुफ़्तख़ोरी की स्कीमों के कारण राज्यों पर कर्ज़ का बोझ बढ़ रहा है, जिसके चलते देश पर कर्ज का बोझ बढ़ा है।

भारत में मुफ्तखोरी योजनाएं, जिन्हें फ्रीबीज़ भी कहा जाता है, पिछले लंबे समय से एक आम बात हो चुकी हैं। मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त यात्रा से आगे बढ़ते हुए अब बात साइकिल, स्कूटी, मंगलसूत्र, लैपटॉप और टैब तक पहुंच चुकी है। राजनीतिक दल, जो पहले सैद्धांतिक रूप से फ्रीबीज़ का विरोध करते थे, वे भी बड़े पैमाने पर इस प्रकार की योजनाओं की घोषणाएं धड़ल्ले से करते हुए दिखाई दे रहे हैं। दिलचस्प बात तो यह है कि इन फ्रीबीज़ को जन-कल्याण के नाम पर अन्य प्रकार से औचित्यपूर्ण भी ठहराया जाता है। इसी प्रकार की फ्रीबीज़ की घोषणाएं कुछ अन्य देशों में भी देखने और सुनने को मिलने लगी हैं। कुछ दिन पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सभी व्यस्क लोगों (यानी मतदाताओं) को 5 हजार डॉलर देने की पेशकश की गई है, जिसमें शर्त यह है कि मध्यावधि चुनावों के मद्देनजर आप ट्रंप की पार्टी को वोट दीजिए। दिलचस्प बात यह है कि अमेरिका से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ी विभिन्न एजेंसियां भारत के प्रजातंत्र के बारे में टिप्पणियां तो करती ही हैं, भारतीय प्रजातंत्र में शांतिपूर्ण चुनाव एवं सत्ता हस्तांतरण, प्रेस, मीडिया और बोलने की स्वतंत्रता, स्वायत्त न्याय पालिका एवं अन्य संस्थाओं के बावजूद भारतीय प्रजातंत्र को अत्यंत निचले स्तर पर रेटिंग की जाती है।

अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा सीधे तौर पर वोट के बदले नोट देने की पेशकश, दुनिया में एक नई बहस को जन्म दे रही है कि क्या अब विकास, स्वच्छ प्रशासन, संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, आमजन के लिए सुविधाओं की बजाए फ्रीबीज़ के आधार पर प्रजातंत्र में मतदाता वोट डाला करेंगे। ऐसे में यदि सत्ता पाने के लिए राजनीतिक दल वोटरों को राशि देने की पेशकश करने में प्रतिस्पर्द्धा करने लगे तो उसका खामियाजा किसे भुगतना पड़ेगा। यह राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता यहां रुकने वाली नहीं है, यह नीचे राज्यों (स्टेट्स) तक जाएगी और वहां गवर्नर की रेस में लगे दल भी इसी प्रकार की पेशकश करने लगे, तो उसका असर जन सेवाओं पर कितना पड़ सकता है, इसका अंदाज भारत में इस प्रतिस्पर्धा से लगाया जा सकता है। भारत में मुफ्तखोरी योजनाओं की शुरुआत कहां से हुई, उसके बारे में चर्चा करते हुए यदि हम उसके प्रकार और फैलाव के बारे में देखते हैं तो ध्यान में आता है कि सरकारी खजाने पर इसका सर्वाधिक असर पंजाब, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, राजस्थान, केरल, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु आदि राज्यों में ज्यादा दिखाई देता है। भारत के महालेखाकार और अकेंक्षक (कैग) के अनुसार 2024-25 में पंजाब, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, और तमिलनाडु में कुल सरकारी खर्च के 13.5 प्रतिशत से ज्यादा इस प्रकार की योजनाओं में खर्च हो रहा था। हालांकि, तमिलनाडु और दिल्ली इन मुफ्तखोरी योजनाओं के खासे चर्चित उदाहरण रहे हैं, लेकिन इन राज्यों में सरकारी कर्ज सरकारी खातों में दिखाई नहीं देता, लेकिन यह इसलिए है कि दिल्ली में प्रति व्यक्ति सरकारी राजस्व, राष्ट्रीय औसत के दुगने से भी अधिक है। इसका अप्रत्यक्ष कारण यह है कि दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय भी राष्ट्रीय औसत के मुकाबले दुगनी से भी अधिक है। कमोबेश यही स्थिति तमिलनाडु की भी है। भारतीय जनता पार्टी इन मुफ्तखोरी योजनाओं का



सैद्धांतिक रूप से विरोध करती रही है। अन्य राजनीतिक दलों की मुफ्तखोरी योजनाओं के मद्देनजर अब यह पार्टी भी सत्ता के समीकरण अपने पक्ष में करने हेतु खुलकर इन मुफ्तखोरी योजनाओं की केवल घोषणा ही नहीं कर रही, बल्कि उनके फायदे भी गिना रही है। उदाहरण के लिए मध्य प्रदेश में लाडली बहन योजना, दिल्ली में मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना और कई अन्य राज्यों में इस प्रकार की योजनाएं चल रही हैं। हालांकि यह मुफ्तखोरी योजना ही है, लेकिन यह पार्टी की राजनीतिक मजबूरी भी कही जा सकती है।

दिल्ली की महिलाओं के लिए दी जाने वाली राशि केवल इसके लिए पात्र (ग़रीब) महिलाओं को ही मिलेगी। दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी द्वारा दी जा रही मुफ्त बिजली, पानी आदि की सुविधा को बरकरार भी रखा है। इन सभी मुफ्तखोरी योजनाओं का असर देश पर बढ़ते कर्ज के रूप में भी दिखाई देता है। गौरतलब है कि 2010-11 में देश पर सम्मिलित कर्ज केंद्र और राज्य जीडीपी का 65.6 प्रतिशत था। जिसमें केंद्र सरकार का कर्ज जीडीपी का 48.58 प्रतिशत और राज्यों का कर्ज जीडीपी का 23.5 प्रतिशत था। गौरतलब है कि देश पर सम्मिलित कर्ज आकलित करने के लिए केंद्र और राज्यों के आपसी लेनदेन को समायोजित किया गया है।

2024-25 में यह कर्ज बढ़कर जीडीपी के 81.9 प्रतिशत तक पहुंच गया। जहां केंद्र सरकार का कर्ज 48.8 प्रतिशत से बढ़कर 57.5 प्रतिशत तक पहुंचा, राज्य सरकारों पर कर्ज 23.5 प्रतिशत से बढ़ता हुआ 28.5 प्रतिशत तक पहुंच गया। जिन राज्यों द्वारा मुफ्त खोरी की योजनाओं को ज़्यादा अपनाया गया है, उन राज्यों का क़र्ज़ राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है। 2024–25 में, कई राज्यों पर उनके जीएसडीपी (राज्य की जीडीपी) के मुकाबले काफ़ी ज़्यादा कर्ज़ था। पंजाब में यह 47.3 प्रतिशत, हिमाचल प्रदेश में 44.0 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में 38.0 प्रतिशत, केरल में 37.0 प्रतिशत, राजस्थान में 36.0 प्रतिशत और आंध्र प्रदेश में 34.7 प्रतिशत। कर्ज़ का इतना ज़्यादा बोझ राजकोषीय गुंजाइश को सीमित करता है, ब्याज का बोझ बढ़ाता है और उत्पादक सार्वजनिक निवेश को रोक सकता है। आमदनी से ज्यादा खर्च और तदनुसार घाटे के बजटों ने देश पर कर्ज बढ़ाया ही है, लेकिन हाल ही में मुफ्तखोरी की योजनाओं के चलते यह गति और तेजी से बढ़ी है। गौरतलब है कि 2010-11 और 2018-19 के बीच देश पर कुल कर्ज 63.6 प्रतिशत से मामूली सा बढ़कर 66.5 प्रतिशत तक ही हुआ था। लेकिन पिछले मात्र 6 वर्षों में यह 2024-25 तक बढ़कर जीडीपी के 81.9 प्रतिशत तक पहुंच जाना वास्तव में चिंता का विषय है। यह भी सही है कि केंद्र सरकार की देनदारी में बड़ी वृद्धि कोरोना काल में हुई थी, जब 2019-20 और 2020-21 के दौरान केंद्र सरकार की देनदारियां जीडीपी के 62.9 प्रतिशत और राज्य सरकारों की देनदारियां 31.1 प्रतिशत तक पहुंच गई और दोनों की सम्मिलित देनदारियां 88.7 प्रतिशत तक पहुंच गई। हालांकि उसके बाद सम्मिलित लेनदारिया 81.9 प्रतिशत तक घट गई है, जिनमें केंद्र की देनदारियां 57.1 प्रतिशत हैं और राज्यों पर अभी भी ये 28.5 प्रतिशत बनी हुई हैं। ध्यातव्य है कि लेकिन अभी भी यह 2010-11 के 65.6 प्रतिशत से कहीं अधिक हैं।

समझा जा सकता है कि कहीं न कहीं मुफ़्तख़ोरी की स्कीमों के कारण राज्यों पर कर्ज़ का बोझ बढ़ रहा है, जिस के चलते देश पर कुल कर्ज का बोझ बढ़ा है। दुनिया में प्रजातंत्र का मजाक बना रही ये मुफ्तखोरी योजनाएं, देशों की बर्बादी की कहानी लिख रही हैं। इस संबंध में जनता से ही सशक्त आवाज़ उठने की ज़रूरत है, ताकि दुनिया को आर्थिक बर्बादी से बचाया जा सके।

(लेखक पूर्व प्रोफ़ेसर, दिल्ली विवि हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

गांधी जयंती विशेष

रोहित कौशिक



दिल में नफरत पालकर गांधी को नहीं समझा जा सकता

महात्मा गांधी को समझने के लिए हमारा हृदय निर्मल होना चाहिए। अपने दिल में नफरत पालकर हम गांधी को नहीं समझ सकते। आमतौर पर इस पढ़े-लिखे समाज में जब गांधी पर कोई चर्चा होती है तो उसमें हास्य का भाव ज्यादा होता है। लोगों को लगता है कि इस दौर में गांधी के आदर्शों को अपनाकर जिंदगी नहीं चल सकती। सवाल यह है कि गांधी के आदर्श क्या हैं ? सत्य, अहिंसा और ईमानदारी ही तो गांधी के आदर्श हैं। क्या हम अपने बच्चों को यह शिक्षा देते हैं कि खूब झूठ बोलो, लड़ाई-झगड़े करो और बेईमानी के रास्ते पर चलो। बेईमान व्यक्ति भी अपने बच्चों को सीधे तौर पर ऐसी शिक्षा नहीं देता है। यह बात अलग है कि बच्चे व्यावहारिक रूप से अपने पिता की बेईमानी देखकर उसी रास्ते पर आगे बढ़ने लगते हैं। हम अपने घर में भी बच्चों को अच्छा बनने की ही शिक्षा देते हैं।

फिर क्या कारण है कि हम गांधी के रास्ते को व्यावहारिक नहीं मानते हैं? गांधी का रास्ता हमें मुश्किल लगता है। समाज में अच्छाई का उपदेश देने वाले वाले साधु-संतों और मुल्ला-मौलवियों के आगे हम नतमस्तक हो जाते हैं, लेकिन सच्चे अर्थों में अच्छाई स्थापित करने की कोशिश करने वाले गांधी को हम हास्य के तौर पर क्यों देखने लगते हैं? क्या यह हमारा खोखला आदर्शवाद



नहीं है ? आमतौर पर यह कहा जाता है कि इस दौर में शांत रहकर गांधी के अहिंसा के सिद्धान्त को नहीं अपनाया जा सकता। अगर हम शांत रहेंगे तो इसे हमारी कमजोरी मान लिया जाएगा। गलत बातों का प्रतिकार करना और शांत रहना दो अलग बातें हैं। अगर हम शांत प्रवृत्ति के हैं और शांति व अहिंसा चाहते हैं तो इसका अर्थ यह नहीं है कि हम गलत बातों का प्रतिकार नहीं कर सकते। गांधी ने शांत रहकर अहिंसा के माध्यम से ही गलत बातों का प्रतिकार किया। क्या इस दौर में यह संभव हो सकता है ? इस दौर में यह मुश्किल जरूर है, लेकिन असंभव नहीं। शांति और अहिंसा की अपनी एक अलग शक्ति होती है। इस समय हमने ऐसा वातावरण बना दिया है कि हमारे लिए इस शक्ति को महसूस करना थोड़ा मुश्किल हो गया है। हम इतनी हड़बड़ी में हैं कि इस शक्ति को महसूस नहीं करना चाहते। हम हिंसा के माध्यम से दूसरे को तत्काल दबा देना चाहते हैं। आर्थिक समृद्धि ने हमारी मानसिकता में एक बड़ा परिवर्तन किया है। इस परिवर्तन से उपजे आत्मविश्वास के कारण हम हर किसी को देख लेने की धमकी देने लगे हैं। गांधी ने किसी को देख लेने की धमकी नहीं दी और अहिंसा के माध्यम से ही अंग्रेजों को देख लिया। अहिंसा के प्रयोग को हमने कमजोरी से जोड़ लिया है। हमें यह डर रहता है कि यदि हम अहिंसा के मार्ग पर चलेंगे तो कमजोर मान लिए जाएंगे। जब तक हम अहिंसा के प्रयोग से डरते रहेंगे तब तक अहिंसा की शक्ति को महसूस नहीं कर पाएंगे। हम यह नहीं समझ पाते हैं कि हिंसा की शक्ति तात्कालिक होती है, लेकिन अहिंसा की शक्ति दीर्घकालिक होती है। अगर हम दीर्घकालिक शक्ति के मार्ग पर चलेंगे तो कुछ समय बाद तात्कालिक शक्ति कमजोर हो जाएगी। जब लोग धीरे-धीरे अहिंसा की शक्ति समझने लगेंगे तो हिंसा के खत्म होने की संभावना बढ़ जाएगी। लेकिन इस प्रक्रिया के लिए धैर्य की जरूरत है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हमारे पास धैर्य की कमी है और हम गांधी पर यह आरोप लगाते हैं कि इस दौर में अहिंसा और ईमानदारी के माध्यम से कुछ संभव नहीं हो सकता।

इस दौर में भी गांधी प्रासंगिक है। गांधी के प्रति पूर्वाग्रहों के कारण ही यह कहा जाता है कि इस दौर में गांधी प्रासंगिक नहीं हैं। सवाल यह है कि एक जमाने में जिस गांधी के पीछे लाखों लोग हो लेते थे, आज उसी गांधी के बारे में नकारात्मकता का भाव क्यों है ? हमारे पुरखों ने गांधी में कुछ अच्छाइयां देखी होंगी, तभी उन्होंने गांधी पर भरोसा जताया। आज हम गांधी में बुराइयां ढूंढ़ रहे हैं। गांधी पर सवाल उठाना और स्वयं सवालों से बच जाना बहुत आसान है। दूर खड़े होकर गांधी को नहीं समझा जा सकता है। गांधी को समझने के लिए हमें गांधी के पास जाना होगा। कौन हैं वे लोग जिन्हें गांधी के पास जाने से डर लगता है? निश्चित रूप से हिंसक लोगों को गांधी के पास जाने से डर लगता है। ऐसे लोग ही डरकर गांधी पर विभिन्न आरोप लगाते हैं। आप अंदाजा लगा सकते हैं कि जो लोग गांधी जैसे अहिंसक और प्रेमी इंसान से भी डरते हैं वे कितने कमजोर लोग हैं। जाहिर है कि कमजोर लोग गांधी को नहीं समझ सकते। गांधी को समझने के लिए प्रेम की शक्ति चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

एक सप्ताह अपने लिए निकालें



संकलित
दर्शन

श्वास और मन पर ध्यान देने से हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) मजबूत होता है। यदि आप शिशुओं को देखें, तो पाएंगे कि वे अत्यंत संतुलित तरीके से श्वास लेते हैं। वे पूरे शरीर से श्वास लेते हैं-जब वे श्वास अंदर लेते हैं, तो पेट बाहर आता है, और जब श्वास छोड़ते हैं, तो पेट भीतर चला जाता है। पर जैसे-जैसे हम तनावग्रस्त होते हैं, यह प्रक्रिया उल्टी हो जाती है। ऐसी बातें कोई सिखाता नहीं, बस सजगता चाहिए। पर हमारा मन इतना व्यस्त, विचारों, निर्णयों और प्रतिक्रियाओं से भरा होता है कि हम प्रकृति की इन सूक्ष्म बातों को देख ही नहीं पाते। इसलिए साल में एक बार, एक सप्ताह अपने लिए निकालें, जैसे आप कार की सर्विसिंग कराते हैं। उस समय प्रकृति के साथ सामंजस्य में रहें, सूर्योदय के साथ उठें, हल्का और आवश्यक मात्रा में भोजन करें, व्यायाम करें, योग, प्राणायाम, कुछ समय मौन रखें और प्रकृति का आनंद लें। जब हम प्रकृति से जुड़ते हैं, तो हमारी पूरी प्रणाली पुनर्जीवित हो जाती है। हम ऊर्जावान, उत्साही और प्रफुल्लित अनुभव करते हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण है- जीवन में अधिक प्रसन्न रहना। चीजों को बहुत गंभीरता से न लें। थोड़ा सा आत्मज्ञान, अपने मन, चेतना और भ्रमों के मूल को समझना हमें जीवन को सुंदर बनाने में मदद करता है। हर व्यक्ति में सभी सद्गुण पहले से विद्यमान हैं, बस अज्ञानता की परतों से ढके हैं। हमें केवल उन्हें हटाना है और भीतर छिपे उन गुणों को प्रकट होने देना है।

गरीब विद्वान व राजा भोज बने भाई-भाई



संकलित
प्रेरणा

कई वर्ष पहले धार में राजा भोज का शासन था। उस राज्य में एक गरीब विद्वान रहता था। आर्थिक तंगी से घबराकर एक दिन विद्वान की पत्नी ने उससे कहा-आप राजा भोज के पास क्यों नहीं जाते? वह विद्वानों का बड़ा आदर करते हैं। हो सकता है आपकी विद्वता से प्रभावित होकर वह आपको ढेर सारा धन दे दें। विद्वान राजा के दरबार में पहुंचा। पहरेदार ने पूछा- आप कौन हैं? कहां जाना है? विद्वान ने कहा- जाओ राजा से कहो कि उनका भाई आया है। पहरेदार ने जब भोज को यह बात बताई तो... वह सोचने लगे- मेरा तो कोई भाई है नहीं है फिर कौन हो सकता है। कहीं कोई धूर्त तो नहीं। उनकी उत्सुकता जागी। उन्होंने विद्वान को बुलवा लिया। 'कैसे हुए भाई-भाई' भोज ने विद्वान से पूछा- क्या तुम मेरे भाई हो? किस नाते से? विद्वान ने कहा- मैं आपका मौसेरा भाई हूं। आपकी मौसी का लड़का। भोज ने पूछा- कैसे? मेरी तो कोई मौसी नहीं है। विद्वान बोला- महाराज। आप संपत्ति माता के पुत्र हैं और मैं विपत्ति माता का पुत्र। संपत्ति और विपत्ति बहनें हैं। इस नाते मैं आपका मौसेरा भाई हुआ न। यह सुनकर भोज बेहद प्रसन्न हुए। उन्होंने ढेर सारी स्वर्ण मुद्राएं विद्वान को दीं। फिर भोज ने पूछा- मेरी मौसी तो कुशल हैं न? इस पर विद्वान ने जवाब दिया- राजन, जब तक आपकी मौसी जीवित थीं, आपके दर्शन नहीं हुए थे। अब आपके दर्शन हुए तो आपकी मौसी स्वर्ग सिधार गईं। इस उत्तर से भोज को और भी प्रसन्नता हुई। उन्होंने विद्वान को गले से लगा लिया।

अंतर्मन



आज की पाती

भारत के समक्ष नई चुनौती

आज सोशल मीडिया हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, व्हाट्सऐप और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोग कुछ ही सेकंड में देश-दुनिया की जानकारी प्राप्त कर लेते हैं। सोशल मीडिया ने सूचना के आदान-प्रदान को आसान बनाया है, लेकिन इसके साथ कुछ गंभीर चुनौतियां भी सामने आई हैं। अब सूचना का इस्तेमाल केवल लोगों को जानकारी देने के लिए नहीं, बल्कि उनकी सोच और भावनाओं को प्रभावित करने के लिए भी किया जा सकता है। इसी कारण सूचना युद्ध आज राष्ट्रीय सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण विषय बन गया है। सूचना युद्ध का अर्थ है ऐसी सूचनाओं का इस्तेमाल करना, जिनके माध्यम से लोगों की सोच, भावनाओं, विश्वास और निर्णयों को प्रभावित किया जा सके। इसमें झूठी खबर, आधी-अधूरी जानकारी आदि शामिल हैं।

- मुकेश शर्मा, रेवाड़ी

ट्रेंड

नितेश को बधाई



एशियन गेम्स में पुरुषों की ग्रीको-रोमन 97 किलो कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीतने पर नितेश को बधाई। भारत के 64 साल के इंतजार को खत्म करते हुए, नितेश ने भारत के लिए एक अहम उपलब्धि हासिल की है।

- **योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उत्तरप्रदेश

सामाजिक न्याय



मोदी जी सामाजिक न्याय और समानता के खिलाफ़ हैं। उनका पूरा सिस्टम शिक्षा से नफ़रत करता है क्योंकि वे नहीं चाहते कि छात्र सोचें या सवाल पूछें। एक ट्वीट में, बाबासाहेब अंबेडकर की "एनिहिलेशन ऑफ़ कास्ट" (जाति का विनाश) जैसी ज़रूरी किताब के बारे में कहा गया कि ये युवाओं के दिमाग में "ज़हर" घोलती है।

-**राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

सम्मान और दाम



हरियाली सिर्फ़ खुशहाली की निशानी नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह हर घर-आंगन में फलनी-फूलनी चाहिए और यह तभी मुमकिन होगा जब किसानों, खेती, ग्रामीणों को उनकी मेहनत का सम्मान और दाम, दोनों मिलें। -**अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

एआई निष्पक्ष नहीं



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक ऐसी ताकत है जो बहुत बड़े पैमाने पर बदलाव ला रही है और मेरी नज़र में, करुणा भी कुछ ऐसी ही है। एआई कभी भी निष्पक्ष नहीं होता; यह हमारी कमियों, पूर्वाग्रहों और इरादों को अपनाकर उन्हें कई गुना बढ़ा देता है।

-**कैलाश सत्यार्थी,** नोबेल शांति पुरस्कार विजेता

करंट अफेयर

लाहौर में नेहरू पार्क के जीर्णोद्धार का काम शुरू



पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के लाहौर में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े ऐतिहासिक नेहरू पार्क के जीर्णोद्धार का काम शुरू हो गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। कृष्णा नगर इलाके में स्थित नेहरू पार्क उस स्थान पर बना है, जहां भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपने ऐतिहासिक लाहौर अधिवेशन के दौरान 31 दिसंबर, 1929 को 'पूर्ण स्वराज' का प्रस्ताव पारित किया था। इस प्रस्ताव में भारत के लिए पूर्ण स्वशासन और ब्रिटिश शासन से पूरी स्वतंत्रता की मांग की गई थी। उस समय कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू ने इस घोषणा के प्रतीक के तौर पर इसी स्थान पर भारतीय ध्वज फहराया था। पार्क्स एंड हॉर्टिकल्चर अथॉरिटी (पीएचए) के महानिदेशक अहमद उस्मान जावेद ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि सरकार ने ऐतिहासिक नेहरू पार्क का पूरी तरह जीर्णोद्धार करने का फैसला किया है और इस दिशा में काम शुरू हो गया है। उन्होंने कहा, 'बागवानी शाखा पार्क को नया रूप देने के लिए हरी-भरी घास और रंग-बिरंगे मौसमी फूल लगा रही है, जबकि इंजीनियरिंग टीम रात में रोशनी की व्यवस्था करने के साथ बेंच और बच्चों के झूले लगाएगी, ताकि इसे परिवारों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाया जा सके।'

ऑफ बीट

भूजल घटने से धंस रहे दुनिया के शहर, रोक सकते हैं प्रक्रिया



दुनिया के कई शहरों के नीचे मौजूद भूजल भंडारों से जरूरत से ज्यादा पानी निकाले जाने के कारण जमीन धंस रही है जिससे तटीय शहरों पर समुद्र के बढ़ते जलस्तर का खतरा और बढ़ रहा है। हालांकि, नए शोध के अनुसार भूजल भंडारों को फिर से भरने से जमीन के धंसने की प्रक्रिया को कुछ हद तक रोका जा सकता है। शोध में यह भी सामने आया कि भूजल की तेजी से बहाली और जमीन के ऊपर उठने की प्रक्रिया में भूमिगत भ्रंश रेखाएं (फॉल्ट लाइन) महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। भूमि का धीरे-धीरे नीचे धंसना दुनिया के कई बड़े शहरों के लिए चुनौती बन गया है। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता के कुछ हिस्से हर साल 10 सेंटीमीटर से अधिक धंस रहे हैं, जिसके कारण सरकार को शहर को स्थानांतरित करने की योजना बनानी पड़ी है। चीन के तटीय शहर तियानजिन में करीब 1.5 करोड़ लोग रहते हैं। यदि वहां जमीन के धंसने की रफ्तार इसी तरह जारी रही तो 2120 तक शहर की 15 प्रतिशत आबादी पानी की चपेट में आ सकती है। सैन डियागो से लेकर ईरान के प्रमुख शहरों तक कई जगह ऐसी ही स्थिति है, जहां भूजल का दोहन उसके प्राकृतिक रूप से दोबारा भरने की क्षमता से अधिक हो रहा है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

एशियाड हॉकी : पाकिस्तान को हराकर भारत फाइनल में

आखिरी मिनट में गोल दागकर अभिषेक ने दिलाई जीत

एजेंसी ▶▶| काकामिगाहारा

दूसरे हाफ में तीन गोल गंवाने वाली गत चैम्पियन भारतीय टीम लचर प्रदर्शन के बावजूद आखिरी मिनट में अभिषेक के गोल की मदद से बृहस्पतिवार को एशियाई खेलों की पुरूष हॉकी स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गई। भारत ने पहले हाफ में तीन गोल करके 3-0 से बढत बना ली थी लेकिन दूसरा हाफ पाकिस्तान के नाम रहा जिसने तीन गोल करके स्कोर 3-3 कर दिया। ऐसा लग रहा था कि मैच पेनल्टी शूटआउट तक जायेगा लेकिन आखिरी सीटी बजने से कुछ सेकंड पहले अभिषेक ने गोल करके भारत को फाइनल में पहुंचाया। फाइनल शनिवार को खेला जायेगा जिसमें भारत का सामना मलेशिया या कोरिया से होगा।

पहले हाफ के बाद भारत ने बनाई 3-1 से बढ़त

भारत ने आक्रामक शुरुआत की और 5वें मिनट में ही बढ़त बना दी। पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत सिंह ने गोल करके खाता खोल दिया। इसके बाद हरमनप्रीत ने ही 13वें मिनट पर पेनल्टी कॉर्नर को फिर गोल में तब्दील किया। इसके बाद सुखजीत सिंह ने 23वें मिनट में मैदानी गोल करते हुए स्कोर 3-0 किया। भारत के दबदबे के बाद दूसरे क्वार्टर में अबु मोहम्मद ने गोल किया। उन्होंने मैच के 30वें मिनट पर पेनल्टी कॉर्नर में गोल किया।



रोचक रहा दूसरा हाफ

तीसरे क्वार्टर के दौरान 36वें मिनट में पाकिस्तान ने बाएं छोर से गोल करने का प्रयास किया, जिसे भारतीय गोलकीपर ने अपनी मुस्तैदी से असफल किया। तीसरे क्वार्टर की समाप्ति से ठीक पहले शाहिद हनान ने एक गोल करके स्कोर 2-3 कर दिया। वहीं चौथे क्वार्टर की शुरुआत में पाकिस्तान से वाहिद राणा ने गोल करके स्कोर 3-3 से बराबरी पर ला दिया। मैच के आखिरी मिनट में अभिषेक ने गोल करते हुए भारत को 4-3 से जीत दिलाई।

1998 के बाद भारत के लिए हुआ ये कारनामा

भारतीय महिला हॉकी टीम पहले ही फाइनल में जगह बना चुकी है। ऐसे में 1998 के बाद यह पहला ऐसा मौका है, जब भारत की महिला और पुरुष दोनों हॉकी टीमें फाइनल में पहुंची थी। बता दें कि 1998 में हांगकांग खेलों में भारतीय पुरुष टीम ने दक्षिण कोरिया को पेनल्टी में हराते हुए स्वर्ण जीता था। वहीं, भारतीय महिला टीम को फाइनल में दक्षिण कोरिया के खिलाफ हार मिली थी।

भारत की पुरुष और महिला स्क्वाश टीम को कांस्य पदक

नागोया। गत चैंपियन भारतीय पुरुष टीम का बृहस्पतिवार को एशियाई खेलों की स्क्वाश प्रतियोगिता में अपना खिताब बचाए रखने का सपना टूट गया और सेमीफाइनल में मलेशिया से 1-2 से हारने के कारण उसे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय महिला टीम भी तन्वी खन्ना की शानदार वापसी के बावजूद हांगकांग से 1-2 से हार गई और उसने भी अपने अभियान का अंत कांस्य पदक से किया। महिला वर्ग में स्टार खिलाड़ी अनाहत सिंह की पहले मैच में हार निर्णायक साबित हुई। स्क्वाश में कुल मिलाकर भारत ने एकल में दो रजत पदक, टीम स्पर्धा में दो कांस्य पदक और मिश्रित युगल में एक कांस्य पदक के साथ अपना अभियान समाप्त किया।



सेफा. में सिर्फ तनवी ने ही जीता मैच

भारत से अनाहत सिंह हांगकांग के चान सिन युक से 2-3 से हार गईं। शुरुआती 2 गेम अनाहत ने 11-9, 11-8 से जीते, लेकिन इसके बाद चान ने वापसी करते हुए अगले 3 गेम अपने नाम किए। दूसरे मुकाबले में तनवी खन्ना ने बराबरी दिलाई। उन्होंने अपने से बेहतर रैंक वाली ली का यी के खिलाफ 3-1 से जीत दर्ज की। निर्णायक मुकाबले में अनुभवी जोशना चिनप्पा को हो जेलोक के खिलाफ 0-3 से हार का सामना करना पड़ा।

स्क्वाश में भारत ने जीता चौथा पदक

एशियाई खेल 2026 में यह भारत को स्क्वाश में मिलने वाला कुल चौथा पदक है। उनसे पहले पुरुष एकल के फाइनल में अभय सिंह को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। फाइनल में मलेशिया के एन यो एनजी ने अभय को 3-0 से हराया। अनाहत को भी महिला एकल वर्ग में रजत मिला। वहीं, जोशना चिनप्पा और वेलवन सेंथिलकुमार की मिक्स्ड डबल्स जोड़ी को सेमीफाइनल में हांगकांग के खिलाफ 1-2 से हार मिली और कांस्य पदक से संतोष किया।

भारत का सेपकटेकरा में पदक पक्का



नागोया। भारत का एशियाई खेलों की सेपकटेकरा पुरूष 'क्वाड्रेंट' स्पर्धा में पदक पक्का हो गया जब टीम म्यामांर को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई। भारतीय टीम ने अपना अजेय अभियान कायम रखते हुए ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने म्यामांर को 10-15, 15-13, 15-7 से हराया। इससे पहले वियतनाम को 15-12, 15-9 से मात दी थी। ग्रुप बी में इंडोनेशिया शीर्ष पर रहा। सेमीफाइनल शुक्रवार को खेला जायेगा।

फ्रांसिस और नोबल ने पुरुष स्किफ में रजत पदक जीता

गामागोरी सिटी। भारतीय जोड़ी मनु फ्रांसिस और कुरिसिंकल नोबल ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई खेलों की सेलिंग प्रतियोगिता में पुरुष स्किफ की नौवीं रेस में रजत पदक जीता। फ्रांसिस और नोबल ने नौ रेस के बाद कुल 23 अंक जुटाए और दूसरे स्थान पर रहे। दोनों भारतीय खिलाड़ी जो एर्नाकुलम के रहने वाले और आपस में ममेरे भाई हैं। चीन की जोड़ी ने 16 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। इस स्पर्धा में सबसे कम कुल अंक हासिल करने वाली टीम विजेता बनती है। चीन की टीम में वेन जैडिंग और लियू तियान शामिल थे। हांगकांग चीन के अकिरा ल्यूक साकाई और रसेल आयल्सवर्थ ने 24 अंक के साथ कांस्य पदक जीता।



क्या होता है स्किफ सेलिंग खेल

पुरुष स्किफ सेलिंग में प्रत्येक रेस में हासिल किए गए स्थान के आधार पर अंक दिए जाते हैं। पहला स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ी को एक अंक मिलता है और कुल अंक सबसे कम होने पर जीत दर्ज होती है। स्किफ छोटी और हल्की नौकाएं होती हैं।

विनाशकारी बाढ़ में खो गया नोबल का परिवार

केरल में 2018 की विनाशकारी बाढ़ के दौरान जान गंवाने वाले मछुआरे के बेटे नोबल ने कहा कि अपने पहले एशियाई खेलों में पदक जीतना विशेष एहसास है। नोबल ने फाइनल के बाद कहा यह कड़ी प्रतियोगिता थी और हमने रजत पदक जीत लिया।''दोनों मुंबई स्थित आर्मी यॉटिंग नोड में प्रशिक्षण लेते हैं। फ्रांसिस ने कहा, ''यह बहुत कठिन था। हवा तेज थी। हम तेज हवा वाली परिस्थितियों में ज्यादा सहज नहीं हैं। लेकिन हम टिके रहे और किसी तरह रजत पदक जीत लिया।

खबर संक्षेप



यिबिंग के खिलाफ हारे नागल टेनिस में अभियान समाप्त

नागोया। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल को बृहस्पतिवार को पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में चीन के वू यिबिंग के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा जिससे एशियाई खेलों में भारत का टेनिस अभियान बिना किसी पदक के समाप्त हो गया। यिबिंग ने 29 वर्षीय नागल को एक घंटे 38 मिनट चले मुकाबले में 6-4, 6-4 से हराया। इसके साथ ही भारत का टेनिस अभियान पदक के बिना समाप्त हो गया। यह 1986 के बाद पहली बार है जब भारत एशियाई खेलों में टेनिस का एक भी पदक नहीं जीत सका।

भारत की वनडे टीम में कंबोज टी-20 के लिए धीर शामिल



गुवाहाटी। तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को मुल्लांपुर में शनिवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले जाने वाले तीसरे और अंतिम वनडे के लिए चोटिल प्रसिद्ध कृष्णा के स्थान पर टीम में शामिल किया गया। राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने वेस्टइंडीज के खिलाफ छह अक्टूबर से लखनऊ में शुरू होने वाली पांच मैच की सीरीज के लिए भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम से ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर को भी बाहर करने का फैसला किया। यह फैसला न्यूजीलैंड के आगामी टेस्ट दौरे को ध्यान में रखते हुए लिया गया है और सुंदर अब तमिलनाडु के लिए कुछ रणजी ट्रॉफी मैच में खेलेंगे। कंबोज फिलहाल पुडुचेरी में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ चार दिवसीय मैच में भारत ए के लिए खेल रहे हैं।

नितेश ने रजत जीता, भारत का ग्रीको रोमन में चैंपियन का इंतजार जारी



नागोया। नितेश सिवाच को बृहस्पतिवार को यहां जापान के यूरी नाकाजातो से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा जिससे भारत का एशियाई खेलों में ग्रीको रोमन शैली के चैंपियन को देखने का लंबे समय से चला आ रहा इंतजार भी बढ़ गया। नितेश ने 97 किलोग्राम भार वर्ग के इस मुकाबले में शुरुआत से ही आक्रामक रवैया अपनाने की कोशिश की लेकिन जापान के पहलवान ने उनकी एक नहीं चलने दी। नितेश आखिर में 0-4 से हार गए। भारत की तरफ से ग्रीको रोमन



शैली में एशियाई खेलों में आखिरी बार स्वर्ण पदक 1962 में मालवा सिंह (52 किलोग्राम) और गणपत अंडालकर (97 किलोग्राम से अधिक) ने जीते थे।

ऐसा रहे दोनों के दांवपेंच

नाकाज़ातो ने पहले पीरियड के अंत तक 2-0 की बढ़त बना ली थी और अंत तक नितेश को 'हेड लॉक' पोजीशन में जकड़े रखा। स्थानीय खिलाड़ी ने इसके बाद नितेश का संतुलन बिगाड़ दिया और इस दांव को सफलतापूर्वक 'टेक डाउन' में बदलकर 4-0 की बढ़त हासिल कर ली। जब एक मिनट का समय बचा था तब भारतीय पहलवान को आक्रामक होने की जरूरत थी लेकिन जापान के पहलवान ने ऐसा नहीं होने दिया।

तीरंदाजी

गणेश ने व्यक्तिगत कंपाउंड तीरंदाजी में जीता कांस्य

एजेंसी ▶▶| नागोया

भारतीय कंपाउंड तीरंदाज गणेश मणि रत्नम थिरुमुरु ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष व्यक्तिगत स्पर्धा का कांस्य पदक जीता। बुधवार को स्वर्ण पदक जीतने वाली पुरुष टीम का हिस्सा रहे गणेश ने स्वर्ण पदक की दौड़ से बाहर होने के बाद कांस्य पदक के मुकाबले में वियतनाम के कोंग डुक डांग को 149-144 से हराया। भारत के 20 वर्षीय तीरंदाज ने कांस्य पदक के मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 में से 14 तीर 10 अंक पर लगाए। गणेश को सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के किम जोंगहो के खिलाफ



144-148 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था। भारतीय तीरंदाज मुकाबले में पिछड़ता रहा और अंततः 29-30, 29-30, 29-28, 29-30, 28-30 से हार गया। गणेश ने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चीह लुन चेन को 148-138 से हराया था। गणेश ने सभी पांच सीरीज में जीत दर्ज की। उनका स्कोर 29-28, 29-28, 30-29, 30-26, 30-27 रहा।

बल्लेबाज ने वक्त बर्बाद किया तो 5 रन की पेनल्टी महिला-पुरुष क्रिकेट में गेंद का वजन-साइज अलग

क्रिकेट के नियमों में कई बड़े बदलाव

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

आईसीसी ने गुरुवार को क्रिकेट के नियमों में बदलाव किए। अब बैटिंग के दौरान अगर कोई बल्लेबाज जानबूझकर समय बर्बाद करता है तो फील्डिंग टीम को 5 पेनल्टी रन मिलेंगे। पुरुष, महिला और जूनियर क्रिकेट में इस्तेमाल होने वाली गेंद के साइज और वजन की अलग-अलग सीमा तय की गई है। नए नियम 1 अक्टूबर 2026 या उसके बाद शुरू होने वाली इंटरनेशनल सीरीज पर लागू होंगे। जो सीरीज पहले से चल रही हैं, उनमें पुराने नियम ही लागू रहेंगे।

▶▶तीसरी गलती पर फील्डिंग टीम को 5 रन: अब बैटर को गेंद खेलने के लिए तय समय के भीतर तैयार रहना होगा। तीसरी गलती पर फील्डिंग टीम को 5 पेनल्टी रन दिए जाएंगे।

▶▶दिन के टेस्ट में पिंक बॉल का ट्रायल: अब दिन में खेले जाने वाले टेस्ट मैचों में भी पिंक बॉल का इस्तेमाल ट्रायल के तौर पर किया जा सकेगा।

▶▶पुरुष और महिला क्रिकेट में गेंद अलग होगी: पुरुष और महिला क्रिकेट के लिए गेंद के साइज और वजन की अलग-अलग सीमा होगी। पुरुषों की गेंद का वजन 156 से 163 ग्राम और साइज 22.4 से 22.9 सेंटीमीटर होगा। महिलाओं की गेंद का वजन 142 से 149 ग्राम और साइज 21.5 से 22 सेंटीमीटर होगा।

▶▶ओवरथ्रो नियम में बदलाव: अगर फील्डर गेंद को जानबूझकर स्टंप की ओर फेंककर रन रोकने या रन आउट करने की कोशिश करता है और गेंद आगे निकल जाती है, तो इसे ओवरथ्रो माना जाएगा।

▶▶रन आउट और स्टंपिंग के लिए गेंद पर पूरा कंट्रोल जरूरी: रन आउट या स्टंपिंग के मामले में अब सिर्फ गेंद को हाथ या ग्लव से छू लेना काफी नहीं होगा। फील्डर या विकेटकीपर के पास गेंद पर पूरा कंट्रोल होना जरूरी है।

▶▶आखिरी ओवर में विकेट गिरने से दिन का खेल खत्म नहीं: टेस्ट क्रिकेट में अब दिन के आखिरी ओवर में विकेट गिरने से खेल अपने आप खत्म नहीं होगा। अगर आखिरी ओवर पूरा नहीं हुआ है और मौसम तथा मैदान की परिस्थितियां खेल के लिए सही हैं, तो बची हुई गेंदें उसी दिन कराई जाएंगी, अगले दिन नहीं।

भारतीय जूडोका इनुंगम्बी कांस्य का मुकाबला हारीं

नागोया। भारतीय जूडोका इनुंगाम्बी टी एशियाई खेलों में महिलाओं के 70 किलोवर्ग में मंगोलिया की अनुजिन उरान उलजी से कांस्य पदक का मुकाबला हार गई। अनुजिन ने चार मिनट के मुकाबले के बाद वाजा आरी से जीत दर्ज की। मैच की शुरुआत में इनुंगम्बी ने अनुजिन के खिलाफ रक्षात्मक खेल दिखाया। वीडियो रिव्यू से स्कोरबोर्ड बदलने तक किसी भी खिलाड़ी ने स्कोर नहीं किया था, जिससे अनुजिन को फ्लिप के लिए युको मिल गया और मंगोलियन फाइटर 2-0 से आगे हो गई।



भारत सात अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया और 10 अक्टूबर को पाक से भिड़ेगा

वनडे विश्व कप 2027

भाषा ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अगले साल अफ्रीकी महाद्वीप में होने वाले पुरुष वनडे विश्व कप का कार्यक्रम बृहस्पतिवार को घोषित कर दिया जिसके अनुसार पिछली बार का उपविजेता भारत अपने अभियान की शुरुआत सात अक्टूबर को केपटाउन के न्यूलैंड्स स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा। शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम 10 अक्टूबर को जोहानिसबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी। भारत 14 अक्टूबर को सेंचुरियन (प्रिटोरिया, जिसे अब तशवाने के नाम से जाना जाता है) में अफगानिस्तान से भिड़ेगा, जिसके बाद 24 अक्टूबर को नवनिर्मित विक्टोरिया फॉल्स स्टेडियम में पानीसह-मेजबान जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच खेलेगा। भारत का मुक़ाबला 17 अक्टूबर को ब्लूमफ़ोनटेन में एक क्वालिफ़ायर से होगा। दोनों सेमीफाइनल मैच क्रमशः 17 और 18 नवंबर को केपटाउन और सेंचुरियन में खेले जाएंगे जबकि फाइनल 21 नवंबर को वांडरर्स स्टेडियम में खेला जाएगा। किसी भी टीम को फाइनल तक पहुंचने से पहले 11 मैच खेलने होंगे। फाइनल 12वां मैच होगा। भारत को ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, सह-मेजबान जिम्बाब्वे, अफगानिस्तान और क्वालीफाई करने वाली टीमों में से एक के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में इंग्लैंड, सह-मेजबान दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, बांग्लादेश, श्रीलंका और दूसरा क्वालीफायर शामिल हैं। ग्रुप लीग के चरण समाप्त होने के बाद, सुपर 7 टूर्नामेंट 25 अक्टूबर से शुरू होगा, जिसमें प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष तीन टीमें और दोनों ग्रुपों में से बेहतर स्थिति वाली चौथी टीम अगले चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत को ए1 श्रेणी में, ऑस्ट्रेलिया को ए2 श्रेणी में और पाकिस्तान को ए3 श्रेणी में रखा गया है। इंग्लैंड बी4 श्रेणी में है जबकि न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका क्रमशः बी1, बी2 और बी3 श्रेणी में हैं। यदि इनमें से कोई भी टीम क्वालीफाई करने में विफल रहती है, तो क्वालीफाई करने वाली टीम को स्वतः ही वह श्रेणी मिल जाएगी। मौजूदा आईसीसी वनडे रैंकिंग के अनुसार भारत को ए1 और पाकिस्तान को ए3 श्रेणी में रखा गया है, इसलिए यदि दोनों टीमें सुपर 7 के लिए क्वालीफाई करती हैं, तो वे सात नवंबर को केपटाउन में एक बार फिर आमने-सामने होंगी। उससे पहले भारत को 28 अक्टूबर को जिम्बाब्वे के विक्टोरिया फॉल्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने का मौका भी मिलेगा।

टीम इंडिया ने सेमीफाइनल में श्रीलंका को 124 रन से दी मात

भारत ने श्रीलंका को हराया, फाइनल में भारत-पाक में भिड़ंत कल

एजेंसी ▶▶| निशिन

कठिन पिच पर ईशान किशन के 46 गेंद में नाबाद 80 रन की मदद से भारत ने एशियाई खेलों के पुरूष क्रिकेट सेमीफाइनल में बृहस्पतिवार को श्रीलंका को 124 रन से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बना ली जहां सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा।

ईशान के 80 रन और वैभव सूर्यवंशी के 21 गेंद में 38 रन की मदद से भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर सात विकेट पर 169 रन बनाये। जवाब में श्रीलंका ने पावरप्ले के भीतर ही छह विकेट 31 रन पर गंवा दिये थे और पूरी टीम 9.5 ओवर में 45 रन पर आउट हो गई। जसप्रीत बुमराह ने पहली दो गेंदों पर ही दो विकेट ले लिये जिसके बाद अक्षर पटेल ने भी दो विकेट लिये। श्रीलंका के दो बल्लेबाज रन आउट भी हुए। श्रीलंका अब कांस्य पदक के लिये बांग्लादेश से खेलेगा जबकि भारत का सामना फाइनल में पाकिस्तान से होगा। दोनों मैच शनिवार को खेले जायेंगे।



किशन ने लगाया अपना 13वां अर्धशतक

टॉस हारकर पहले खेलते हुए भारत ने जब 59 रन के स्कोर पर अपना तीसरा विकेट खोया, तब किशन क्रीज पर आए। उन्होंने बल्लेबाजी के लिए कठिन नजर आ रही पिच पर श्रीलंकाई गेंदबाजों के खिलाफ आकर्षक शॉट लगाए और 33 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। वह 46 गेंदों में 4 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 80 रन बनाकर नाबाद रहे। यह उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 13वां अर्धशतक साबित हुआ।

निचले क्रम में सर्वोच्च पारी खेलने वाले भारतीय

किशन नंबर-5 या उससे निचले क्रम पर सर्वोच्च पारी खेलने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए। इस मामले में उन्होंने मनीष पांडे का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा। बता दें कि पांडे ने 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में नाबाद 79 रन बनाए थे। इस सूची में युवराज सिंह तीसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने 2013 में राजकोट में नाबाद 77 रन की पारी खेली थी। भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या (71 रन बनाम ऑस्ट्रेलिया, 2022) भी सूची का हिस्सा हैं।

खबर संक्षेप

अफगानिस्तान में 5.3 तीव्रता का भूकंप

काबुल। अफगानिस्तान में गुरुवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, सुबह 06:59 बजे रिक्टर स्केल पर 5.3 तीव्रता का भूकंप आया। इस भूकंप में किसी तरह के नुकसान की जानकारी नहीं है। अफगानिस्तान लगातार भूकंप के झटकों का सामना कर रहा है।



सीरिया में यात्री बस पर हमला, 7 की मौत

दमिश्क। सीरिया के उत्तर-पश्चिमी इलाके में बुधवार देर रात एक छोटी यात्री बस को निशाना बनाकर गोलीबारी की गई। हमले में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हुए। हमला पश्चिमी सीरिया के होम्स प्रांत में मस्याफ पुल के पास हुआ। हमले



चीन के शोध संस्थान कर रहे ब्रिटेन में जासूसी

लंदन। ब्रिटेन की सरकार ने ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों से चीन के एक शोध संस्थान के साथ सहयोग बंद करने को कहा क्योंकि ब्रिटेन की सुरक्षा एजेंसी एमआई5 का मानना है कि यह संस्थान जासूसी गतिविधियों के केंद्र के रूप में काम करता है। ब्रिटेन के सुरक्षा मंत्री डैन जार्विस ने यह जानकारी दी है। देश के शिक्षाविदों से 'चाइना जनरल टेक्नोलॉजी रिसर्च इंस्टीट्यूट' के साथ सभी तरह के सहयोग समाप्त करने को कहा। वहीं ब्रिटेन स्थित चीन के दूतावास ने इन आरोपों को खारिज किया।



जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में केंद्रीय मंत्री गोयल का स्पष्ट संदेश

भोजन सुरक्षा और सहयोग का माध्यम बना रहे घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी स्वतंत्र

एजेंसी ▶▶ मिलवॉकी

गोयल ने कहा कि खाद्य आपूर्ति श्रृंखलाओं के हथियारीकरण और देशों द्वारा अपनी घरेलू नीतिगत जरूरतों तथा खाद्य सुरक्षा को पूरा करने के लिए अपनाए गए वैध उपायों के बीच स्पष्ट अंतर किया जाना जरूरी है

भारत ने जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में कहा कि खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए देशों द्वारा उठाए गए वैध घरेलू कदमों को 'खाद्य के हथियारीकरण' के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने खाद्य और कृषि उत्पादों से जुड़े दबावपूर्ण व्यापार उपायों पर चर्चा के दौरान यह अंतर स्पष्ट करने की जरूरत बताई। मिलवॉकी में आयोजित जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में 'दबावपूर्ण व्यापार कार्रवाई के जरिए खाद्य के हथियारीकरण' विषय पर सत्र के दौरान गोयल ने भारत का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि साझा लक्ष्य यह होना चाहिए कि भोजन सुरक्षा, स्थिरता और सहयोग का माध्यम बना रहे। गोयल ने कहा कि खाद्य आपूर्ति श्रृंखलाओं के हथियारीकरण और देशों द्वारा अपनी घरेलू नीतिगत जरूरतों तथा खाद्य सुरक्षा को पूरा करने के लिए अपनाए गए वैध उपायों के बीच स्पष्ट अंतर किया जाना जरूरी है।

खाद्य और कृषि उत्पादों से जुड़े दबावपूर्ण व्यापार उपायों पर अंतर स्पष्ट करना जरूरी



जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

नई अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था की जरूरत: अमेरिका



जैमिसन ग्रीर

अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जैमिसन ग्रीर ने जी20 देशों से एक नए अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था के निर्माण में सहयोग करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि दशकों पहले तैयार किया गया वैश्विक व्यापार तंत्र आज अतिरिक्त उत्पादन, आर्थिक दबाव, जबरन मजदूरी और अन्य नई चुनौतियों से निपटने के लिए पर्याप्त नहीं है। ग्रीर ने चार प्रमुख मुद्दों पर खुली चर्चा की जरूरत बताई। इनमें खाद्य आपूर्ति का राजनीतिक इस्तेमाल, संरचनात्मक अतिरिक्त उत्पादन क्षमता, सर्वाधिक पसंदीदा राष्ट्र सिद्धांत और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में जबरन मजदूरी शामिल हैं। ग्रीर ने कहा कि जी20 की बैठक में शामिल देश नई अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था के संभावित निर्माता हैं। 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने के लिए ऐसी व्यवस्था की जरूरत है, जो मौजूदा वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप हो।



मेक्सिको के मंत्री मार्सेलो एब्रार्ड

ब्राजील और मेक्सिको के मंत्रियों से की भेंट

पीयूष गोयल ने ब्राजील और मेक्सिको के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। इन दोनों देशों पर अमेरिका की ओर से अपनाई गई शुल्क नीति का काफी असर पड़ा है। गोयल ने विस्कॉन्सिन के मिल्वॉकी में जी-20 व्यापार मंत्रियों की बैठक से इतर ब्राजील के व्यापार मंत्री मार्सियो फर्नांडो एलियास रोजा और विदेश मंत्री माउरो विएरा से मुलाकात की। उन्होंने मेक्सिको के अर्थव्यवस्था मंत्री मार्सेलो एब्रार्ड के साथ भी व्यापार और निवेश संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग बढ़ाने के मुद्दे पर चर्चा की।

भारत आएंगे स्विस राष्ट्रपति

5 अक्टूबर से तीन दिवसीय दौरा कई मुद्दों पर द्विपक्षीय चर्चा होगी



पार्मेलिन और पीएम मोदी फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाइ पार्मेलिन 5 से 7 अक्टूबर तक भारत की यात्रा पर रहेंगे। इस वर्ष यह उनका दूसरा भारत दौरा है। इस यात्रा के दौरान व्यापार, टेक्नोलॉजी और निवेश समेत कई अहम मुद्दों पर द्विपक्षीय बातचीत होगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रपति पार्मेलिन की यह भारत की पहली राजकीय यात्रा होगी और इस साल उनका दूसरा भारत दौरा होगा।

इससे पहले वह फरवरी 2026 में नई दिल्ली में हुए एआई इम्पैक्ट समिट में हिस्सा लेने के लिए भारत आए थे। इस यात्रा के दौरान उनके साथ वरिष्ठ अधिकारियों और कारोबारियों का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी होगा। इस यात्रा के लिए पीएम मोदी ने निमंत्रण दिया था। राष्ट्रपति पार्मेलिन भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करेंगे।

सहयोग की प्रगति की समीक्षा करेंगे

विदेश मंत्रालय बताया कि 5 अक्टूबर को पीएम मोदी और राष्ट्रपति पार्मेलिन के बीच द्विपक्षीय बातचीत होगी। दोनों नेता कई क्षेत्रों में भारत-स्विट्जरलैंड सहयोग की प्रगति की समीक्षा करेंगे। इनमें व्यापार, निवेश, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार, गतिशीलता और संस्कृति और जनसंपर्क जैसे क्षेत्र शामिल हैं। मंत्रालय ने बताया कि बैठक के दौरान दोनों नेता क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचार साझा करेंगे। इसके अलावा, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सहयोग को लेकर भी चर्चा होगी। राष्ट्रपति पार्मेलिन 7 अक्टूबर 2026 को दूसरे इंडिया-ईएफटीए प्रॉस्पेरिटी समिट में हिस्सा लेंगे। इस समिट का आयोजन भारत-ईएफटीए व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) के लागू होने की पहली सालगिरह के मौके पर किया जा रहा है। ईएफटीए देशों में स्विट्जरलैंड भारत का सबसे बड़ा व्यापार और निवेश साझेदार है।

प्रतिवर्ष जलस्तर 3.8 मिमी बढ़ रहा, कई गुना बढ़ेंगी आपदाएं

एजेंसी ▶▶ थाईलैंड



दुनिया के समुद्रों में रिकॉर्ड गर्मी का खतरा लगातार बढ़ रहा है। इसके चलते महासागरों का जलस्तर, अम्लता और समुद्री लू का संकट गहराता जा रहा है, जो आने वाले समय में पूरी दुनिया के लिए बड़ी मुश्किलें खड़ी कर सकता है। समुद्रों में ऑक्सीजन की कमी से जलीय जीव दम तोड़ने लगेंगे। वहीं, विनाशकारी तूफानों, बादलों के फटने और बेमौसम भारी बारिश की आवृत्ति कई गुना बढ़ जाएगी। कोपरनिकस ओशन स्टेट रिपोर्ट के 10वें संस्करण में इसका खुलासा हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल दुनिया के महासागरों में रिकॉर्ड 23 जेटाजूल गर्मी समा गई है। यह थर्मल एनर्जी मानव की ओर से उपयोग की जाने वाली कुल ऊर्जा से लगभग 40 गुना अधिक है। इस भारी गर्मी के कारण समुद्र का पानी अधिक गर्म, ऊंचा और रहने लायक नहीं रह रहा है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 1999 से समुद्र का जलस्तर प्रति वर्ष लगभग 3.8 मिलीमीटर बढ़ रहा है, जबकि 2012 से 2025 के बीच यह रफ्तार बढ़कर 4.2 मिलीमीटर प्रति वर्ष हो गई है। ग्रीनहाउस गैसों की वजह से रोकी गई अतिरिक्त गर्मी का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा और मानव जनित कार्बन डाइऑक्साइड का एक तिहाई हिस्सा अकेले समुद्रों ने ही सोखा है।

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का फैसला पलटा

अहमदाबाद धमाकों में आरोपी सदस्य की फांसी पर लगाई रोक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 2008 के अहमदाबाद बम धमाकों के मामले में इंडियन मुजाहिदीन के एक आतंकी की मौत की सजा पर फिलहाल रोक लगाने का आदेश दिया है। इन धमाकों में 56 लोगों की मौत हुई थी। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस एजी मसीह और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने अहमद बावा उर्फ अब्बू अबुबकर बरलेवी की याचिका पर गुजरात सरकार को नोटिस जारी किया है। बावा ने गुजरात हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें निचली अदालत द्वारा उसे सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा गया था। शीर्ष अदालत ने मामले में निचली अदालत का रिकॉर्ड भी तलब किया है। 7 जुलाई को गुजरात हाईकोर्ट ने 2008 के अहमदाबाद सिलसिलेवार बम धमाकों के मामले में इंडियन मुजाहिदीन के 38 सदस्यों को सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा था।

महिलाओं और बच्चों समेत 9 की मौत, 11 घायल

पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर की एयरस्ट्राइक

एजेंसी ▶▶ काबुल

अफगानिस्तान में पाकिस्तानी सैन्य कार्रवाई को लेकर तनाव बढ़ता जा रहा है। तालिबान के प्रवक्ता जुबैहुल्लाह मुजाहिद ने दावा किया है कि पाकिस्तान की एयरस्ट्राइक में कम से कम नौ अफगान नागरिकों की मौत हो गई, जबकि 11 लोग घायल हुए हैं। मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल बताए गए हैं। मुजाहिद के मुताबिक, बुधवार रात अफगानिस्तान के कुनार और हेलमंद प्रांतों में नागरिकों के घरों को निशाना बनाया गया। हमले में तीन मकान भी तबाह होने का दावा किया गया है। मुजाहिद ने इस कार्रवाई को आक्रामकता और अपराध बताते हुए इसकी निंदा की।

पाकिस्तान का दावा- आतंकी मारे



हवाई हमले में क्षतिग्रस्त अफगानिस्तानियों के घर

पाकिस्तान ने गुरुवार को दावा किया कि अफगानिस्तान में किए गए हवाई हमलों में कम से कम 22 आतंकवादी मारे गए हैं। पाकिस्तान के मुताबिक, सीमा पार आतंकियों के ठिकानों को खत्म करने के अभियान के तहत ये हमले किए गए।

प्रयागराज में रामभद्राचार्य पर चलेगा केस

प्रयागराज। तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य के खिलाफ प्रयागराज कोर्ट में केस चलेगा। रामभद्राचार्य के एक बयान के खिलाफ कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। बयान में जगद्गुरु ने कहा था- ऊंच कुल के ब्राह्मण अपनी बेटियां उपाध्याय, चौबे, त्रिगुणायत, दीक्षित और पाठकों को नहीं देते, क्योंकि हम इन्हें अधम मानते हैं। याचिकाकर्ता ने कहा कि रामभद्राचार्य की लोग पूजा करते हैं। वृंदावन में भागवत कथा के दौरान दिए उनके बयान के बाद उपाध्याय समाज को लोग बुरी नजर से देखने लगे। लड़के-लड़कियों की शादी में रुकावट आने लगी है। रामभद्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई जरूरी है।

दिल्ली में पकड़ा गया विदेश भेजने वाला फर्जी ऑफिस

नौकरी का वादा कर 46 लोगों से की ठगी 19 पासपोर्ट, 10 एटीएम और सोना बरामद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने इजराइल और इराक के वीजा और विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर कम से कम 46 लोगों से कथित तौर पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर उसके सरगना और एक सहयोगी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पश्चिम बंगाल निवासी अबीर पोइलान (45) और दिल्ली के संगम विहार निवासी मुस्तकीम (38) के रूप में हुई है।



जब्त पासपोर्ट, एटीएम और सोना

इजराइली वीजा 1.70 लाख में दे रहे थे

आरोपियों ने कथित तौर पर इजराइली का वीजा दिलाने के लिए प्रति व्यक्ति 1.70 लाख रुपए और इराक के वीजा के लिए 70,000 रुपए लिए और विदेश में नौकरी दिलाने का वादा किया। पोइलान के पास से ठगी की रकम से खरीदे गए 31 ग्राम सोने के सिक्के, 19 पासपोर्ट, 5 मोबाइल फोन, 3 कंप्यूटर, एक प्रिंटर बरामद हुआ।

भारत व फ्रांस की नौसेनाओं के बीच समुद्री अभ्यास 'वरुण' शुरू

दोनों देशों के नौसैनिकों के बीच दोस्ती मजबूत हुई

नौसेना के आईएनएस त्रिशूल ने दिखाई अपनी ताकत, लक्ष्यों पर की 'फायरिंग'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत और फ्रांस की नौसेनाओं के बीच होने वाला द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास 'वरुण' एक बार फिर दोनों देशों की मजबूत समुद्री साझेदारी का प्रतीक बना है। भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस त्रिशूल फ्रांस के टूलॉन बंदरगाह पहुंचा।

यहां भारतीय युद्धपोत ने अभ्यास 'वरुण' के 24वें संस्करण में हिस्सा लिया। अभ्यास में एनएच-90 हेलीकॉप्टरों और अटलांटिक-2 समुद्री गश्ती विमानों ने भी हिस्सा लिया। दोनों नौसेनाओं ने पनडुब्बी रोधी युद्ध, सतह पर मौजूद लक्ष्यों के खिलाफ अभियान और वास्तविक फायरिंग अभ्यास किए। इसके अलावा दोनों नौसेनाओं के हेलीकॉप्टरों की एक-दूसरे के जहाजों पर उतरने की गतिविधियां भी की गईं। इन अभ्यासों से समुद्र में दोनों नौसेनाओं के बीच संचालन क्षमता, तालमेल और आपसी समझ को और बेहतर करने का अवसर मिला।

जहाज को जल तोपों की सलामी

सबसे पहले टूलॉन पहुंचने पर फ्रांसीसी नौसेना ने आईएनएस त्रिशूल का गर्मजोशी से स्वागत किया। जहाज को औपचारिक जल तोपों की सलामी दी गई। इसके बाद बंदरगाह चरण में दोनों नौसेनाओं के बीच पेशेवर, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियां हुईं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य दोनों नौसेनाओं के बीच आपसी समझ, समुद्री सहयोग और पेशेवर संबंधों को और मजबूत करना था।

Divisa
Made in India
Pride of India

जो चलते है सच्चाई की राह पर,
उनके कदम हमेशा मज़बूत रहते हैं

बापू कहा करते थे ''जो शरीर इस देश की मिट्टी से बना है, रोग-शोक में उसका उपचार भी तो इसी मिट्टी से मिलेगा''

इसी क्रम में दिविसा परिवार का भी अटूट विश्वास है कि हम अपनी जड़ों से जुड़े रहकर ही सही अर्थों में स्वदेशी, आत्मनिर्भरऔर स्वावलम्बी बन सकते हैं। आइए, अपने भारत एवं खुद के भारतीय होने पर गर्व महसूस करें एवं साथ ही साथ 'आत्मनिर्भर भारत' की नेक पहल में भी भागीदार बनें। इसमें अपने बहुमूल्य योगदान की शुरूआत हम स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने से करेंगे।

दिविसा हर्बल्ज़ प्रा. लि. के चिकित्सकीय उत्पाद डा. ऑर्थो, रूप मंत्रा, पेट सफा, सच्ची सहेली, इचकू, आई मंत्रा एवं एक्यूमॉस इत्यादि इसी प्रतिबद्धता के साथ प्रस्तुत किए गए हैं कि हम अपने हर उत्पाद को सच्चाई के साथ मजबूत करेंगे एवं राष्ट्रीय तरक्की में भागीदार बनेंगे।

'स्वदेशी अपनाओ, राष्ट्रीय तरक्की में भागीदार बनो'

राष्ट्रपिता
महात्मा गांधी
के जन्म दिवस पर
शत-शत नमन

संजीव जुनेजा

Scan QR Code & Get Extra 10% Discount, Use Coupon Code 'SWADESHI'
24x7 Helpline: 7878977777
www.divisastore.com

डा.ऑर्थो 8 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों से बना डा. ऑर्थो आपके घुटने, कंधे, कमर, गर्दन एवं कलाई दर्द में सहायक आयुर्वेदिक औषधि है। जिसके परिणाम पहले दिन से दिखेंगे।

पेट सफा आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स एवं टेबलेट्स कब्ज, गैस, एसिडिटी जैसी परेशानियों को दूर करने में सहायक है। यह पहले दिन से असर दिखाता है, मुंह में चिपकता नहीं और इसकी आदत भी नहीं बनती।

रूप मंत्रा 12 प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से बनी रूप मंत्रा आयुर्वेदिक क्रीम, कैप्सूल, फेस वॉश, साबुन इत्यादि प्रोडक्ट संपूर्ण परिवार के लिए एक गुणकारी उपाय है। जोकि पूरी तरह सुरक्षित है।

सच्ची सहेली 67 दुर्लभ प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से बना सच्ची सहेली आयुर्वेदिक टॉनिक व टैबलेट नारियों के लिए विशेष उपयोगी है। यह रोग प्रतिरोधिक क्षमता बढ़ाने व अन्य सामान्य समस्याओं में सहायक उपाय है।

आई मंत्रा 12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियां के योग से निर्मित आयुर्वेदिक 'आई मंत्रा' आई ड्रोप आँखों की समस्याएं जैसे आँखों में थकान, जलन, दर्द होना आदि को कम करने में सहायता करता है।

PREMIUM प्रीमियम पेट सफा ग्रैन्यूल्स में शुद्ध अजवायन को पेट सफा के मिश्रण के साथ Special Coat किया गया है । यह इतना शुद्ध एवं आकर्षक है कि हर दाना अलग. अलग खनकता है ।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28